हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -07 ● अंक - 289 ● बुधवार 03 अप्रैल 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 ● पृष्ठ - 12 ● मूल्य : 2 रुपये

कांग्रेस का लोकतंत्र पर भरोसा नहीं, देश को अस्थिर करना चाह रही

एजेंसी। देहरादून

उत्तराखंड में सभी पांच लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुमाऊं मंडल के रुद्रपुर से अपनी चुनावी जनसभा की शुरुआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को लूटा है। कांग्रेस का लोकतंत्र पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है। उत्तराखंड में पहले चरण के मतदान के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुमाऊं मंडल के रुद्रपुर एक विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। जनसभा में आई भीड़ को देखकर प्रधानमंत्री बहुत खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि लग ही नहीं रहा कि यह प्रचार सभा है। यह विजय सभा जैसी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चिचिलाती धुप में यहां आकर आप लोग जो जन तपस्या कर रहे हैं, मेरा मानना है वह बेकार नहीं जाएगी। उन्होंने कहा उत्तराखंड का विकास करके इसे उसके सही स्वरुप में लौटाऊंगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन

रुद्रपुर रैली में मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर बोला हमला

की शुरुआत मां नंदा देवी की जयकारे से की। उन्होंने कहा कि देवभूमि के इस आशीर्वाद से अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि मिनी इंडिया का आशीर्वाद मिल रहा है। देवभूमि के ध्यान से ही मैं धन्य हो जाता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा हमें विकसित उत्तरखंड बनाना है। अभी बहुत काम करना हैं। पिछले 10 सालों में उत्तराखंड विकास के कनेक्टिविटी से जुड़ा है। इतना ही नहीं उत्तराखंड से पलायन भी रुक गया है। बाहर गए साथी वापस लौटने लग हैं। अभी बहुत कुछ करना बाकी है। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री विपक्षी गठबंधन पर जकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को लूटा है। कांग्रेस का लोकतंत्र में भरोसा नहीं है। कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है। राहुल गांधी का नाम लिए बगैर पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने ऐलान किया है कि अगर बीजेपी को तीसरी बार चुना तो देश में आग लग जाएगी। आज कांग्रेस तुष्टिकरण और अराजकता के दलदल में फंसी हुई है। कांग्रेस ने देश में घुसपैठियों को बढ़ावा दिया इतना ही नहीं भारत का एक द्वीप भी श्रीलंका को दे दिया। प्रधानमंत्री ने कहा 10 साल सत्ता से दूर रहने के बाद कांग्रेस अब देश में आग लगाने की बात कह रही है।

भाजपा ने नैतिकता के आधार पर केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा मांगा है। अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें कोर्ट से 9 बार मुंह की खाने के बाद नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने पूछा कि जब मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई तो उनसे इस्तीफा लिया गया, सत्येन्द्र जैन जेल गए तो उनसे भी इस्तीफा ले लिया गया। अब जब स्वयं अरविंद केजरीवाल जेल गए हैं तो जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। आज दोहरे मापदंड क्यों हैं। उन्हें भी इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है। लोकतंत्र में मर्यादा होती है। गौरव भाटिया ने कहा कि केजरीवाल सबसे पहले दिल्ली हाई कोर्ट गए और कहा कि ईडी से 9 समन आए हैं, उन्हें रोका जाए और उन्हें गिरफ्तार न किया जाए। हाई कोर्ट ने फाइलें देखने के बाद कहा कि शराब घोटाले में अगर कोई आरोपित है तो वे आप हैं। उन्हें बेल भी नहीं दी गई। दिल्ली की जनता अब कह रही है कि बहुत हो गया भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल ने राजनीति में पहला कदम रखा था तो कहा था कि अगर किसी पर आरोप लगे तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। अब क्या हुआ ? पहले राजनीति में आने पर कहा था कि भ्रष्टाचार खत्म कर दूंगा लेकिन आज भ्रष्टाचार में लिप्त हो गए। केजरीवाल ने कहा था कि सुरक्षा नहीं लूंगा, गाड़ी बंगला नहीं लूंगा लेकिन आपने शीश महल बना लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता है कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए बाबा को लगाई फटकार

एजेंसी। नई दिल्ली

योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण एक ऐसे मामले में फंस गए हैं जिसका उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। ये केस जब देश की शीर्षस्थ अदालत में पहुंचा तो दोनों के पास सिवाए हाथ जोड़कर माफी मांगने और गिड़गिड़ाने के कोई रास्ता नहीं बचा। मामला इतना गंभीर है कि सुप्रीम कोर्ट को याचिका की सुनवाई करते हुए यहां तक कहना पड़ा कि देश की सेवा का बहाना, आपके आचरण पर पर्दा नहीं डाल सकता। पतंजलि की तरफ से भ्रामक विज्ञापन के मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए और अपने आचरण के लिए माफी मांगी। हालांकि शीर्ष अदालत उनकी इस माफी से संतुष्ट नहीं हुआ और फटकार लगाते हुए अदालत के आदेश को गंभीरता से लेने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी में कहा कि 'आप देश की सेवा करने का बहाना मत बनाइए। सुप्रीम कोर्ट हो या देश की कोई भी अदालत। आदेश का

• बाबा रामदेव सुप्रीम कोर्ट के आगे गिड़गिड़ाए- बोले माफ कर दो साहब...

पालन होना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'रामदेव ने कोर्ट के आदेश के 24 घंटे के भीतर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विज्ञापन में आप प्रमोटर के तौर पर पेश होते हैं। अब 2 महीने के बाद अदालत के समक्ष पेश हुए हैं।' इस पर रामदेव के वकील ने कहा, 'भविष्य में ऐसा नहीं होगा। पहले जो गलती हो गई, उसके लिए माफी मांगते हैं।' इसके बाद रामदेव ने भी अदालत से माफी मांगी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट हो या देश की कोई भी अदालत। आदेश का पालन होना ही चाहिए। आप माफी भी सशर्त मांग रहे है?' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अवमानना की कार्यवाही करेंगे। माफी स्वीकार नहीं, आपने क्या किया है। उसका आपको अंदाजा नहीं है। इस पर रामदेव के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से हाथ जोड़ कर माफी मांगी। योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ अदालत की अवमानना के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की दो सदस्यीय बेंच ने मंगलवार को सुनवाई की। इन दोनों की तरफ से पेश वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हलफनामा दाखिल कर दिया गया है। इस पर बेंच ने पूछा कि रामदेव का हलफनामा कहां है ?सुप्रीम कोर्ट ने फिर पूछा कि क्या दोनों लोग पेश हो गए हैं। इस पर उनके वकील ने बताया कि दोनों लोग कोर्ट में मौजूद हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इनको दो हलफनामे दाखिल करने चाहिए थे, लेकिन एक ही किया गया है, दूसरा दाखिल नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हमने पहले कंपनी और एमडी को जवाब दाखिल करने को कहा था, जब जवाब नहीं दाखिल किया गया तब अवमानना नोटिस जारी किया।'सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और स्वामी बालकृष्ण की तरफ खेद जताने को लेकर नाराजगी जाहिर की।

ख़ास ख़बर

पशुपति पारस ने की जेपी नड्डा से मुलाकात, बिहार की सभी लोकसभा सीटों पर समर्थन का दिया भरोसा

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। पशुपति पारस ने मंगलवार को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद जेपी नड्डा ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कि एनडीए में हमारे सहयोगी एवं रालोजपा के प्रमुख पशुपति पारस से नई दिल्ली में आवास पर मुलाकात की। एनडीए सदस्य के नाते पशुपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार अच्छे कार्य किए। आने वाले चुनाव में भी हमारा गठबंधन मजबूती से बना रहेगा और उनकी पार्टी बिहार में एनडीए के सभी 40 उम्मीदवारों का पूर्ण समर्थन करेगी। साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने में हरसंभव सहयोग देगी।

कांग्रेस ने जारी की 17 उम्मीदवारों की 11वीं सूची, वाईएस शर्मिला को कडप्पा से टिकट

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की 11वीं सूची जारी की। इसमें चार राज्यों के 17 उम्मीदवारों के नाम हैं। आंध्र प्रदेश की कडप्पा लोकसभा सीट से वाईएस शर्मिला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। बिहार के किशनगंज से मोहम्मद जावेद, कटिहार से तारिक अनवर और भागलपुर से अजीत शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। इस सूची में बिहार की तीन, आंध्र प्रदेश की पांच, पश्चिम बंगाल की एक और ओडिशा की आठ सीटें हैं। बिहार की तीन सीटों में कटिहार से तारिक अनवर, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और भागलपुर से अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग सीट से डॉ. मुनीष तमांग पर भरोसा जताया है। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से एमएम पल्लम राजू, राजमुंद्री से जी. रूद्र राजू, बापटाला (एससी) से जेडी सीलम, कुरनूल से पीजी रामपुलैया यादव और कड्डुपा से वाईएस शर्मीला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह ओडिशा के कोरापुट से सप्तगिरी शंकर उल्का, बहरामपुर से रश्मिरंजन पटनायक, नबरंगपुर (एसटी) से भुजबल मांझी, कंधमाल से अमीरचंद नायक और कालाहांडी से द्रौपदी मांझी, बोलनगीर से मनोज मिश्रा, सुंदरगढ़ (एसटी) जनार्दन देहुरी, बारगढ़ (एसटी) से संजय भोई को टिकट दिया गया है।

बेटे वरुण गांधी से पूछो कि वो टिकट कटने के वाद क्या करना चाहते हैं : मेनका

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा नेता वरुण गांधी का पीलीभीत टिकट कटने के बाद कांग्रेस की टिप्पणी सामने आई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि वे गांधी होने की कीमत चुका रहे हैं। अधीर रंजन के बयान से कयास थे कि वरुण गांधी कांग्रेस में जा सकते हैं। हालांकि अभी तक इस तरह की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।वहीं बीजेपी सांसद मेनका गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र सुल्तानपुर की 10 दिवसीय यात्रा पर हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि वह बीजेपी का हिस्सा होने से काफी खुश हैं। यह पूछे जाने पर कि वरुण गांधी अब क्या करेंगे, उन्होंने

कहा, यह सवाल उनसे ही पूछें कि वह क्या करना चाहते हैं। हम चुनाव के बाद इस पर विचार करेंगे। अभी इस पर समय है।मेनका गांधी ने कहा, टिकट देने के लिए मैं अमित शाह, पीएम मोदी और नड्डा जी को धन्यवाद देता हूं। टिकट की घोषणा बहुत देर से की गई, इसलिए दुविधा थी कि मुझे कहां से लड़ना है? पीलीभीत से या सुल्तानपुर। उन्होंने कहा, पार्टी ने अब जो फैसला लिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं सुल्तानपुर वापस आई क्योंकि इस जगह का एक इतिहास है कि सुल्तानपुर में कोई भी सांसद दोबारा सत्ता में नहीं आया। बीजेपी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी के बजाय योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट दिया है। वरुण गांधी ने खुद इस मामले में जनता के नाम भावुक पत्र लिखकर कहा कि उनका पीलिभीत से रिश्ता आखिरी सांस तक खत्म नहीं होगा। अब इस मामले में वरुण गांधी की मां और सुल्तानपुर से बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी ने चुप्पी तोड़ी है। मेनका गांधी ने कहा कि वह बीजेपी में होने से खुश हैं। बेटे का टिकट कटने के सवाल पर कहा कि यह सवाल वरुण गांधी से ही पूछा जाना चाहिए कि वे क्या करना चाहते हैं?टिकट मिलने के बाद यह उनका सुल्तानपुर का पहला दौरा है। जिले के अपने 10 दिवसीय दौरे पर वह पूरे लोकसभा क्षेत्र के 101 गांवों का दौरा करेंगी। कटका गुप्तारगंज, तातियानगर, टेढ़ुई, गोलाघाट, शाहगंज चौराहा, दरियापुर तिराहा और पयागीपुर चौराहा आदि स्थानों पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मेनका गांधी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

तिहाड़ जेल के 112 वर्गफिट के बैरेक में कैदी नंबर 670 बने सीएम केजरीवाल

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब घोटाले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल पहुंच गए हैं। यहां उन्हे 112 वर्गफिट के बैरेक में कैदी नंबर 670 के तौर पर रखा गया है। सीएम को तिहाड़ के जेल नंबर 2 के वार्ड नंबर 3 में रखा गया है। यहां एक छोटी सी बैरक है, जो लगभग 14 फूट लंबा और 8 फूट चौड़ा है। इसी में टॉयलेट भी बना हुआ है। ऐसे में वहां पर रहना, खाना और सोना इतना आसान नहीं होता है, इसलिए नींद भी सही तरीके से नहीं आ पाती है।सफेद शर्ट पहने सीएम केजरीवाल सोमवार शाम करीब 4.45 बजे तिहाड़ जेल परिसर में दाखिल हुए और रिकॉर्ड के लिए उनकी

तस्वीर खींची गई। इसके बाद जेल सुरक्षाकर्मियों ने उनकी और उनके सारे सामान की भी जांच की, जिसके बाद उन्हें तिहाड़ के जेल नंबर 2 में ले जाया गया। जेल सूत्रों के मुताबिक, जेल नंबर 2 में सीएम केजरीवाल के बैरेक में सीमेंट का बनाया हुआ एक चबूतरा है, जिस पर बिछाने के लिए एक चादर, ओढ़ने के लिए कंबल और एक तकिया दिया जाता है। इसके अलावा 2 बाल्टी दी जाती है, एक बाल्टी में पीने का पानी रखा जाता है, जबकि दूसरी बाल्टी नहाने या कपड़ा धोने का पानी रखने के काम आती है। इसके अलावा एक जग भी दिया जाता है। तिहाड़ जेल के अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि सीएम केजरीवाल के शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर की नियमित जांच की जाए। वह अपने साथ शुगर जांच के लिए ग्लूकोमीटर रख सकेंगे। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अगर सीएम केजरीवाल का शुगर लेवल गिरे तो उन्हें तुरंत टॉफ़ी, ग्लुकोज़ और केले उपलब्ध करवाए जाए। इसके अलावा उन्हें पेन और नोट पैड भी मुहैया करवाने का निर्देश दिया गया है। वहीं तिहाड़ जेल से सरकार चलाने के मसले पर तिहाड़ सूत्रों का कहना है कि सीएम केजरीवाल पर जेल मैन्युल ही लागू रहेंगे, उन्हें कोई अन्य सुविधा नहीं दी जाएगी।

भाजपा से इस्तीफा देने के बाद सांसद अजय निषाद कांग्रेस में हुए शामिल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर से सांसद रहे अजय निषाद कांग्रेस में शामिल हो गए। मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया। निषाद ने आज सुबह ही भाजपा से इस्तीफा दिया था और दोपहर को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। इस मौके पर कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रकाश मोहन और बिहार के औरंगाबाद से विधायक आनंद शंकर सिंह और करहगर से विधायक संतोष मौजूद रहे। अजय निषाद को इस बार मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने टिकट नहीं दिया, जिससे वह नाराज चल रहे थे। अभी महा-गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के पास ही है। अजय निषाद कांग्रेस के टिकट पर महा-गठबंधन से मुजफ्फरपुर से प्रत्याशी हो सकते हैं। अजय निषाद 2014 से लगातार मुजफ्फरपुर के सांसद बने हुए हैं। 2014 में उन्होंने कांग्रेस के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को करीब दो लाख 22 हजार वोट से हराया था।

निमर्ला सीतारमण ने किया एक वीडियो में खुलासा

पीएम मोदी अपने सहयोगियों का कैसे रखते हैं ख्याल

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी देश की करोड़ों जनता के साथ अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों, सांसदों, पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का कैसे ख्याल रखते हैं। इसका खुलासा मोदी स्टोरी नाम के एक्स हैंडल पर देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एक वीडियो क्लिप शेयर किया गया है। जिसमें वह बता रही हैं कि पीएम मोदी किस तरह से अपने सहयोगियों का ख्याल रखते हैं। यह वीडियो खूब पसंद किया जा रहा है। निर्मला सीतारमण इस वीडियो में बता रही हैं कि एक नेतृत्वकर्ता कैसे अपने साथ के लोगों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने वीडियो में बताया कि वह उनका पहला पब्लिक स्पीच था, जो लगभग ढाई घंटे चला था। वह बजट स्पीच था। वह नहीं जानती थी कि यह कितना लंबा होने वाला था। उन्होंने बताया कि वहां पहुंचने से पहले पानी भी नहीं पिया और पूरे सेशन के दौरान भी पानी नहीं पिया था। इसकी वजह से उनके शरीर में पानी की कमी आ गई। सीतारमण ने आगे कहा कि लोगों को लगा कि पता नहीं कि मेरे साथ क्या गलत हो गया। उन्हें बिना पढ़े ही चुप रहना पड़ा, तब लगभग 4-5 पैराग्राफ बचे हुए थे और सीतारमण ने स्पीकर महोदय से कहा कि कृपया इसे पढ़ा हुआ मान लें, क्योंकि वह अब और नहीं पढ़ सकती हैं। सीतारमण ने आगे बताया कि वहां से वह घर नहीं

पहुंची और पीएम मोदी का फोन आ गया कि आपने क्या किया है, कृपया अपना ख्याल रखें। उन्होंने ऐसा कहा और फोन रख दिया और पीएम ने देखभाल के लिए अपने निजी डॉक्टर को भेज दिया। पीएम ने डॉक्टर से कहा कि आप उनकी सभी जांच करें और देखें कि क्या वह ठीक हैं। निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि और उसके बाद समय-समय पर आज भी वह मुझे याद दिलाते हैं कि क्या तुम अपना ख्याल रख रही हो। जबकि, उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं है। वह कहते हैं कि इतने सारे मंत्री हैं, यदि आप अपना ख्याल रखेंगे तो आप सेवा कर सकेंगे और यदि नहीं तो मुझे क्षमा करें। सीतारमण ने आगे कहा कि उन्हें परवाह है। लोग उन्हें एक सख्त, गंभीर, बड़े नेता के रूप में देखते हैं। लेकिन, उनमें वह मानवीय तत्व है, जिसे वह उजागर करना चाहती हैं।

संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत मिली है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को संजय की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किए और पूछा कि आखिर संजय को हिरासत में रखना ही क्यों जरुरी है? इसी के साथ



सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से सवाल किया कि संजय सिंह 6 माह से जेल में बंद हैं और उनके पास से कोई पैसा भी नहीं मिला है। इसके बाद भी ईडी संजय सिंह को हिरासत में रखना चाहती है। आखिर उन्हें हिरासत में रखना जरूरी क्यों है? आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान संजय सिंह के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील देते हुए कहा कि उनके खिलाफ न कोई बयान था न ही कभी चार्जशीट में बतौर आरोपी नाम लिया गया। महज 2 मौकों पर यह कहा गया कि एक करोड़ रुपये लिए गए। सुनवाई के दौरान ईडी ने जमानत याचिका का विरोध भी नहीं किया और इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत की तमाम शर्तें निचली अदालत तय करेगी। गौरतलब है कि आप नेता दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए फरवरी में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 7 फरवरी को जमानत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने हाईकोर्ट में दावा किया था कि संजय सिंह कथित घोटाले में प्रमुख साजिशकर्ता हैं और उन्हें अपराध से 2 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह को जमानत देकर बड़ी राहत प्रदान कर दी है।

नमो टी-स्टाल पर उमड़ी भीड़, कंगना रनौत पिलाई चाय

मंडी। भारतीय फिल्म अभिनेत्री जो अपने बेबाक बयानों की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से कंगना रनौत को अपना प्रत्याशी बनाया है। कंगना ने मंडी में भाजपा नेताओं व अन्य लोंगों को नमो-टी स्टाल में चाय पिलाई। इस टी स्टॉल पर कंगना को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में भाजपा ने नमो टी स्टॉल लगाया गया था। इस टी स्टॉल पर फिल्म अभिनेत्री और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पहुंची और वहां मौजूद भाजपा नेताओं और अन्य लोगों को चाय पिलाने के साथ खुद भी चाय की चुस्कियां का आनंद लिया। इससे पहले कंगना ने मंडी शहर के बाबा भूतनाथ मंदिर व माता सिद्ध काली मंदिर में पूजा अर्चना की। पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रुप में देखना चाहती है।

वीवीपेट की पर्चियों से मतों का मिलान करने को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

ईवीएम मशीन को लेकर विपक्षी दल लंबे समय से सवाल उठाते रहे हैं। यही नहीं वीवीपेट की पर्ची से मतों के मिलान करने की मांग भी उठती रही है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। दरअसल, शीर्ष न्यायालय में याचिका दाखिल हुई थी, जिसमें सभी वीवीपेट पेपर स्लिप की गणना या काउंटिंग की मांग की गई थी। इस संबंध में अदालत ने जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है

कि रेंडम यानी बगैर किसी विचार के 5 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन चुनने के बजाए सभी वीवीपेट की गणना होनी चाहिए। वकील और एक्टिविस्ट अरुण कुमार अग्रवाल की तरफ से शीर्ष न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। इसके अलावा इसी तरह की याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने भी दाखिल की थी। याचिका में चुनाव आयोग के उन दिशा निर्देशों को भी चुनौती दी गई है, जिसमें एक के बाद एक वीवीपेट वेरिफिकेशन की बात कही गई है। याचिका में कहा गया है कि अगर एक साथ वेरिफिकेशन किया जाएगा और गणना में ज्यादा अधिकारियों को तैनात किया जाएगा, तो वीवीपेट वेरिफिकेशन महज 5 से 6 घंटों में पूरा हो सकता है।याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सरकार ने लगभग 24 लाख वीवीपेट खरीदने के लिए करीब 5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, मौजूदा स्थिति में अनुमानित 20 हजार वीवीपेट की ही पर्चियों का वेरिफिकेशन हो पा रहा है। याचिका में कहा गया है कि कई विशेषज्ञ इस विषय में कई प्रश्न उठा चुके हैं और ईवीएम तथा वीवीपैट के मतों में बड़ी संख्या में विसंगतियों की सूचनाएं विगत में आती रही हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

समस्तीपुर पहुंची बुलेट रानी राजलक्ष्मी मंदा :नरेंद्र मोदी को तीसरीबार पीएम बनाने के लिए कर रही संकल्प यात्रा

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

समस्तीपुर, एजेंसी। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तमिलनाडु के मदुरई से बुलेट से संकल्प यात्रा करती हुई राजलक्ष्मी मंदा सोमवार शाम समस्तीपुर पहुंची। करीब 2551 किलोमीटर की यात्रा करती हुई राजलक्ष्मी समस्तीपुर पहुंची तो भाजपा के कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। बात दें कि उक्त महिला भाजपा की सदस्य नहीं है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी से काफी प्रभावित है। वह तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। जिस कारण वह संकल्प यात्रा पर है। समस्तीपुर जिला मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा राज लक्ष्मी का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारेबाजी भी की गई। मौके पर भाजपा के एमएलसी डॉ तरुण कुमार के अलावा भाजपा महिला सेल की कार्यकर्ता शामिल थे। समस्तीपुर में स्वागत के बाद बुलेट रानी दरभंगा के लिए अपनी यात्रा को लेकर आगे बढ़ गई।

13 राज्यों से गुजरती हुइ 18 अप्रैल को दिल्ली पहुंच समाप्त होगी यात्रा

वोट फॉर नेशन, वोट फॉर मोदी, नारा के साथ तमिलनाडू के मदुरई से 12 फरवरी को यह यात्रा शुरू की थी। इस दौरान वह करीब 21 हजार किलोमीटर की यात्रा करती हुई 18 अप्रैल दिल्ली पहुंचेगी। इस दौरान वह आध्रप्रदेश,तेलंगाना, कनार्टका, महाराष्ट्रा, गोवा, छत्तिसगढ, उड़िसा,झारखंड होने हुए बिहार में प्रवेश की है। उन्होंने कहा कि साशक्त भारत बनाने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों में काफी जोश है। लोग खुद ही आगे आकर कहते हैं इस बार नरेंद्र मोदी को ही वोर्ट करेंगे।

दरभंगा के लिए हुई रवाना

समस्तीपुर में भव्य स्वागत के बाद वह सड़क मार्ग से ही दरभंगा के लिए रवाना हो गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार के लोग बहुत प्यार और सम्मान दें रहे हैं।

पांच ने कटाई नाजिर रसीद, नामांकन एक भी नहीं

भागलपुर, एजेंसी। राज्य में दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए भागलपुर सीट से पांच और उम्मीदवारों ने नाजिर रसीद कटाई। अब तक कुल 18 अभ्यर्थियों ने रसीद कटाई है। सोमवार को रसीद कटाने वालों में बहुजन समाज पार्टी के नारायणपुर निवासी अजय कुमार रविदास, गोराडीह छोटी जमीन निवासी मनोहर प्रसाद सिंह, कंपनीबाग निवासी छोटेलाल कुमार, नाथनगर के राघोपुर टिकर निवासी उमेश प्रसाद यादव और गौराचौकी निवासी पिंटू कुमार गुप्ता ने निर्दलीय के रूप में पर्चा दाखिल किया। नामांकन के तीसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया। एनआर कटा चुकी कहलगांव की एक महिला समर्थक व प्रस्तावक के साथ नामांकन कोषांग तक पहुंची लेकिन अधूरे कागज की वजह से उन्हें वापस कर दिया गया। महिला ने एफिडेविट भी नहीं कराया था। गुरुवार को उनके पति ने भी रसीद कटाई थी। मंगलवार को अधिक संख्या में नामांकन होने की संभावना है। बता दें कि 4 अप्रैल तक ही नामांकन लिया जा सकेगा।

संक्षिप्त समाचार

अवैध बालू डंप पर मामला दर्ज, दो ट्रकों पर जुर्माना

भागलपुर/कजरैली, एजेंसी। रविवार देर रात विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण के नेतृत्व में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कनकैथी सिरकट्टी बहियार मे अवैध बालू डंप के खिलाफ छापेमारी की गई। पुलिस ने रात में करीब दस सीएफटी बालू जब्त किया। लेकिन सुबह जब खनन विभाग के पदाधिकारी पहुंचे तो वहां बालू नहीं मिला। छापेमारी कर पुलिस के लौटते ही बालू माफिया ने जब्त बालू को तितर-बितर कर दिया। जानकारी के अनुसार माफिया ने पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए अवैध डंप के सबूत को नष्ट कर दिया। क्षेत्र में चर्चा ये भी है कि बालू चोरी कर ली गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जगदीशपुर थाने का दो पूर्व दागी चौकीदार कजरैली और जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोड़ पर वसूली करते हैं। डीएसपी के निर्देश पर कजरैली थाने में बालू चोरी का मामला दर्ज किया गया है। वही सिमरिया लाइन होटल के पास बालू लदे दो ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया। डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया कि बालू लदे ट्रक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दो ट्रक जब्त कर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा गया है। जो जब्त बालू चोरी हुई है, उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

जयरामपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

भागलपुर/बिहपुर, एजेंसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिहपुर इकाई ने जयरामपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें वर्ष बिहार 2024 इंटरमीडिएट परीक्षा में 400 से अधिक अंक से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस बार का अधिकतम रिजल्ट लगभग 90 प्रतिशत रहा। सफल छात्र-छात्राओं में खुशी कुमारी 447 आयुष कुमार 417 पायल कुमारी 411 गुड़िया कुमारी 396 रोहित कुमार झा 386 अंजली कुमारी 374 मोहम्मद अब्दुल 349 निकिता कुमारी 334 निशु कुमारी 308 मौसम कुमारी 300 तथा अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंक अर्जित किये। मौके पर छात्र-छात्रा के अलावा शिवम, सचिन, सौरभ, चंदन, धर्मेंद्र, रोहित, नेहरू, गोपाल इत्यादि मौजूद थे।

कदवा में गरुड़ों के मछली खाने पोखर निर्माण का सर्वे

भागलपुर/ढोलबज्जा , एजेंसी। विलुप्त प्राय पक्षी गरुड़ों के मछली खाने के लिए प्रजनन स्थली कदवा में जगह-जगह पोखर निर्माण कर उसमें मछली पालन किया जाएगा। इसकी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भागलपुर की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। सोमवार को भागलपुर डीएफओ श्वेता कुमारी, रेंजर राजेश कुमार, पक्षी विद अरविंद मिश्रा, मछुआ विभाग भागलपुर के सिक्योरिटी, पोखर निर्माण के जेई ने कदवा पहुंचकर चार जगहों पर पोखर निर्माण का सर्वे किया। सर्वे का कार्य मवि खैरपुर कदवा की पोखर, प्रासपुर कदवा गांव के पश्चिम झिंगूर सिंह की जमीन, जंगली टोला के कोसी धार व खरीक के लोकमानपुर में किया गया। चार जगहों में से एकमात्र जंगली टोला कदवा के मारा कोसी नदी समीप जगह को चिन्हित किया गया। यहां जल्द पोखर बनेगा। गरुड़ गार्जियन नगीना राय ने बताया कि मौके पर गरुड़ सेवियर के साथ फॉरेस्ट गार्ड भी उपस्थित थे।

सुल्तानगंज- पति के अपहरण का मामला दर्ज

भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी। नगर परिषद क्षेत्र के गंगापुर निवासी महिला रेखा देवी ने तिलकपुर दियारा से पति का अपहरण करने का थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। महिला ने बताया कि 31 मार्च को दोपहर 12 बजे मैं व पति दोनों खेत में खेसारी उखाड़ने के लिए गये थे। तिलकपुर के रहने वाले 13 अपराधी पति व बेटे को मारा व बेटे के गले से चक्ती छीन लिया। सभी के हाथ में बंदूक व कट्टा था। पति को बंदूक के बल पर अपहरण कर लिया। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन ने बताया कि महिला के आवेदन पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर बरामदगी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

पिकअप की ठोकर से युवक हुआ घायल

केला लदा वाहन जा रहा था देवघर, रास्ते में पलटते हुए बाइक से टकराया

जमुई, एजेंसी। जमुई के चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर केला लदा एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। बेलगाम पिकअप पलटते हुए बाइक से टकरा गया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों ने घटना की सूचना चंद्रमंडी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए चकाई रेफरल इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान अब्दुल खालिक, मीरपुर थाना डीलारी जिला मुरादाबाद के रूप में हुई है। जो चकाई के वायरलेस चौक पर किराए के मकान पर रहकर फेरी का काम करते हैं। घटना चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के गोपीडीह मोड़ के पास की है। पुलिस पिकअप चालक रंजीत कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रंजीत यादव जमुई के सिकंदरा थाना के खेउसर गांव निवासी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप और बाइक को भी कब्जे में ले लिया है।

चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया

घटना के बारे घायल व्यक्ति के साथी मो.अंसार ने बताया कि हमलोग 8 लोग हैं। जो चकाई के वायरलेस चौक पर किराए के मकान पर रहकर फेरी का काम करते हैं। हर दिन सुबह-सुबह चादर और दरी का फेरी करने के लिए जाते है। सुबह देवघर की तरफ जा रहे थे। तभी तेजी गति में केला लदा पिकअप अनियंत्रित हो गया और बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अब्दुल खालिक को गंभीर चोट लगी है। उन्होंने बताया कि हमलोग मुरादाबाद से यहां आकर फेरी का काम करते हैं। घटना के बारे में चंद्रमंडी थाना अध्यक्ष सुबोध यादव ने बताया कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया है। चालक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

समस्तीपुर से 207 समेत मिथिला प्रक्षेत्र से कुल 573 बदमाश होंगे तड़ीपार

दरभंगा/समस्तीपुर , एजेंसी। मतदाता भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए मुकम्मल तैयारी जिले में की जा रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पुलिस पूरे एक्शन में आ गई है। मिथिला प्रक्षेत्र के डीआईजी बाबू राम ने कहा कि शांतिपूर्ण व भयमुक्त लोकसभा चुनाव को लेकर बदमाशों, असमाजिक तत्वों व वोट को प्रभावित करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दरभंगा प्रमंडल के दरभंगा, मधुबनी व समस्तीपुर में ऐसे 573 लोगों को तड़ीपार किया जाएगा। अब तक 115 को तड़ीपार किया गया है। वहीं जेल में बंद 16 अपराधियों पर सीसीए 12 के तहत कार्रवाई की गई है। इसमें समस्तीपुर में जेल में बंद 11, मधुबनी के 3 एवं दरभंगा मंडल कारा के 2 अपराधी हैं। मिली जानकारी के मुताबिक तड़ीपार के लिए दरभंगा जिले से 196, समस्तीपुर से 207 एवं मधुबनी से 170 लोगों का प्रस्ताव गया है, जिसमें अब तक दरभंगा के 7, समस्तीपुर के 66 व मधुबनी के 44 लोगों पर लोकसभा चुनाव के दौरान तड़ीपार की स्वीकृति दे दी गई है। डीआईजी ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए तीनों जिलों के एसएसपी/एसपी को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बीच चुनाव की तैयारी के साथ ही रामनवमी को लेकर भी तैयारी करने के लिए पुलिस अधिकारियों को कहा गया है। चुनावी वर्ष होने के बीच पर्व-त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई चल रही है। शराब माफिया और तस्करों की गिरफ्तारी के साथ शांति व्यवस्था और विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण की दिशा में पुलिसिंग की जा रही है।

2 कट्ठा जमीन के लिए पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

आरा में इसी जमीन के लिए अबतक 8 की गई जान; 2009 में 6 मर्डर

आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर में 2 कट्ठा जमीन के लिए पिता-पुत्र की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पिता को 4 गोलियां लगीं, जबकि बेटे के पेट में बुलेट लगने से उसकी मौत हो गई। इस जमीन के टुकड़े के लिए गांव के दो परिवारों में विवाद चल रहा है। 15 साल में अब तक 8 लोगों का खून बह चुका है। 2009 में दोनों पक्षों में 3-3 लोगों की हत्याएं हुई थीं, जिसमें एक महिला भी शामिल है। अब पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई है। वारदात उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव में मंगलवार सुबह हुई। मृतकों में रघुनीपुर गांव निवासी स्वर्गीय बली सिंह के बेटे रामाधार सिंह (65) और उनका बेटा मुकेश यादव (35) शामिल है। घटना को सूचना मिलने के बाद उदवंत नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

15 साल से विवाद चल रहा है

मृतक के बेटे जगेश ने बताया कि दो

कट्ठे जमीन को लेकर 2009 से गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। मंगलवार की सुबह जब पूरा परिवार खेत में गेहूं काट रहा था, तभी हथियार लेकर विनोद यादव और उसके बेटे अमन यादव, चमन यादव आ धमके। ताबड़तोड़ फायरिंग कर मेरे पिता के सिर में गोली और भाई के पेट में गोली मार दी। जगेश ने कहा इस दौरान उन लोगों ने मुझ पर भी फायरिंग की, लेकिन मैं वहां से अपनी जान बचाकर भाग निकला। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी परिचय कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी परिचय कुमार ने बताया कि काफी सालों से इन लोगों का विवाद चल रहा था, जब यह लोग खेत में काम कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुछ लोगों का नाम सामने आया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्दी सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। बताया जाता है कि मुकेश यादव अपने तीन भाई जगेश, भजेंद्र, फागुन और तीन बहन धनवती देवी, मानव देवी, शिकांति देवी में चौथे स्थान पर था। घर पर उसकी पत्नी देवी, दो बेटी प्रति और कृति और एक बेटा शिवम है।

13 साल से जेल में थे रामाधार सिंह, दो महीने पहले छूटे थे

2009 में जमीन को लेकर रामाधार सिंह के भाई राम सेवक सिंह, संतोष कुमार (भतीजा) और बहू की अपहरण कर गोली मारकर हत्या हुई थी। जिसके बाद दूसरे पक्ष के शिव मंगल, काशीनाथ, ललन सिंह की गोली मार कर हत्या हुई थी। इस मामले में 2009 से रामाधार सिंह जेल में थे। 13 साल बाद दो महीने पहले वो जेल से छूट कर आए थे।

रोहिणी आचार्य ने लालू-राबड़ी का आशीर्वाद लेकर शुरू किया चुनाव अभियान



पटना , एजेंसी। रोहिणी आचार्य ने आज चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को लालू और राबड़ी से आशीर्वाद लिया। पटना में उन्होंने कहा कि अभी मैं जनता के बीच जा रही हूं। हरिहरनाथ और मां-बाप, सास-ससुर का आशीर्वाद मिला है। रोहिणी सारण से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने की पुष्टि भी कर दी है। हालांकि अभी आधिकारिक रूप से पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। एक दिन पहले उन्होंने सोनपुर में परिवार के साथ हरिहरनाथ मंदिर में पूजा की थी। अपने चुनाव अभियान में निकले से पहले उन्होंने सोशल मीडिया ङ्ग पर पोस्ट किया- ले कर अपने भगवान का आशीर्वाद चले हम अब जनता जनार्दन के द्वार। उन्होंने पोस्ट में लालू-राबड़ी के पैर छूते और मंदिर में पूजा करते हुए की तस्वीर भी शेयर की है। बिहार में जदयू ने लोकसभा प्रभारियों की लिस्ट जारी की है। जयंत राज को सीतामढ़ी का प्रभारी बनाया गया है, जबकि मदन सहनी को झंझारपुर का जिम्मा दिया गया है। बिजेंद्र यादव को सुपौल का प्रभारी बनाया गया है।

बिहार में 10 अप्रैल के बाद चलेगी लू , इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका

वैशाली का तापमान पहुंचा 40 डिग्री

पटना, एजेंसी। बिहार के अधिकतर जिलों में मौसम आज सामान्य बना रहेगा। कड़ी धूप निकलेगी। उत्तरी-पछुआ शुष्क हवा चलने से गर्मी का कम एहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार 10 अप्रैल के बाद से ही प्रदेश में लू चलने लगेगी। सभी जिलों के अधिकतम तापमान में भी काफी वृद्धि देखने को मिलेगी। वहीं लगातार दूसरे दिन वैशाली जिले का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके पहले रविवार को सबसे अधिक तापमान वैशाली में ही 41.9 डिग्री सेल्सियस रहा था।

अप्रैल महीने में कैसा रहेगा मौसम

1 अप्रैल से प्री मानसून का महीना शुरू हो गया है। उत्तरी-पछुआ शुष्क हवा ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इस वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। 10 अप्रैल के बाद से ही प्रदेश में लू चलने लगेगी। वहीं मौसम विभाग के अनुसार इस बार अधिक लू चलने की आशंका जताई जा रही है। इसकी वजह है अप्रैल की शुरुआत से ही शुष्क पछुआ हवा का चलना। अप्रैल में औसत अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

बारिश सामान्य से कम होने की संभावना

मौसम विभाग ने बारिश सामान्य से कम होने की संभावना है। 5 अप्रैल को फिर पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसका थोड़ा बहुत असर बिहार के मौसम पर भी पड़ेगा। इस वजह से दो-तीन दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कुछ कमी हो सकती है। इसी माह में काल बैसाखी का भी प्रभाव पड़ेगा। इसमें कहीं-कहीं तेज आंधी के साथ बारिश, मेघगर्जन, वज्रपात और ओला भी गिर सकता है तो कहीं धूल भरी तेज आंधी भी चल सकती है। पिछले साल अप्रैल में पटना समेत बिहार के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई थी। दो-तीन दिन वेदर क्लाउडी था।



पटना में आज कैसा रहेगा मौसम

पटना में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। सुबह से ही धूप निकली रहेगी। पछुआ हवा चलने से गर्मी का एहसास काम होगा। सोमवार को को पटना का न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 18 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं अधिकतम तापमान 32 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान

पिछले 24 घंटे के दौरान वैशाली जिला सबसे गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा शेखपुरा का अधिकतम तापमान 38.6, डिग्री नवादा 38.2 डिग्री, गया 37.4 डिग्री औरंगाबाद 37. 7 डिग्री, भोजपुरी 37 डिग्री, पटना 36.9 डिग्री,मुजफ्फरपुर 36 डिग्री मोतिहारी 36.6 डिग्री। वहीं अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 34 डिग्री से लेकर 40 डिग्री के बीच बना हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

सिपाही का वसूली करते वीडियो वायरल, थाना प्रभारी ने तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

पटना। पटना के नौबतपुर पुलिस का एक और कारनामा सामने आया है। रात के अंधेरे में पुलिस की वर्दी पहनकर सड़क पर बालू लदे ट्रैक्टर वालों से वसूली का वीडियो सामने आया है। मामला संज्ञान में आने के बाद थाना प्रभारी ने आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया। सिपाही की पहचान सहजानंद के रूप में की गई है। पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ एसडीपीओ-2 दीपक कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई है। सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

क्या है पूरा मामलाः मंगलवार को पटना से 15 किलोमीटर दूर नौबतपुर उच्च पथ पर एक सिपाही का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है राष्ट्रीय उच्च पद से गुजरने वाले बालू लदे सभी ट्रैक्टरों से सिपाही वसूली कर रहा है। प्रतिदिन रात्रि गश्ती के सिपाही बालू लदे ट्रैक्टरों से बड़े पैमाने पर वसूली की जाती है। ऐसी चर्चा है कि प्रति ट्रैक्टर गश्ती के सिपाही 300, 400 और 500 रुपये तक वसूल करते हैं।

जदयू ने लॉन्च किया इलेक्शन कैम्पेन सॉन्ग, नौकरी देने पर किया गया फोकस

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयारी में जुटी हैं। बीजेपी ने इलेक्शन कैम्पेन के लिए बिहार में मोदी संग बिहार गाने को लॉन्च किया उसके बाद आज जदयू ने भी अपना इलेक्शन कैम्पेन सॉन्ग को रिलीज किया। ये सॉन्ग 5 मिनट का है और इसे बिहार के बच्चों ने ही बनाया है। खास बात यह है कि इस गाने में बिहार में रोजगार देने पर फोकस किया गया है।

नीतीश के विकास कार्यों पर फोकसः गाने में लाखों नौकरी देने की बात भी की गई है और नीतीश कुमार का छात्रों को सर्टिफिकेट देता हुआ विजुअल को इस्तेमाल किया गया है। इस मौके पर जदयू के राज्यासभा सांसद संजय झा ने कहा कि थीम सॉन्ग 5 मिनट का है, जो बेहद प्रभावशाली है। इसमें नीतीश कुमार के विकास कार्यों को दर्शाया गया है। अगर किसी भी पार्टी का थीम सॉंग लोगों को पसंद आ गया उसे जनता दिल में बसा लेती है। इससे फायदा जरूर होता है। वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी का ने कहा कि जिन मुद्दों और उपलब्धियों को लेकर एनडीए बिहार की जनता के बीच जाएगी। उसी को लेकर प्रचार गीत तैयार किया गया है। इसके साथ ही जदयू कार्यालय से एलईडी वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर सभी लोकसभा क्षेत्रों में रवाना किया गया।

भोजपुर और नवादा के डीएम और एसपी हटाए गए, आयोग ने चुनावी ड्यूटी से अलग किया

पटना। लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले निर्वाचन आयोग ने दो जिलों के डीएम और एसपी को बदल दिया है। भोजपुर डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव, नवादा डीएम आशुतोष वर्मा और एसपी अम्बरीष राहुल को हटा दिया है। चारों अफसरों को चुनाव पूरा होने तक किसी भी तरह की चुनावी ड्यूटी पर इन्हें नहीं लगाने का निर्देश दिया है। आईएएस रचना पाटिल नवादा और सुहर्ष भगत को भोजपुर डीएम बनाया जा सकता है। नवादा डीएम 2013 बैच के आईएएस हैं। नवादा में 15 जुलाई 2023 से पोस्टेड हैं। महागठबंधन की सरकार में डीएम बने थे। नौ महीने से भी कम वक्त नवादा में रहें। भोजपुर डीएम राजकुमार 2010 बैच के आईएएस अफसर हैं। 7 मई 2022 से भोजपुर डीएम की कुर्सी पर तैनात हैं। समाज कल्याण विभाग में भी पोस्टेड रहे हैं। मुजफ्फरपुर बालिका कांड के वक्त समाज कल्याण विभाग में तैनात थे।

सर्फ फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू

पटना। पटना के गोपालपुर थाना के जोल बीघा गांव में सोमवार की देर रात एक सर्फ फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की खबर सुनते ही पूरे गांव में अफरा तफरी मच गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गोपालपुर थाने को दी। सूचना मिलने के बाद गोपालपुर थाने की पुलिस ने पटना सिटी के अग्नि दस्ते को इसकी सूचना दी। अग्नि दस्ते की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच गोदाम का लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की देर रात अचानक फैक्ट्री में तेजी से धुआं निकलते हुए देखा गया। इसके बाद आग की लपट तेज होती चली गई। ग्रामीणों ने बताया कि अग्नि दस्ते की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन सभी गाड़ियों के पानी खत्म हो गये। इसके बाद और गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने में जुट गई। इस बीच गोदाम में गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से आग और तेजी से बढ़ने लगा, हालांकि, अग्नि दस्ते की गाड़ी ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस मामले को लेकर गोपालपुर थाना प्रभारी जावेद अहमद खान ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। नुकसान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के द्वारा कोई आवेदन थाने को प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद ही आग लगने से नुकसान की बात स्पष्ट होगी।

महिला से पिस्टल के बल पर चेन लूट का मामला, 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

पटना। पटना के दानापुर में दिनदहाड़े पिस्टल के बल पर स्कूटी सवार महिला से चेन लूटने के मामले में 15 दिन बीत जाने बाद भी अपराधी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जबकि लूटपाट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसमें अपराधी का चेहरा साफ तौर पर देखा जा सकता है। लेकिन अभी तक पुलिस अपराधियों का सुराग नहीं लगा पाई है। वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित और उसके परिजनों में रोष है। पीड़िता गुड़िया के परिजन उपेंद्र सिंह ने मामले में पुलिस पर शिथिलता बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने में लापरवाही बरत रही है। स्थानीय राकेश कुमार ने कहा कि इस इलाके में पुलिस की गश्ती टीम बहुत कम नजर आती है। इस बाबत दानापुर एएसपी दीक्षा ने बताया कि आसपास के साथ ही अपराधियों के भागने वाले अन्य जगह लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर पीछे बैठे अपराधी का चेहरा साफ तौर पर देखा गया है। बाइक का नंबर अपराधियों ने खरोच दिया था। इसके कारण बाइक का नंबर सही से देखा जा सकता है। तकनीकी अनुसंधान के तहत जांच जारी है। अपराधियों की पहचान की हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है की 18 मार्च को दानापुर थाना के बेली रोड मंगलम कॉलोनी में अपने बच्चे को स्कूटी से स्कूल छोड़ने जा रही पीड़िता गुड़िया देवी से दिनदहाड़े पिस्टल के बल पर बाइक सवार दो अपराधियों ने पिस्टल तान दी। जिसके बाद पीड़िता अपने बच्चे के साथ वही सड़क पर स्कूटी सहित गिर पड़ी थी। जिसके बाद बाइक पर पीछे बैठा अपराधी हाथ में पिस्टल ले पीड़िता से उसके गले से चेन लूट फरार हो गया।

पटना में 6 अप्रैल को सड़कों पर नहीं बिकेगी सब्जियां

हड़ताल पर जाएंगे फुटपाथी दुकानदार, फिक्स टाइमिंग का कर रहे विरोध

एजेंसी, पटना।

पटना की सड़कों को 6 अप्रैल को सब्जियां नहीं बिकेगी। सारे फुटपाथी दुकानदार हड़ताल पर जाने वाले हैं। सब्जी को लेकर समय निर्धारण का नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) ने विरोध किया है। उनकी नाराजगी है कि बगैर टाउन वेंडिंग कमिटी के बैठक के यह फैसला लिया गया है। दरअसल, प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने फुटपाथी दुकानदारों को सड़क किनारे दुकान लगाने के लिए समय निर्धारित की गई है। सुबह 5 से 9 बजे तक और शाम 7 से 10 बजे तक ही सब्जी बेचने की अनुमति दी गई है।

शनिवार को करेंगे प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यालय का घेरावः इस फैसले के विरोध में नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद सिंह ने एक बैठक बुलाई थी। जिसमें अलग-अलग इलाकों से फुटपाथ दुकान के लीडर शामिल हुए। अरविंद सिंह ने कहा कि सरकार ने जो आदेश निकाला है, उसकी वजह से फुटपाथ दुकानदारों को तरीके से दुकान नहीं लगाने दिया जा रहा है। इसके विरोध में हमलोग शनिवार 6 अप्रैल को प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यालय का घेराव करेंगे। उनसे बातचीत कर इस ऑर्डर को वापस लेने को कहेंगे। अगर वह नहीं मानें तो फिर पूरे फुटपाथ दुकानदार हड़ताल पर जाएंगे।

फुटपाथ दुकान के बाद सब्जी मंडी को भी किया जाएगा बंदः उन्होंने आगे कहा कि जितने भी फुटपाथी दुकानदार हैं, उसमें से 25 हजार को ही सर्टिफिकेट और वेंडिंग मिला है। आयुक्त ने सीधे ऑर्डर निकाल दिया। ना ही टाउन वेंडिंग कमिटी से कंसल्ट किया। ना ही टाउन लेवल फेडरेशन और ना ही नगर निगम से बात की। इसके कारण लोग रोजगार नहीं कर पा रहे हैं। एक-एक मार्केट में 200-300 पुलिस बल लगे रहते हैं। जैसे की कोई सब्जीवाला नहीं बल्कि गुंडा-बदमाश हो। इसलिए शनिवार को पहले फुटपाथ दुकान बंद रहेंगे और फिर सब्जी मंडी भी बंद की जाएगी।

सड़कों पर लगे जाम को लेकर दिया गया था निर्देशः प्रमंडलीय आयुक्त ने सड़कों पर लगी जाम को लेकर यह निर्णय लिया था। उन्होंने कहा था कि किसी भी हाल में सड़कों पर अवैध व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं मिलेगी। इसके साथ ही वैसे बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, जिनके पास पार्किंग का प्रबंध नहीं है। सड़कों पर गाड़ियां लगाने से जाम लगता है। इसके साथ ही बड़े अस्पतालों के आसपास अतिक्रमण नहीं होने देने का निर्देश दिया गया है। ताकि रोगियों के आवागमन में कोई परेशानी नहीं हो।

बिजली विभाग में 2610 पदों पर भर्ती प्रक्रिया स्थगित



पटना। बिहार स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (BSPHCL) ने 2600 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किए था। इसके मुताबिक टेक्नीशियन ग्रेड 3, स्टोर असिस्टेंट, जूनियर अकाउंट्स क्लर्क सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। लेकिन एक अप्रैल से शुरू होने वाली ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्थगित कर दी गयी है। तकनीकी कारणों से इसे करीब एक महीने तक स्थगित किया गया है। 15 से 20 दिनों में तकनीकी बाधा को दूर करते हुए अगले महीने से आवेदन लिये जाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके लिए आवेदन करने की प्रक्रिया आज 1 अप्रैल से शुरू होनी थी। वही आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी। सबसे पहले इसके लिए रिटन एग्जाम होगी। उसके बाद पास हुए अभ्यर्थियों का डॉक्युमेंट वेरीफिकेशन होगा। फिर मेडिकल एग्जाम और असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के लिए गेट स्कोर के बेसिस पर सिलेक्शन होगा।

पटना के कुल्हड़िया कॉम्प्लेक्स में लगी आग

एजेंसी, पटना।

पटना के कुल्हड़िया कॉम्प्लेक्स में आग लग गई है। मौके पर दमकल विभाग की 5000 लीटर की दो बड़ी गाड़ी और एक छोटी गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। जहां आग लगी थी वहां से शराब की खाली बोतलें बरामद की गई हैं। कुलहड़िया कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा के दृष्टिकोण से हाल ही में ऑडिट कराया गया था। जिसमें घोर लापरवाही सामने आई थी। डिस्ट्रिक फायर अफसर मनोज कुमार नाथ भी घटनास्थल पर मौजूद थे। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से इस कॉम्प्लेक्स में फायर सेफ्टी को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। वो सुरक्षा के दृष्टिकोण से सही नहीं है। जो भी नियमानुसार होगा, कार्रवाई की जाएगी। कुलहड़िया कॉम्प्लेक्स सबसे भीड़भाड़ वाली जगह पर है। कॉम्प्लेक्स के अंदर लगभग 50 से अधिक दुकान है। आवासीय भी है। गोदाम भी है। समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंचती तो आज एक बड़ी घटना हो सकती थी। आग लगने के बाद लोग चिलाने लगें। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

पटना विमेंस कॉलेज में नए कैबिनेट मेंबर ने ली शपथ, 12 मेंबर्स कॉलेज की 5000 छात्राओं की संभालेंगी जिम्मेदारी

एजेंसी, पटना।

पटना विमेंस कॉलेज में आज नवनिर्वाचित 12 केबिनेट मेंबर्स ने शपथ ली। कॉलेज की प्राचार्या डॉ सिस्टर एम रश्मि एसी ने शपथ दिलाई। पिछले साल की कैबिनेट सदस्यों ने नए मेंबर्स को कार्यभार सौंपा। शपथ लेने के बाद कैबिनेट मेंबर्स कॉलेज में होने वाली एक्टिविटी का दारोमदार संभाला। यह सभी कैबिनेट मेंबर्स कॉलेज के 5000 छात्राओं की जिम्मेदारी को संभालेंगी।

स्टूडेंट्स से परेशानी को लेकर करेंगी सीधे बातचीतः सभी को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि यह मेंबर्स कॉलेज की शान है। उन्होंने पुराने मेंबर्स के काम को प्रोत्साहित किया और लीडरशिप के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही जनरल सेक्रेटरी प्रीति सिंह ने कहा कि हम सभी 12 लोग का यही प्रयास होगा कि हम अपना कॉलेज के लिए बेस्ट दे। हम इस कॉलेज के नाम को और आगे बढ़ाएंगे। जिन भी स्टूडेंट को कोई परेशानी होगी उनसे हम सीधे बातचीत करेंगे और उसका समाधान निकालेंगे। उनकी मुश्किलों को हम हाई अथॉरिटी तक भी लेकर जाएंगे।

16 मार्च को हुआ था कैबिनेट इलेक्शनः पटना वीमेंस कॉलेज में 16 मार्च को कैबिनेट चुनाव हुआ था। इलेक्शन में कॉमर्स विभाग की सृष्टि तिवारी ने सबसे ज्यादा 672 वोट पाकर प्रीमियर के पद पर कब्जा जमाया। वहीं, 360 वोट पाकर मरियम फातिमा वाइस प्रीमियर बनीं। जनरल सेक्रेटरी के लिए प्रीति सिंह ने 409 वोट हासिल किया, जबकि 284 वोट लाकर श्रेया भूषण ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी बनीं और सृष्टि सिंह कल्चरल सेक्रेटरी के लिए 517 वोट पाकर विजयी हुई। 294 वोट पाकर कौशिकी प्रसाद ज्वाइंट कल्चरल सेक्रेटरी बनीं। ज्योग्राफी की वर्षा शंकर जॉइन्ट जनरल सेक्रेटरी और बीबीए की साक्षी जॉइन्ट जनरल सेक्रेटरी बनी। दोनों की चयन इस पद के लिए प्राचार्या ने किया था।

अग्नि पीड़ितों से मिलीं मीसा भारती, लोगों ने सीओ के नहीं आने पर जताई नाराजगी

अधिकारी से बात कर मदद पहुंचाने का किया आग्रह

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र की संभावित राजद प्रत्याशी सह लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती मंगलवार को दानापुर के पीपापुल घाट और दियारा क्षेत्र के मानस गांव पहुंची। उन्होंने अगलगी के पीड़ितों से मिलकर उन्हें आश्वासन के साथ उचित मुआवजे का भरोसा दिलाया। इस दौरान पीपा पुल सुरक्षा बांध के समीप अगलगी के पीड़ितों ने मौके पर सीओ के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। जिसके बाद मीसा भारती ने दानापुर सीओ से फोन पर बात कर पीड़ितों को उचित मदद पहुंचाने का आग्रह किया।

जीवन भर की कमाई राख हो गईः मीसा भारती ने कहा कि घटना बड़ी ही भयावह है। एक तरफ लोगों की जीवन भर की कमाई राख हो गई है। वहीं वह खुले आसमां के नीचे सोने पर मजबूर हैं। इन सभी पीड़ितों को तत्काल मदद की जरूरत है। उन्होंने फोन से अंचलाधिकारी से बात कर इन सभी पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की बात कही। सोमवार दोपहर में दानापुर के पीपापुल गंगा सुरक्षा बांध के समीप अगलगी में लकड़ी, दाह संस्कार सामग्री की दुकान समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ितों की माने तो इस आगलगी में लगभग 50 लाख से ऊपर का नुकसान हुआ है। वहीं, आगलगी की दूसरी घटना दियारा क्षेत्र के पूर्वार्ध मानस गांव में घटी थी। जहां विश्वनाथ राय के झोपड़ीनुमा घर में खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई थी। आग फैलती हुई उनके भाई विनोद राय, रंधीर राय, अंकित राय के घर में भी लग गई। जिससे उनके घर में रखे नई फसल सरसों सहित अन्य अनाज बर्बाद हो गया।

घाटों को चैती छठ के लिए किया जाएगा तैयार

एजेंसी, पटना।



चैती छठ को लेकर पटना के घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ता है। इसे देखते हुए पटना नगर निगम पहले से ही घाटों की तैयारियों में लग गया है। निगम की ओर से टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है और साथ ही वर्क ऑर्डर भी हो गया है। छठ के लिए रास्ता निर्माण, लाइटिंग, नदी में बैरिकेडिंग, घाटों पर व्यवस्था, वाच टावर का निर्माण, अस्थायी शौचालय, चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था की जाएगी।

बांकीपुर अंचल में 12 घाट हो रहे तैयारः पटना नगर निगम सशक्त स्थाई समिति के सदस्य इंद्रदीप कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि बांकीपुर अंचल में 12 घाट तैयार हो रहे हैं। इसमें काली घाट, पटना कॉलेज घाट, कदम घाट, कृष्णा घाट, गांधी घाट, बरहरवा घाट, लॉ कॉलेज घाट, रानी घाट, रोशन घाट, चौधरी टोला घाट और पथरी घाट शामिल है। अन्य अंचल में भी घाट को तैयार किया जा रहा है। अगले हफ्ते से पानी का लेवल देखने के बाद नदी में बैरिकेडिंग शुरू की जाएगी।

कंकड़बाग अंचल में अर्घ्य के लिए पार्क होंगे तैयारः पाटलिपुत्र अंचल में सात गंगा घाटों पर छठ महापर्व की तैयारी की जा रही है। पाटीपुल, दीघा 93, दीघा 83, दीघा 88, एलसीटी घाट, बांसघाट और कलेक्ट्रेट घाटों का चयन किया गया है। वहीं, कंकड़बाग अंचल में पटना वन प्रमंडल के पार्कों में स्थित तालाबों में अर्घ्य की व्यवस्था की जाएगी। पार्क प्रमंडल से समन्वय स्थापित कर निगम तैयारी कराएगा। इसके लिए तालाब के पानी को अच्छे से साफ करके उसे सजाया जाएगा।

पटना के सहायक बैंक प्रबंधक की जमालपुर में मिली लाश, होली में आए थे घर

परिवार वाले बोले- मुंगेर पोस्टिंग थी तो जमालपुर क्यों गए?

एजेंसी, पटना।

पटना के फुलवारी शरीफ के निवासी सहायक बैंक प्रबंधक का शव मंगलवार को जमालपुर जंक्शन से जीआरपी ने बरामद किया है। शव की स्थिति काफी क्षत विक्षत होने के कारण चेहरा ठीक से पहचाना नहीं जा रहा है। परिवार के लोगों को सूचना मिलने के बाद युवक की पहचान करने जमालपुर के लिए निकल पड़े हैं। परिवार वालों का कहना है कि जब वो मुंगेर में पोस्टेड थे तो जमालपुर क्यों गए थे। मंगलवार की सुबह फुलवारी शरीफ थाना के मोबाइल पर यह सूचना मिली कि फुलवारी शरीफ के ब्रह्मपुर गांव के युवक की संदिग्ध परिस्थिति में जमालपुर के ऑउटर सिग्नल पर डेड बॉडी मिली है। शव के नजदीक आई कार्ड और बैंक का आईडी कार्ड मिला है। इसके साथ ही युवक के पास से आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। इस आधार पर जमालपुर जीआरपी से बात करने पर उन्होंने बताया कि शव के आसपास जो आधार कार्ड और बैंक का आईडी कार्ड मिला है। उससे यह स्पष्ट होता है कि राहुल कुमार, इंडियन बैंक में सहायक प्रबंधक के पद काम करता था। परिवार वाले लोगों से बात करने पर उन्होंने बताया कि राहुल कुमार जो जमालपुर के मुंगेर ब्रांच में इंडियन बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर पद स्थापित थे।

विधायक को देख रोने लगे अतिथि शिक्षक

प्रदर्शन के दौरान 12 को पुलिस ने किया था अरेस्ट, थाने पहुंचे एमएलए

एजेंसी, पटना।

अतिथि शिक्षकों के प्रदर्शन के दौरान कोतवाली थाना ने 12 शिक्षकों को गिरफ्तार किया था। उन्हें अब छोड़ दिया गया है। शिक्षकों को थाने से छुड़ाने के लिए पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ भी पहुंचे थे। उन्होंने वरीय अधिकारियों से अतिथि शिक्षकों को छोड़ने के लिए आग्रह भी किया था। अधिकारियों ने उन्हें शिक्षकों को छोड़ने का आश्वासन दिया। जिसके बाद वो थाने से चले गए। इस दौरान संदीप सौरभ ने कहा कि कायदे से सोमवार की शाम में शिक्षकों को छोड़ देना चाहिए थे। लेकिन नहीं छोड़ा गया। ये सब कुछ सरकार के इशारे पर किया जा रहा है। बीजेपी और जेडीयू की सरकार शिक्षकों के साथ दुश्मन के जैसे व्यवहार कर रही है। अतिथि शिक्षकों से नौकरी छीनकर उनके बच्चों, उनके परिवार के पेट पर लात मारा जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

एनआई कार्य के कारण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

गया। गया-कोडरमा रेल सेक्शन के मानपुर-टनकुप्पा के बीच सोमवार को ऑटोमेटिक सिग्नल का नन इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य किया गया। इसको लेकर इस रुट से गुजरने वाली अप व डाउन लाइन की मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। एनआई कार्य को लेकर दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे के बीच करीब चार घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान लंबी दूरी की ट्रेनों का कई घंटे विलंबित परिचालन हुआ। नई दिल्ली से चलकर पुरी को जाने वाली 12802 पुरुषोत्तम एक्स अपने निर्धारित समय पर गया जंक्शन पहुंची। लेकिन एनआई कार्य को लेकर लिए गए ब्लॉक के कारण 14.25 बजे गंतव्य की ओर रवाना हुई।

सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद के निधन पर शोक

बांकेबाजार। उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज, इटवां के प्रांगण में सोमवार को कॉलेज के सक्रिय सदस्य सह जगन्नाथ उच्च विद्यालय, जूरी के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद श्याम के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख मृतात्मा की शांति की कामना की। मौके पर सभी कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

डॉ. बीडी शर्मा पर हमले की एसोसिएशन ने की निंदा

गया। बिहार- झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन की गया इकाई फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जयवर्धन ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विगत दिनों चिकित्सक डॉ. बीडी शर्मा पर हुए हमले की निंदा की। कहा कि एक चिकित्सक के साथ जानलेवा हमला और लूटपाट की घटना के पांच दिन बीत गए, पर अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। यह बिहार की विधि व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न खड़ा करता है। उन्होंने वरीय आरक्षी अधीक्षक से अविलंब कार्रवाई की मांग की है।

लोकसभा सीट से JDU और कांग्रेस लगा चुकी है हैट्रिक

नालंदा। नालंदा लोकसभा का चुनाव सातवें चरण में होना है। 1 जून को वोटिंग होगी और 4 जून को परिणाम आएगा। प्रमुख दलों द्वारा उम्मीदवार की घोषणा कर दी गई है। NDA और इंडी गठबंधन ने अपने-अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। NDA से जहां लगातार 3 टर्म से नालंदा के सांसद रहे कौशलेंद्र कुमार पर भरोसा जताया है और उन्हें चौथी बार टिकट दी गई है। वहीं, इंडी गठबंधन से पालीगंज से विधायक रहे संदीप सौरभ को प्रत्याशी बनाया गया है। वे आइसा जेएनयू के महासचिव रह चुके हैं। हाल के दिनों में बिहार में चले शिक्षक आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संदीप सौरभ भाकपा माले पार्टी की केंद्रीय कमेटी के भी सदस्य हैं। हालांकि, कई और दल अपने उम्मीदवार उतारेंगे और कुछ लोग निर्दलीय भी लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाएंगे। नालंदा संसदीय सीट अपने गठन का 72वां वर्ष देख रहा है। इस दौरान 18 बार चुनाव हो चुका है। 19वीं बार लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है। लेकिन अभी तक 18 चुनाव में आठ लोग ही सांसद बने हैं। सबसे अधिक आठ बार जदयू या समता पार्टी का इस सीट पर कब्जा रहा है। जबकि 6 बार कांग्रेस तीन बार CPI और एक बार जनता पार्टी के प्रत्याशी इस सीट से चुनाव जीते हैं। संसदीय सीट के चुनाव परिणाम पर नजर डाली जाए तो प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद लगातार इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर हैट्रिक लगाए हैं। सीपीआई के विजय कुमार यादव भी तीन बार चुनाव जरूर जीते लेकिन हैट्रिक नहीं लगा सके। लेकिन दल की बात करें तो दो बार समता पार्टी के टिकट पर और एक बार जदयू के टिकट पर मौजूदा सांसद कौशलेंद्र कुमार की बात करें, तो वह इस सीट पर हैट्रिक लगाने वाले तीसरे सांसद हैं और अब चौथी पारी भी खेल रहे हैं।

मतदाताओं को जागरूक करने को गतिविधियां आयोजित

गया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के दिशा निर्देश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधि का लगातार संचालन किया जा रहा है। सोमवार को गया जिले में चुनाव का पर्व देश का गर्व के तहत समाहरणालय परिसर में जिलास्कूल गया के बीएड अध्यरनत विद्यार्थियों के द्वारा सामान्य प्रेक्षक यशवंत वी. गुरुकर, डीएम, एसएसपी, डीडीसी और अन्य वरीय पदाधिकारियों के समक्ष तख्ती प्रदर्शन कर नए वोटर सहित सभी मतदाता को जागरूक किया गया। इसी क्रम में ऑब्जर्वर श्री गुरुकर ने सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीर लेते हुए मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित किया।

मैट्रिक में अधिकतम अंक लाने वाले छात्र सम्मानित

बांकेबाजार। प्रखंड क्षेत्र से मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में अधिकतम अंक लाने वाले छात्रों को विद्यालय व कोचिंग सेंटरों में सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को प्रखंड के डोंगिला गांव में संचालित यूवी पब्लिक स्कूल में चल रहे रेडियंट क्लासेज के बच्चों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए छात्रों में खुशबू कुमारी 461, अंकित कुमार 447, नीतीश कुमार 434, अनन्या प्रीति 432, स्मृति कुमारी 424, रीभा 420, कार्तिक 410, सुनील 406 अंक प्राप्त किए। मौके पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा, उपेंद्र कुमार वर्मा तथा सुजीत कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

गया में मवेशी चोर पकड़ाया ग्रामीणों ने की जमकर धुनाई

गया। गया के चाकन्द थाना क्षेत्र के नबी नगर से भैंस चोरी कर ले जा रहे चोर को गांव वालों ने पिकअप सहित पकड़ लिया। यही नहीं चोर की गांव वालों ने जमकर धुनाई भी कर दी। इसके बाद चाकन्द थाने पुलिस को सौंप दिया गया। नबी नगर के लोगों का कहना है कि बीते कुछ समय से मवेशियों की चोरी की जा रही थी। लेकिन चोर हाथ नहीं आ रहा था। इस बार न केवल चोर बल्कि चोरी में इस्तेमाल किया जा रहा वाहन भी पकड़ाया है। खास बात यह भी है कि चोर को मवेशी चोरी करने के लिए बुलाया गया था। वह नबी नगर से 10 किलोमीटर दूर शिमला गांव का रहने वाला है। इस मामले में पिकअप का ड्राइवर भागने में सफल हो गया। गांव वालों का कहना है कि इस चोरी के खेल में चाकन्द थाना क्षेत्र के एक मुखिया पति का भी हाथ है। वह लंबे समय से गरीबों के मवेशियों की चोरी करवाता है। चोरी की घटना के बाद उन गरीबों को कर्ज देकर सूद के नाम पर प्रताड़ित भी किया करता है। चाकन्द थाना प्रभारी अवध कुमार ने बताया कि मवेशी चोरी के मामले में जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया है। पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया है। युवक ने अपना अपराध कबूल किया है। उसके खिलाफ मामले की जांच कर केस दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी चोर के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। आरोपी युवक ने कुछ लोगों के बारे में जानकारी दी है। उनकी भी भूमिका संदिग्ध है। पकड़े गए चोर को जेल भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

फेयरवेल को लेकर स्टूडेंट-कॉलेज आमने-सामने

स्टूडेंट्स ने कहा- प्रिंसिपल रूडली बात करते हैं, बदल रहें तारीख

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को प्रिंसिपल के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। बॉटनी डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स ने कहा कि उन्हें अपने सीनियर के फेयरवेल के लिए प्रिंसिपल परमिशन नहीं दे रहे हैं। बार-बार तारीख दी जा रही है।

सत्र 2021-24 के स्टूडेंट्स का होना है फेयरवेलः शैक्षणिक सत्र 2021-2024 के ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्र-छात्राओं का फेयरवेल होना है। शैक्षणिक सत्र 2023-25 के छात्र-छात्राएं अपने सीनियर के फेयरवेल की सारी तैयारी कर चुके हैं। अब उन्हें कॉलेज प्रशासन के द्वारा इसकी अनुमति नहीं दी जा रही है।

क्या बोले स्टूडेंट्सः छात्र मनीष कुमार ने बताया कि हम लोग छात्र सम्मान और विदाई समारोह करना चाहते हैं। पिछले 2 महीने से कॉलेज प्रशासन के द्वारा तारीख पर तारीख दी जा रही है। फरवरी से लेकर मार्च महीना बीत गया इसके बाद 6 अप्रैल को तारीख निर्धारित की गई है, लेकिन अब कॉलेज प्रशासन के द्वारा 6 अप्रैल को भी विदाई समारोह की अनुमति नहीं दी जा रही है। अब जुलाई में विदाई समारोह करने की बात कही जा रही है।

प्रिंसिपल पर रूडली बात करने का आरोपः शैक्षणिक सत्र 2021-24 के छात्र-छात्रों का सेशन खत्म हो जाएगा, तो कैसे जुलाई में विदाई समारोह किया जाएगा। अगर बाहर से आएंगे छात्र तो उन्हें परमिशन नहीं दी जाएगी। जब हम लोग इस मुद्दे पर बात करने प्रिंसिपल के पास जाते हैं, तो वह बहुत ही रूडली बात करते हैं। वहीं बॉटनी की छात्राओं ने कहा कि हम लोग पिछले 3 महीने से फेयरवेल को लेकर प्रयासरत हैं, लेकिन हर बार डेट कैंसिल कर दी जा रही है। हम लोगों ने विदाई समारोह को लेकर सारी जगह इन्वेस्टमेंट कर दिया है। 6 अप्रैल को तिथि निर्धारित थी, लेकिन अब उस तारीख पर भी फेयरवेल के आयोजन पर लेकर प्रिंसिपल के द्वारा अनुमति नहीं दी जा रही है। जिओलॉजी, इंग्लिश समेत अन्य डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हो चुका है। लेकिन बॉटनी के विद्यार्थियों की विदाई समारोह के आयोजन की परमिशन कॉलेज प्रशासन के द्वारा नहीं दी जा रही है।

प्रिंसिपल बोले- आचार संहिता के कारण हो रहा ऐसा

क्या बोले प्रिंसिपलः नालंदा कॉलेज की प्रिंसिपल आर के परमहंस ने बताया कि पूरे कॉलेज परिसर को चुनाव कार्य के लिए जिला प्रशासन के द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया है। चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। हम लोगों ने जिला प्रशासन से शैक्षणिक कार्य की गतिविधि को बनाए रखने के लिए परमिशन लिया है। ऐसे में किसी प्रकार के फंक्शन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन छात्र-छात्राएं कर सकते हैं।

एक जुलूस में 200 लोगों को ही मिलेगी अनुमति

निज संवाददाता। नालंदा

जिला दंडाधिकारी-सह-जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और एसपी अशोक मिश्रा ने आगामी ईद-उल-फितर(ईद), चैती छठ, उर्स मेला और रामनवमी पर्व के अवसर पर नालंदा जिलान्तर्गत शांति व्यवस्था और विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई दिशा-निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि आगामी ईद, चैती छठ, चिरागा और रामनवमी पर्व जिलेभर में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। लोकसभा आम निर्वाचन को देखते हुए सम्पूर्ण जिले भर में आदर्श आचार संहिता लागू है।

200 लोगों को ही एक जुलूस में दी जाएगी परमिशनः डीएम ने कहा कि पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार का जुलूस का रूट चार्ट के अनुसार एक जुलूस में 200 लोगों तक ही परमिशन है। डीजे प्रतिबंधित रहेंगे। सभी मुख्य चौक चौराहों और मार्गों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। सीसीटीवी क्रियाशील रखे जाएंगे। जुलूस का वीडियोग्राफी किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था, साफ सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। सौहार्द पूर्ण माहौल खराब करने वाले शख्स को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया, फेक न्यूज, अश्लील गाने और भड़काऊ बयानबाजी जैसे मामलों को गंभीरता से लें। भेदभाव उत्पन्न करने वालों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नालंदा खंडहर के आस-पास मर रहे हैं कौवें, पिछले एक सप्ताह से जारी है सिलसिला

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के सिलाव प्रखंड अंतर्गत नालंदा खंडहर समेत आसपास के क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से कौवों के मरने का सिलसिला जारी है, जिसके कारण आसपास के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय दुकानदार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से कौवों के करने का सिलसिला जारी है। अचानक पेड़ से फल की तरह कौवें टपककर नीचे गिरते हैं और मर जाते हैं। किसी किसी कौवों पर जब नजर पड़ती है, तो उस पर ठंडा पानी डाला जाता है। कुछ देर के लिए वह ठीक हो जाता है। लेकिन कुछ समय बाद ही मौत हो जाती है।

अचानक पेड़ से गिर रहे कौवेंः दुकानदार ने बताया कि अचानक कौवें पेड़ से नीचे गिर रहे हैं। नीचे चल रहें टूरिस्ट के ऊपर भी कई कौवां गिर चुका हैं। खंडहर और आसपास के क्षेत्र में नित्य दिन 50 से अधिक कौवों की मौत हो जा रही है। जो आसपास ही फेंका हुआ है। किसी किसी कौवों को आबादी से दूर फेंक दिया जा रहा है। स्थानीय

अधिकारी बोले- जहर से मौत की आशंका

डॉक्टर के द्वारा सलाह दी गई है कि मरे हुए कौवों हाथों से ना छूकर डंडे और अन्य सामानों से छुए।

क्या बोले पशुपालन पदाधिकारीः जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार ठाकुर ने बताया प्रथम दृष्टिया पेस्टिसाइड किया जहरीला पदार्थ खाने से मौत की आशंका है। मृत कौवों को उठाकर मिट्टी में दफन कर दिया जा रहा। आस-पास के प्रखंड स्तरीय पशुपालन पदाधिकारी को नजदीक के पोल्ट्री फार्म पर विशेष नजर बनाये रखने की हिदायत दी गई है। जिले में कहीं से भी बर्ड फ्लू का केस सामने नहीं आया है।

बंद घर से लाखों की चोरी, गया में पड़ोसी ने छत पर चोर को देख किया हल्ला

निज संवाददाता। गया

गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्र बिघा गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाने पर लिया और घर में जमकर उत्पात मचाया है। चोरों ने स्थानीय ग्रामीण मनोज कुमार के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित मनोज कुमार के घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत लाखों रुपए के सामानों की चोरी कर ले उड़े हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया रात में देखा कि पड़ोस के मनोज कुमार के छत पर कोई खड़ा है। ख्याल आया कि मनोज कुमार परिवार समेत घर बंदकर कहीं गए हुए हैं। जिसके बाद हमलोगों ने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया।



शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण इकट्ठा होने लगे, चारों ओर से घिरते देख चोर सामान सहित छत से कूदकर भाग निकलने में सफल रहा। हालांकि चोर छत से कूदने के दौरान जख्मी भी हो गया था और उसके शरीर से खून भी बह रहा था। जिसे पकड़ने का काफी प्रयास किया गया लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया। दो माह पूर्व मेरे घर शादी हुई थी और सारा सामान घर में ही रखा हुआ था। शाम में घर बंदकर सपरिवार अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। घर पर ताला लटकता देख चोरों को इसी का फ़ायदा उठाया और घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर से सोने-चांदी समेत अन्य सामानों की चोरी कर फरार हो गए। हालांकि हड़बड़ी में चोरों ने मौके पर हीं कुछ समानों को भागने के चक्कर में छोड़ दिया। पीड़ित ने बताया घटना को लेकर अतरी थाना की पुलिस को भी जानकारी दी है।

क्या कहते हैं थानाध्यक्षः अतरी के मिश्र बिगहा गांव में चोरों ने मनोज कुमार के बंद घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों को चिह्नित कर लिया गया। थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद ने बताया घटना स्थल से एक मोबाइल फ़ोन भी बरामद किया गया है। इसके आधार पर गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर इन लोगों पर की गई जिला/थाना बदर की कार्रवाई

निज संवाददाता। गया

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए गया पुलिस की कार्रवाई में तेजी आ गई है। इसको लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में केंद्रीय पुलिस बल के सहयोग से फ्लैग मार्च किया जा रहा है। मार्च के माध्यम से मतदान में बाधा उत्पन्न करने व मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों को संदेश दिया जा रहा है कि मतदान में किसी भी प्रकार से खलल डालने पर उनकी खैर नहीं होगी। वहीं गया पुलिस की ओर से जिले के नक्सल प्रभावित सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को किसी के बहकावे में नहीं आकर अपने मत का प्रयोग करने को कहा जा रहा है।

लोकसभा चुनाव को लेकर गया पुलिस ने चुनाव में बाधा उत्पन्न करने की संभावना को लेकर सीसीए की विभिन्न धाराओं के तहत 87 व्यक्तियों पर कार्रवाई की है। इसमें

सीसीए की धारा-12 के तहत एक पर निरोधात्मक एवं सीसीए की धारा-3 के तहत 86 लोगों पर जिला/थाना बदर की कार्रवाई की गई है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि लोकसभा चुनाव को प्रलोभन व भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। गया पुलिस ऐसे असामाजिक तत्व/अपराधी को चिन्हित कर सीसीए के विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर रही है, जिनसे चुनाव में बाधा उत्पन्न किये जाने की संभावना है। बताया कि कोठी का रहने वाला शाने अली पर सीसीए की धारा-12 के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 86 लोगों पर सीसीए की धारा-3 के तहत जिला/थाना बदर की कार्रवाई की गई है। मंजीत कुमार भोरी, अखिलेश सिंह गहरपुर, चाकंद थाना क्षेत्र में विक्की कुमार गन्नु बिगहा, विक्की कुमार सिंह रसलपुर, मो. समदानी बारा, चेरकी थाना क्षेत्र में मो. शाहनवाज खां खाप, अतरी थाना क्षेत्र में अजय यादव पथरी, साहब राजवंशी उर्फ संतन राजवंशी अरई टोला दिनेशनगर, बैजू यादव सेवतर समेत कई पर होगी कार्रवाई।

शीतलाष्टमी पर मघड़ा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

शीतला अष्टमी का त्योहार होली से ठीक आठ दिन बाद, गांव में नहीं जलेंगे चूल्हे

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के मघड़ा गांव स्थित शीतला मंदिर में सोमवार से ही पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शीतला अष्टमी का त्योहार होली से ठीक आठ दिन बाद आता है। इस साल शीतला अष्टमी 2 अप्रैल यानी आज है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के कृष्ण पक्ष के अष्टमी को मनाया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन मां शीतला का पूजन करने से कई तरह के दुष्प्रभावों से भक्तों को मुक्ति मिलती है। मान्यता है की मां शीतला का व्रत रखने से कई तरह के रोग दूर होते हैं। इनमें चेचक और चर्म रोग जैसी बीमारियां हैं।

सोमवार से श्रद्धालुओं की लग रही कतारः सोमवार से लगने वाले तीन दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं के आने का तांता लगा हुआ है। पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं से गुलजार है। मंदिर परिसर में जहां श्रद्धालुओं की लंबी कतारे देखी जा रही है। तो वहीं मेला क्षेत्र में कई अस्थाई दुकानें खुल गई है जहां ग्राहकों की भिड़ लगी हुई है। श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए दर्शन के लिए अपनी बारी का घंटों इंतजार करते देखे जा रहे हैं।

तालाब में स्नान करने से दूर होते हैं रोगः ऐसी मान्यता है कि शीतला माता मंदिर के पास बने शीतल कुंड तालाब में स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना करने से चेचक जैसी रोगों से निजात मिल जाती है। सभी प्रकार के चर्म रोग ठीक हो जाते हैं।

आज मघड़ा सहित आसपास के गांव में नहीं जलेंगे चूल्हेः मंगलवार यानी आज चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के अवसर पर मघड़ा गांव सहित आस-पड़ोस के लगभग एक दर्जन गांवों में चूल्हे नहीं जलाए जाएंगे। इसके लिए सोमवार को सप्तमी की तिथि को ही ग्रामीणों के द्वारा मीठी कुआं के जल से प्रसाद के रूप में भोजन सामग्री पकाई गई है। जिसे आज बसियौड़ा के रूप में ग्रहण करेंगें और अपने सगे संबंधी तथा ईस्ट मित्रों को भी प्रसाद खिलाएंगे। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चूल्हे जलाने से माता को तकलीफ होती है जिसका अनिष्ट फल मिलता है।

दूर दराज से पहुँच रहे लोगः मां शीतला की पूजा को लेकर दूर दराज जिला और इसके बाहर से श्रद्धालु मघड़ा गांव पहुंच रहे हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले का आज दूसरा दिन है। अहले सुबह से ही श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए कतार में लगे हुए हैं। वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है और पूरे परिसर की सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षद पति जयंत कुमार भी देखरेख में लगे हुए हैं। मंदिर के पुजारी विन्यम कृष्णम बताते हैं कि यह मां चेचक माता के रूप में जानी जाती है। यहां के कुंड में स्नान और यहां के हवन कुंड के भभूत को लगा लेने मात्र से ही चेचक जैसी बीमारियां दूर हो जाती है। आज मगरा और आसपास के गांव में चूल्हे नहीं चलेंगे मां के लिए बनाए गए सप्तमी के दिन के प्रसाद को ही ग्रहण करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

भूकंप के तेज झटकों से कांपी जापान की धरती, रिक्टर स्केल पर 6.1 मापी गई तीव्रता

टोक्यो, एजेंसी। जापान में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को उत्तरी जापान के इवाते और आओमोरी प्रान्त भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र इवाते प्रान्त का उत्तरी तटीय हिस्सा था।

बाल्टीमोर पुल हादसे को लेकर आया बड़ा अपडेट, जहाजों की आवाजाही के लिए अस्थायी चैनल खोला

बाल्टीमोर एजेंसी। अमेरिका के बाल्टीमोर में पिछले हफ्ते एक विशाल पुल से मालवाहक जहाज टकरा गया था। जिसके बाद उस रास्ते से किसी भी जहाज की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। वहीं, अब बाल्टीमोर पुल को लेकर आया बड़ा अपडेट आया है। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने कहा कि ढह गए बाल्टीमोर पुल के उत्तर-पूर्व की ओर एक अस्थायी चैनल सोमवार को खोल दिया गया है जिससे जहाज यातायात को आपदा स्थल पर फंसे कंटेनर जहाज के आसपास जाने में मदद मिल सके, जिससे सहायता अभियान को तेज करने में मदद मिलेगी। वहीं आगे उन्होंने कहा कि रिकवरी टीमें दूसरा अस्थायी चैनल खोलने पर काम कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि अस्थायी चैनल केवल सफाई प्रयासों में मदद करने वाले जहाजों के लिए खुलेगा, लेकिन बाल्टीमोर बंदरगाह के अंदर और बाहर वाणिज्यिक शिपिंग को फिर से शुरू करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम चल रहा है। यह तब सामने आई है जब व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि जो बिडेन शुक्रवार को शहर की यात्रा करेंगे। बता दें कि पिछले हफ्ते को मालवाहक जहाज पावर फेल होने के कारण पटाप्सको नदी पर बने पुल के स्तंभ से टकरा गया था। टक्कर के बाद पुल टूट गया था और छह लोगों की मौत हो गई थी। मलबे के कारण अब तक चार मजदूरों के शव बरामद नहीं हो सके हैं। इस मालवाहक जहाज के 21 सदस्यीय चालक दल में से 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई है। हादसे के बाद से चालक दल के सदस्य नदी में गिरे मलबे के कारण मौके पर फंसे हुए हैं।

अटलांटा एफबीआई फील्ड कार्यालय के प्रवेश द्वार से टकराया वाहन; जबरदस्ती अंदर घुसने की कोशिश

अटलांटा, एजेंसी। अटलांटा एफबीआई फील्ड कार्यालय के प्रवेश द्वार से एक वहन जबरदस्ती टकरा गया। सूत्रों के अनुसार, एफबीआई अटलांटा के प्रवक्ता टोनी थॉमस ने इसे जानबूझ कर सुविधा का उल्लंघन करने का प्रयास बताया है। वाहन चला रहा अज्ञात व्यक्ति इस घटना के तुरंत बाद वाहन से बाहर निकलकर भागने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसे पकड़ लिया गया। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसे जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। वह फिलहाल डेकाल्ब काउंटी पुलिस की हिरासत में है। एक प्रेस वार्ता के दौरान एफबीआई सहायक विशेष एजेंट प्रभारी पीटर एलिस ने बताया, वह (अज्ञात व्यक्ति) अंदर आने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना के दौरान किसी को चोट नहीं आई। बम तकनीशियनों द्वारा वाहन का निरिक्षण किया गया और उसे मंजूरी दी गई।

उत्तर कोरिया अपनी हरकत से नहीं आ रहा बाज, फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

टोक्यो, एजेंसी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने मंगलवार सुबह एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागी। जापान की सेना के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) दागी। यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर पानी में जाकर गिरी। बता दें कि उत्तर कोरिया ने स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 52 मिनट पर एक मिसाइल दागी गई। फिलहाल, विमान या जहाजों को नुकसान पहुंचने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

ईरान की गाजा पर चल रही थी मीटिंग, इजरायल ने बरसा दिए बम; टॉप जनरल भी मारे गए

येरुशलम, एजेंसी।
इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी जंग अब पूरे पश्चिम एशिया को चपेट में ले रही है। सोमवार को इजरायल ने सीरिया के दमिश्क में ईरानी कौंसुलेट पर हवाई हमला कर दिया। इस हमले में 7 लोग मारे गए हैं, इनमें से एक ईरान के टॉप सैन्य कमांडर भी हैं। इस हमले में ईरान की सेना से जुड़ी कुद्स फोर्स के जनरल मोहम्मद रेडा जाहेदी मारे गए हैं। 65 साल के जाहिदी कुद्स फोर्स के लिए काम करते थे और सीरिया एवं लेबनान में कवर ऑपरेशंस की निगरानी करते थे। बता दें कि ईरान की सेना का नाम रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स है, लेकिन उसकी विदेशी विंग को कुद्स फोर्स के नाम से जाना जाता है। इस तरह इजरायल के हमले में ईरान को बीते करीब एक साल में सबसे बड़ा नुकसान हुआ है।

इससे पहले भी इजरायल के हमले में ईरान के वैज्ञानिक और सैन्य नेताओं की हत्याएं हो चुकी हैं। इस मामले में इजरायल की सेना की ओर से कोई

बयान नहीं आया है। लेकिन नाम उजागर न करने की शर्त पर 4 अधिकारियों ने माना कि हमला इजरायल ने ही किया है। इस हमले की पुष्टि करते हुए ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लाहियान ने कहा कि मैंने सीरिया में बात की है। उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया है कि कैसे यहूदी सत्ता दूसरे देशों तक में हमले करा रही है। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि इजरायल को गाजा में हार झेलनी पड़ रही है। कई महीनों की जंग के बाद भी इजरायल खाली हाथ है। अब तक बेंजामिन नेतन्याहू फेल रहे हैं। ऐसे में वह अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। ईरानी सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह हमला एक सीक्रेट मीटिंग को टारगेट करके किया गया था। इस मीटिंग में ईरानी सेना के अधिकारियों के साथ फिलिस्तीनी उग्रवादी मौजूद थे। मीटिंग में चर्चा हो रही थी कि कैसे गाजा में इजरायल की सेना का मुकाबला किया जाए। इसी दौरान यह हमला हुआ, जिसमें 7 लोग मारे गए और उनमें से एक सीनियर ईरानी जनरल भी थे। इस बैठक में फिलिस्तीन में सक्रिय संगठन इस्लामिक जिहाद के लोग मौजूद थे। माना जाता है कि इस समूह को ईरान से आश्रय मिलता रहा है और वही इसकी फंडिंग भी करता है। इस्लामिक जिहाद के हेड जियाद नाखालेह पिछले सप्ताह ईरान की यात्रा पर भी आए थे।

इस जोरदार हमले के बाद ईरान भड़क गया है। सीरिया में ईरान के राजदूत हुसैन अकबरी ने कहा कि हम इस मामले में निर्णायक प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है, जो इजरायल ने किया है। उसे इसका अंजाम तो भुगतना ही होगा। वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कानानी ने कहा कि हमारे पास अधिकार है कि हम जवाब दें। अब हम तय करेंगे कि हमलावर को कैसे सजा देनी है और कब कैसे अटैक करना है।

अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों के दो विस्फोटों में 10 बच्चों की मौत, बाढ़ से भी तबाही

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों में विस्फोट का दो अलग-अलग घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा बाढ़ ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। घटनाएं गजनी और हेरात प्रांतों में हुई। यूनिसेफ ने पीड़ित परिवारों के साथ गहरी संवेदना व्यक्त की है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। यूएन माइन कार्रवाई सेवा का कहना है कि अफगानिस्तान में 1989 से अभी तक, बारूदी सुरंगों या युद्ध की शेष बची विस्फोटक सामग्री के फटने से लगभग 44 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। यह संख्या औसतन 110 प्रतिमाह के आसपास नजर आती हैं। यूनिसेफ ने 2022 के दौरान विस्फोटक सामग्री के प्रभाव पर तैयार की गई रिपोर्ट में ऐसे 700 बच्चों के मामले दर्ज किए हैं, जो या तो अपंग हो गए या उनकी मौत हो गई। ये संख्या औसतन हर दिन लगभग दो बच्चों के बराबर है।

इस बीच देश में 29 और 30 मार्च को हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में सात प्रांतों में 1,500 एकड़ फसल तबाह गई है और लगभग 540 घरों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उनमें छह पुलों और 450 किलोमाटर लंबी सड़क को नुकसान शामिल है। यूएन आपदा राहत समन्वय एजेंसी ओसीएचए के आंकड़ों में शुरुआती खबरों के आधार पर बताया गया है कि इस बाढ़ से प्रभावित होने वाले प्रांतों में प्रमुख हैं- उत्तरी क्षेत्र में फरयाब प्रांत, पूर्वी क्षेत्र में नांगरहार प्रांत और केंद्रीय क्षेत्र में डाइकूंडी प्रांत। यह तीसरा मौका है जब उत्तरी क्षेत्र को एक महीने में तीसरी बार बाढ़ का सामना करना पड़ा है। इस क्षेत्र में 21 मार्च और 26-27 मार्च को हुई भारी वर्षा से आई बाढ़ में कम से कम सात लोग मारे गए और 384 परिवार प्रभावित हुए हैं। हालांकि, 30 मार्च को आई बाढ़ से लोगों के किसी विस्थापन की खबरें नहीं हैं।

स्कॉटलैंड के नए घृणा अपराध कानून का विरोध शुरू, पीएम सुनक ने भी किया समर्थन

लंदन, एजेंसी। घृणा अपराध के खिलाफ बनाए गए स्कॉटलैंड के नए कानून को लेकर विवाद शुरू हो गया है। हेट क्राइम एंड पब्लिक ऑर्डर (स्कॉटलैंड) एक्ट को स्कॉटलैंड की संसद से साल 2021 में पारित कर दिया गया था, लेकिन इसे अब लागू किया गया है। नए कानून के तहत उम्र, दिव्यांगता, नस्ल, धर्म और लैंगिक पहचान को नए कानून के तहत घृणा अपराध से सुरक्षित किया गया है। हालांकि बोलने की आजादी के अधिकार के तहत इस कानून की तीखी आलोचना भी हो रही है।

मशहूर लेखिका जेके राउलिंग ने भी नए कानून का किया विरोधन्न नया कानून विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ नफरत पर प्रतिबंध नहीं लगाता है। सरकार का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ नफरत से निपटने के लिए जल्द ही नया कानून लाया जाएगा। हालांकि इस कानून से महिलाओं को बाहर रखने का विरोध हो रहा है। मशहूर लेखक जेके राउलिंग ने भी स्कॉटलैंड के घृणा अपराध कानून की आलोचना की है। साथ ही मशहूर मानवाधिकार कार्यकर्ता पीटर टचेल ने भी इस कानून को लेकर नाराजगी जाहिर की है। मशहूर उद्योगपति एलन मस्क ने भी स्कॉटलैंड के नए कानून को अभिव्यक्ति की आजादी के लिए खतरा बताया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी जेके राउलिंग का समर्थन किया है। उन्होंने नए कानून को लेकर कहा कि उनकी पार्टी अभिव्यक्ति की आजादी की हमेशा रक्षा करेगी।

पाक रक्षा मंत्री बोले- भारत से रिश्ते सुधरने की उम्मीद

कहा- दोनों देशों के संबंधों का खास इतिहास रहा है

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उम्मीद जताई है कि भारत में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद दोनों देशों के रिश्ते सुधर सकते हैं। इस्लामाबाद में नेशनल असेंबली के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, ÷वहां चुनाव होने के बाद हमारे रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। भारत-पाक संबंधों का अपना एक खास इतिहास रहा है।

पिछले 10 दिन में यह दूसरा मौका है, जब पाकिस्तान ने भारत से रिश्ते सुधारने के संबंध में बयान दिया है। इससे पहले 23 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा था कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय भारत के साथ व्यापार बहाल करना चाहता है। सरकार मामले से जुड़े लोगों से सलाह लेकर सभी प्रस्तावों की समीक्षा के बाद

निर्णय लेगी। हालांकि, इसके कुछ दिन बाद ही पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने भारत के साथ व्यापार शुरू होने की संभावनाओं से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था, ÷2019 में भारत ने जम्मू-कश्मीर में गैरकानूनी तरह से आर्टिकल 370 हटा दिया था। तब से भारत-पाक के बीच कोई व्यापारिक रिश्ते नहीं है। पाकिस्तान आज भी अपने इस रुख पर कायम है।÷

दूसरी तरफ, अफगानिस्तान से रिश्तों पर बात करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा, ÷मैंने एक डेलिगेशन के साथ अफगानिस्तान की यात्रा की थी। हमने तालिबान सरकार से आतंकवाद रोकने के लिए सही कदम उठाने की अपील की। लेकिन उन्होंने जो हल सुझाया उसे लागू करना मुमकिन नहीं है। ख्वाजा आसिफ ने कहा, ÷अफगानिस्तान की सरकार के रवैये के बाद पड़ोसी देशों के साथ संबंध को लेकर हमारे विकल्प दिनों-दिन कम होते जा रहे हैं। हमने हमेशा अफगानिस्तान का साथ दिया, उनके साथ जंग लड़ी और कुर्बानी दी।÷ फरवरी 2024 में भारत सरकार ने बताया था कि पाकिस्तान के साथ थोड़ा व्यापार अब भी हो रहा है। ये समुद्री रास्तों से हो रही है। पड़ोसी देश ने सिर्फ जमीनी सीमा के जरिए होने वाले इंपोर्ट-एक्सपोर्ट को एकतरफा तरीके से रोका था। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में कहा था- पहले अटारी-वाघा बॉर्डर और कराची बंदरगाह के जरिए व्यापार होता था। अब जमीनी रास्ते से कोई व्यापार नहीं हो रहा है। लेकिन कुछ व्यापार समुद्र और हवाई मार्ग से हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अन्य एशियाई देशों के जरिए भारत का सामान खरीद रहा है।

गायों के संपर्क में आया व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से हुआ संक्रमित

वॉशिंगटन, एजेंसी। टेक्सास में एक व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों का दावा है कि यह व्यक्ति संक्रमित गायों के संपर्क में था। टेक्सास के स्वास्थ्य अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना सोमवार को बताया कि मरीज को एंटीवायरल दवा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति में बर्ड फ्लू का एकमात्र लक्षण उसकी आंखों का लाल होना था। संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि विश्व स्तर पर किसी स्तनपायी से बर्ड फ्लू के इस प्रकार के संक्रमण का यह पहला ज्ञात मामला है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के प्रधान उप निदेशक डॉ. नीरव शाह ने कहा कि व्यक्ति-से-व्यक्ति में बर्ड फ्लू फैलने या मवेशी के दूध या मांस से किसी के संक्रमित होने का कोई सबूत नहीं है।शाह ने कहा कि आनुवंशिक परीक्षण यह नहीं बताते हैं कि वायरस अचानक अधिक आसानी से फैल रहा है या यह अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान एंटीवायरल दवाएं अब भी प्रभावी हैं। शाह ने कहा कि पिछले हफ्ते, टेक्सास और कन्सास में गायों के बर्ड फ्लू से संक्रमित होने की सूचना मिली थी। संघीय कृषि अधिकारियों ने बाद में मिशिगन की डेयरी में संक्रमण की पुष्टि की, जहां हाल में कुछ गायें टेक्सास से ले जाई थीं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों प्रभावित गायों में से किसी की भी मौत नहीं हुई है। 2020 के बाद से, बर्ड फ़्लू का वायरस विभिन्न देशों में कुत्तों, बिल्लियों, भालुओं और यहां तक कि सील आदि जानवरों में फैल रहा है। सीडीसी के पूर्व महामारी विशेषज्ञ डॉ. अली खान ने कहा कि अमेरिकी पशुओं में इस बीमारी का पता लगाना आसान नहीं है।

अमेरिकी कांग्रेस सदस्यों ने मंदिर हमलों की जांच पर ताजा जानकारी मांगी

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिकी कांग्रेस के भारतीय मूल के पांच सदस्यों ने सोमवार को न्याय विभाग से देशभर के हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ की घटनाओं पर जानकारी देने की मांग की, जिनमें से कुछ खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी थे। पांचों सदस्यों ने एक संयुक्त पत्र में लिखा, न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों ने हिंदू अमेरिकियों के बीच सामूहिक चिंता को बढ़ाने में योगदान दिया है।

इन प्रभावित समुदायों के नेताओं ने कहा है कि दुर्भाग्य से संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पूर्वाग्रह-प्रेरित अपराधों के संबंध में कानून प्रवर्तन समन्वय के बारे में चिंतित रहते हैं और वे हैरान रह जाते हैं कि क्या कानून के तहत समान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित संघीय निरीक्षण हो रहा है।

उनके कार्यालय ने कहा कि प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति इस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। अन्य चार हैं रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, अमी बेरा और श्री थानेदार। सदस्यों ने आगे कहा, घटनाओं की संख्या और घटनाओं के समय की निकटता संबंधों और उनके पीछे की मंशा के बारे में परेशान करने वाले सवाल खड़े करती है।

किसी ऐसे समुदाय के भीतर डर पैदा करने के लिए नफरत के अपेक्षाकृत कम समन्वित कृत्यों की आवश्यकता होती है जिसे अक्सर हाशिए पर या उपेक्षित किया गया है, और हमें अमेरिका में सभी धार्मिक, जातीय, नस्लीय और सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत का मुकाबला करने के लिए सहयोगात्मक रूप से काम करना चाहिए। इसलिए, हम अनुरोध करते हैं आप हमें यह समझ प्रदान करें कि विशेष रूप से अमेरिका में हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराधों के संबंध में विभाग की रणनीति क्या है।

हेवर्ड, कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर को जनवरी में खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र उकेरे गए थे। इसके कुछ ही सप्ताह बाद कैलिफोर्निया के नेवार्क में एक मंदिर पर भी इसी तरह के भित्तिचित्र देखे गए थे। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक बयान में कहा था, पिछले कुछ हफ्तों में कम से कम दो घटनाएं दर्ज होने के साथ खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा हिंदू मंदिरों पर हमले बढ़ रहे हैं। 2023 में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी और बर्बरता की दो घटनाओं में खालिस्तानी समर्थक कार्यकर्ता शामिल थे।

बांग्लादेश में विपक्ष ने चलाया बॉयकॉट इंडिया कैंपेन, पीएम शेख हसीना ने लगाई लताड़

ढाका एजेंसी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत का बहिष्कार अभियान पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस अभियान को चलाने के लिए विपक्ष की तीखी आलोचना की साथ ही उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया है। बहिष्कार का आह्वान विपक्ष के इन आरोपों के बीच आया है कि भारत बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप कर रहा है। पीएम हसीना इस अभियान को लेकर अब विपक्ष पर हमलावर हो गई हैं। उन्होंने भारत का बहिष्कार करने वाले सभी विपक्ष से सीधा सवाल भारत के उत्पादों के उपयोग को लेकर किया है। पीएम ने विपक्ष से भारत की साड़ी और मसालों को के उपयोग पर सवाल किया है। एक भाषण में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर विपक्षी बीएनपी नेता सच में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करेंगे तो वे अपनी पत्नियों की भारतीय साड़ियां जला देंगे? पीएम ने आगे कहा, बीएनपी नेता भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की वकालत कर रहे हैं। मेरा प्रश्न उनसे यह है कि बहिष्कार कर रहे नेताओं की पत्नियों के पास कितनी भारतीय साड़ियां हैं?

शहबाज शरीफ ने चीनी नागरिकों के लिए फुल प्रूफ सुरक्षा देने का वादा किया

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने अपने देश में काम करने वाले चीनी नागरिकों के लिए फुल प्रूफ सुरक्षा देने का वादा किया है। पिछले सप्ताह ही एक सुसाइड हमले में चीन के पांच इंजीनियरों की मौत हो गई थी। सोमवार को उनके शव इस्लामाबाद से चीन पहुंचाए गए। शहबाज का चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का वादा तब सामने आया है जब चीन की सरकार ने हमले पर पाकिस्तान से दो टूक शब्दों में अपने नागरिकों की सुरक्षा देने की मांग की थी। अपुष्ट खबरें हैं कि चीन ने पाकिस्तान से कहा कि अगर उससे यह काम नहीं होता तो वह खुद ही अपने नागरिकों को सुरक्षा देगा।

26 मार्च को, पांच चीनी श्रमिकों और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर की एक

आत्मघाती हमले में मौत हो गई। हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार उनकी बस से टकरा दी थी, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने इस मामले में तुरंत जांच बैठाई। इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। जांच में चीन से आई टीम भी पाकिस्तान को सहयोग कर रही है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को टारगेट करते हुए यह पहला हमला नहीं है, पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को लगातार टारगेट किया जा रहा है, जिस पर चीन ने अब गंभीरता दिखानी शुरू कर दी है।

पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज़ शरीफ सोमवार को चीनी दूत जियांग ज़ैदोंग के साथ दासू बांध परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों से मिलने के लिए पहुंचे। शहबाज ने खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी कोहिस्तान जिले में दासू का दौरा किया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान, शरीफ ने श्रमिकों की सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए तत्काल उपाय करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

शहबाज ने कहा, मैं तब तक आराम नहीं करूंगा जब तक हम आपकी सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा उपाय नहीं कर लेते। न केवल दासू बल्कि पूरे पाकिस्तान में। शरीफ ने कहा, यह चीन के लोगों और राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित चीनी नेतृत्व से उनका वादा है। शरीफ ने चीनी नागरिकों को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार जांच समिति की सिफारिशों पर कार्रवाई करने में कोई समय बर्बाद नहीं करेगी।

गौरतलब है कि 2015 से पाकिस्तान की विशेष सैन्य इकाई जिसमें हजारों पाक सैन्यकर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस दल भी शामिल हैं, लगभग 60 बिलियन डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर काम कर रहे चीनी नागरिकों को सुरक्षा दे रही है। सीपीईसी के नाम से लोकप्रिय यह मेगा-प्रोजेक्ट बीजिंग की वैश्विक बेल्ट एंड रोड पहल का हिस्सा है।

संक्षिप्त समाचार

ईटी नम्बर से मिली सूचना पर पुलिस ने 9 लीटर शराब के साथ धंधेबाज को किया गिरफ्तार

रजौली। थाना क्षेत्र के जोगियामारण गांव से एसआई गौतम कुमार ने 9 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों की सहायता से लगातार छापेमारी की जा रही है।इसी बीच मंगलवार को पटना मुख्यालय के ईटी नम्बर से जोगियामारण गांव के स्व दुखी मांझी के पुत्र बालेश्वर मांझी के द्वारा शराब बिक्री को लेकर सूचना मिली।सूचना के आलोक में थाना में पदस्थापित एसआई गौतम कुमार को सशस्त्र बलों के साथ आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर भेजा गया।छापेमारी के दौरान बालेश्वर मांझी के घर से एक प्लास्टिक की बाल्टी में रखे तीन उजले रंग के प्लास्टिक में रहे 3-3 लीटर में रहे कुल 9 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया है।साथ ही शराब धंधेबाज को पुलिस बलों द्वारा गिरफ्तार कर थाना परिसर लाया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।गिरफ्तार शराब धंधेबाज को बुधवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

बिजली तार के टकराने पर गिरी चिंगारी से फसल जलकर राख



नवादा। जिले के पकरीबरावां प्रखंड के दो अलग- अलग स्थानों पर बिजली के तार टकराने पर गिरी चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख हुई है। पहली घटना धमौल थाना इलाके के रेहड़ी गांव के बधार में मंगलवार की सुबह हुई, जहां ढीले हो चुके 11 हजार केवीए के तार के आपस में टकराने के बाद गिरी चिंगारी ने गेंहू की फसल को अपनी आगोश में ले लिया। पलक खेत में काम कर रहे किसान कुछ समझ पाते इससे पहले ही फसल धू- धूकर जलने लगी। आग की तेज लपटे देख आसपास के दर्जनों लोग दौड़े। ट्यूबवेल को चालू किया गया, तब तक लगभग दो बीघे में लगे गेंहू की फसल जलकर राख हो चुकी थी। अगर लोग तत्परता नहीं दिखाते तो सैकड़ों बीघा में लगे गेंहू की फसल जलकर राख हो जाती। हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार एवं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव ने तत्काल अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीण व समाजसेवी फोशन यादव ने बताया कि रामबालक यादव, कारू यादव, धनेश्वर यादव एवं भगवान यादव की फसल जली है। लगभग 50 हजार रुपए के फसल के नुकसान का अनुमान है। आगलगी की सूचना पर धमौल थाना के एएसआई रामसागर पंडित ने घटनास्थल पर पहुंच मामलें की जांच की। इधर, लोगों ने सीओ से क्षति का आंकलन कर मुआवजें की मांग की है। साथ ही झूल रहे तार को ठीक करने की मांग की है। दूसरी ओर, डुमरावां गांव में भी आगलगी की घटना हुई है। इस घटना में सुरेंद्र सिंह के खेत में आग लगने से लगभग 15 कट्ठा में लगे गेंहू की फसल जलकर राख हुई है, जिसका 20000 रुपए नुकसान का अनुमान है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के पहल पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया।

प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र शुरू

भगवानपुर/बेगूसराय। प्रखंड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया। छह से 14 आयु वर्ग के अनामांकित एवं छीजित बच्चों के नामांकन का विशेष अभियान ' प्रवेशोत्सव' भी शुरू हो गया है।यह 30 जून तक चलेगा। इसके अंतर्गत हर स्कूल के पोषक क्षेत्र के बच्चों की बालपंजी भी बनेगी, जिसे डिजिटिल किया जायेगा। स्कूलों में प्रतिदिन अनामांकित बच्चों के नामांकन, छीजित बच्चों के नामांकन एवं टोले के बच्चों को लाने की जिम्मेदारी शिक्षा सेवकों पर होगी।यह जानकारी बीपीएम विवेक कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि प्रवेशोत्सव अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय के पोषक क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है।

पुलिस के वाहन जांच से हड़कंप

बखरी(बेगूसराय)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बखरी थाना पुलिस के द्वारा क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। कारगिल चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मेन रोड से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया। साथ ही जांच करते हुए हिदायत देते हुए छोड़ा गया। बिना हेल्मेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया।पुलिस का कहना है। कि क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है।जिससे असामाजिक तत्वों में डर पैदा बना रहे। इस दौरान वाहन जांच अभियान में पुलिस बल के जवान मौजूद थे

प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र शुरू

भगवानपुर/बेगूसराय। प्रखण्ड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया। छह से 14 आयु वर्ग के अनामांकित एवं छीजित बच्चों के नामांकन का विशेष अभियान ' प्रवेशोत्सव' भी शुरू हो गया है।यह 30 जून तक चलेगा। इसके अंतर्गत हर स्कूल के पोषक क्षेत्र के बच्चों की बालपंजी भी बनेगी, जिसे डिजिटिल किया जायेगा। स्कूलों में प्रतिदिन अनामांकित बच्चों के नामांकन, छीजित बच्चों के नामांकन एवं टोले के बच्चों को लाने की जिम्मेदारी शिक्षा सेवकों पर होगी।यह जानकारी बीपीएम विवेक कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि प्रवेशोत्सव अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय के पोषक क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है।

एस के महिला कॉलेज के छात्रा दामिनी मिश्रा शास्त्रीय संगीत में तीसरा पुरुस्कार

बेगूसराय। भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली एवं पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 37वीं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 28 मार्च से 01अप्रैल 2024 में एस.के. महिला कॉलेज बेगूसराय (लनाविवि दरभंगा)की छात्रा दामिनी मिश्रा ने शास्त्रीय संगीत की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर बेगूसराय एवं बिहार का नाम रौशन की।दामिनी मटिहानी प्रखंड के रामदीरी लवहरचक दयानन्द मिश्र की सुपुत्री है।ग्रामीण परिवेश में रहकर अपनी साधना से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। लनामिविवि से कुल 11 विधाओं में प्रतिभागियों ने भाग लेकर कई पुरस्कार प्राप्त किए। दामिनी की इस उपलब्धि पर ल.ना.वि.वि. दरभंगा के कुलपति प्रो.संजय कुमार चौधरी,प्रो. लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या',डॉ.रीता सिंह, सुमित कु.झा,एस.के महिला कॉलेज बेगूसराय के प्रिंसिपल डॉ.विमल गुप्ता,डॉ.रुमा सिंह,विश्व विख्यात सितार वादक पार्थो बोस,डॉ.भगवान प्रसाद सिंहा,शिवप्रकाश भारद्वाज, डॉ. कुन्दन कु.नागेंद्र कु.सनोज,अमन,मोनिका,सदानंद मिश्र,भारती मिश्रा सहित अन्य लोगों ने शुभकामनायें दी।

एक ही लक्ष्य-विकसित भारत के साथ विकसित नवादा,प्रत्याशी विवेक ठाकुर

भाजपा सांसद प्रत्याशी ने रजौली के दर्जनों गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

निज संवाददाता। **रजौली**

लोकसभा क्षेत्र नवादा के भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने सोमवार को रजौली विधान सभा के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया।इस दौरान सांसद प्रत्याशी विवेक ठाकुर का पारंपरिक तरीके से कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के द्वारा गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया।सबसे पहले रजौली के लालू मोड़ आगमन पर उनका स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के अगुवाई में किया गया। तत्पश्चात रजौली प्रखंड के सलेमपुर, बीजवन, लेंगूरा, तारगीर, धमौल पसरैला, उमरांव बिगहा, दोपटा, उसमान, मुड़हेना, बहादुरपुर, करीगांव, अंधरवारी, बड़हर, मनहर, अमावां, बंधन छपरा, सिमरकोल एवं पार रजौली के लोगों से मिलकर समस्याओं से रूबरू होते हुए एवं उनसे आशिर्वाद प्राप्त करने के बाद राज शिवाला, ठाकुरवाड़ी, संगत मनोकामना धाम मे दर्शन एवं पूजन के उपरांत रजौली बाजार का भ्रमण किए। अंत में रजौली भाजपा कार्यालय के समीप कार्यकर्ताओं से भेंट-वार्ता कर मोदी जी के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।उन्होंने अपने अभिवादन में कहा कि कम समय है और सभी जगह जाना सम्भव नहीं है।इसलिए यहां के हरेक व्यक्ति को विवेक

ठाकुर बनकर प्रचार प्रसार करना है।उनके द्वारा मोदी जी के कुशल नेतृत्व में संचालित उज्वला योजना,राशन कार्डधारियों को आयुष्मान कार्ड योजना, गरीबों के लिये संचालित खाद्यान्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा पिछड़ा जिला नवादा को विकसित बनाना है,तब जाकर विकसित भारत होगा।

नवादा जिले में परमाणु प्लांट,केंद्रीय विद्यालय,नवादा से पटना को जोड़ने के लिए सीधी रेलवे लाइन एवं डीह रजौली में पुलिया के निर्माण तथा सीतामढ़ी स्थित मंदिर व ऋषियों की भूमि को पर्यटक बनाने जैसे लंबित बड़े-बड़े योजनाओं पर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व में दुनिया के सामने भारत का कद बढ़ते जा रहा है।इसलिए उनके हाथ को मजबूत करने हेतु नवादा से प्रचंड एवं ऐतिहासिक वोट से उन्हें जिताने का काम करें।मौके पर पूर्व विधायक कन्हैया रजवार,मण्डल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य उर्फ गगन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना, बारत पंचायत के मुखिया नागेश कुमार सोनू, मोहन गुप्ता, महेश राय,जिला परिषद सरोज राजवंशी, रंजन कुमार बब्लू, बब्लू राजवंशी, सुरेश सिंह, विमल राजवंशी के अलावे सैकड़ों महिला पुरुष एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिजली की चिंगारी से आग लगने से गेहूं की लहलहाती फसल जलकर राख

निज संवाददाता। **कौआकोल**

कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली पंचायत के रूपी गांव में मंगलवार को बिजली की चिंगारी से अचानक आग लग जाने से खेत में लहलहाती गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। जिससे लगभग दो लाख रुपये मूल्य की गेहूं के जलकर राख होने का अनुमान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत से ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार केवी के बिजली तार पर ताड़ के पेड़ का बड़ा टहनी टूटकर गिर गया। जिससे निकले चिंगारी ने खेत में लगे गेहूं की फसल को आगोश में ले लिया। जिससे देखते ही देखते किसान भूषण यादव,महेंद्र यादव,उपेन्द्र यादव,नवलेश यादव,सुखदेव यादव एवं राजेन्द्र प्रसाद के खेत में गेहूं के फसल को जलाकर राख कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका। जिससे और अधिक नुकसान होने से रोका गया। पीड़ित किसानों ने कहा गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार थी। परंतु अग्नि ने उनलोगों के मेहनत पर पानी फेर दिया। उनलोगों की एक वर्ष की फसल की कमाई जलकर राख हो गया। जिससे किसानों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की गई है।

सिगदाहा की एक प्रीता ने बरौली थाने में आवेदन देकर दो लोगों द्वारा जान करने के नियत से मारपीट एवम इज्जत लूटने की कोशिश करने का आरोप लगाया है

निज संवाददाता। **बरौनी/ बेगूसराय**

बरौनी थाना क्षेत्र के सिगदाहा निवासी मो० इस्माइल की पत्नी निसरत खातुन ने बरौनी थाना में आवेदन देकर अपने ही ग्रामीण पड़ोसी मो०रुसतम का पुत्र मो०सोहराव वो मो०रुसतम का पुत्र मो० अल्ताफ दोनों पिता पुत्र ने रात्रि के करीब 9:00 बजे लाठी, डंडा, एवं लोहे का रोड लेकर घर में समा गए और गाली गलौज करते हुए बुरी तरह से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं शरीर पर के साड़ी को खींचकर मुझे अर्धनग्न कर दिया। यह दोनों मेरे साथ बार-बार मारपीट करता है इतना ही नहीं मेरे देवर को इसने तेज हथियार से हाथ भी काट दिया था। शोर होने पर अगल-बगल के ग्रामीण जब दौड़कर आए ,यह दोनों पिता पुत्र गालियां देते हुए भाग निकले। इसी क्रम में जब मेरा देवर दौड़ कर आया उसके साथ भी मारपीट किया गया और उससे कहा की एक बार हाथ कटे थे अब एक पर भी काट देंगे। आवेदन लेकर बरौनी थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या-139/24 धारा- 341, 320, 448, 307, 504, 506, 354,(@) के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है।

12वीं के छात्रों का नामांकन , परीक्षा परिणाम में त्रुटि सुधार सहित विभिन्न शैक्षिक समस्याओं के सुधार हेतु एबीवीपी का धरना

निज संवाददाता। **बेगुसराय**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक दिवसीय धरना आज जीडी कॉलेज में आयोजित हुआ । महाविद्यालय कैंटीन से प्रारंभ होकर विज्ञान भवन , कला संकाय के विभाग, मुख्य द्वार होते हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं सामान्य छात्र-छात्राओं का जुलूस प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर पहुंचकर धरना में तब्दील हो गया । निकम्मा प्रशासन मुर्दाबाद छात्र-छात्राओं के समस्या के समाधान-तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी इत्यादि नारे से परिसर गूंजता रहा । छात्र-छात्राओं की सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का आंदोलन समस्याओं को समाधान में बदलने के लिए होता है । विगत दो दिनों में विद्यार्थी परिषद ने 8 मांग महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से प्रशासन से की है जिसमें से शत प्रतिशत मांगों पर कार्रवाई प्रारंभ हो गई । हम समस्याओं को हर संभव

उचित समाधान की ओर ले जाते हैं इसी खूबसूरती के कारण छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद से आशा रहती है जिसे हम पूरा भी करते हैं । बेगूसराय उत्तरी के जिला संयोजक राज दीपक गुप्ता एवं नगर मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि आज सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए हैं जिसमें अधिकांश 12वीं के छात्र हैं । विद्यार्थी परिषद इन छात्र-छात्राओं के एक वर्ष बर्बाद होने नहीं देगी । हम कॉलेज से लेकर पटना तक इस मुद्दे पर आंदोलन किए हैं एवं आज इस समस्या का समाधान हुआ है । अब छात्र-छात्राओं का नामांकन 12वीं में उसी महाविद्यालय में करने के लिए पोर्टल पर डिग्री कॉलेज का भी नाम आएगा । यह विद्यार्थी परिषद के आंदोलनात्मक शक्ति का परिचायक है । कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रहलाद कुमार एवं नगर सह मंत्री अमन कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय में बने हुए साइकिल स्टैंड में एक गार्ड की नियुक्ति तथा उसे सुचारु करने का मांग की जिसे अविलंब पूरा कर दिया गया । इसके साथ ही महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए 6 स्थान पर पेयजल की व्यवस्था तथा समय से काउंटर खुलने एवं बंद होने के बात पर सहमति बनी । कॉलेज मंत्री आलोक कुमार एवं उपाध्यक्ष उज्जवल कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के पुस्तकालय में 3 वर्षों से अर्ध निर्मित शौचालय है जिसे इसी सप्ताह पूरा किया जाएगा । इसके अतिरिक्त एनसीसी कार्यालय में आधारभूत संरचना हेतु सामग्री भी दी जाएगी । इस अवसर पर वार्ता हेतु आए प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राम अवधेश कुमार बड़सर प्रोफेसर कमलेश कुमार एवं लेखपाल कल्यानेश अग्रवाल ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से यह लिखित वादा किया कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक यह सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे । इसके बाद विद्यार्थी परिषद का आंदोलन समाप्त हुआ । इस अवसर पर सोशल मीडिया प्रमुख मनीष कुमार एवं कृष्ण कुमार ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया । मौके पर मंगल माधव, राकेश कुमार ,राहुल कुमार, गौरव कुमार ,गुलशन कुमार , प्रिंस रोहित ,राजा , हर्ष , अभिषेक आशुतोष, अनीश सहित कई कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्र उपस्थित थे ।

चाय पिलाने के बहाने राजस्व कर्मचारी को बुलाया, फिर फिल्मी स्टाइल में करा दी शादी...

निज संवाददाता। **बेगुसराय**

बिहार में एक बार फिर पकड़ौआ विवाह का मामला सामने आया है। बेगूसराय में लड़की वालों ने पहले तो राजस्व कर्मचारी को चाय पीने के बहाने अपने घर बुलाया और बाद में अपनी लड़की को परीक्षा दिलाने के बहाने राजस्व कर्मचारी के पास भेज दिया और थाने में बेटी को अगवा करने का मामला दर्ज करा दिया। जैसे ही इस बात की जानकारी राजस्व कर्मचारी को हुई वह लड़की के साथ थाने पहुंचा, जहां उसकी मंदिर में शादी करा दी गई। दरअसल, छौड़ाही थाना क्षेत्र के पतला गांव निवासी श्याम नारायण महतो का बेटा रिंटू कुमार सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर प्रखंड में राजस्व कर्मचारी के पद पर तैनात है। समस्तीपुर के रहने वाले जागेश्वर प्रसाद ने अपनी बेटी के विवाह का

प्रस्ताव रिंटू के घर भेजा था लेकिन रिंटू ने फिलहाल शादी नहीं करने की बात कर रिश्ता वापस लौटा दिया। इसी बीच एक महिना पहले जब रिंटू छुट्टियों पर घर आया था तभी लड़की भी अपने रिश्तेदार के घर रिंटू के गाव पहुंची थी।लड़की के रिश्तेदारों ने राजस्व कर्मचारी रिंटू को चाय पर अपने घर बुलाया और वहां लड़की से उसकी मुलाकात कराई। इसके बाद रिंटू वापस सीतामढ़ी चला गया। इसी बीच लड़की के रिश्तेदार ने राजस्व कर्मचारी को फोन किया कि एक युवक का परीक्षा सीतामढ़ी में पड़ा है और उसके ठहरने की व्यवस्था करने को कहा गया। जिस पर राजस्व कर्मचारी मान गया और कहा कि कोई दिक्कत नहीं है भेज दीजिए, परीक्षा दिलवा देंगे। बीते बुधवार को लड़की राजस्व कर्मचारी रिंटू के कमरे पर पहुंच गई। इसके बाद लड़की के पिता ने थाने में आवेदन दिया कि राजस्व कर्मचारी रिंटू ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है। जिसके बाद पुलिस ने राजस्व कर्मचारी के मोबाइल पर फोन किया और लड़की को लेकर थाने पहुंचने को कहा। राजस्व कर्मचारी लड़की को लेकर समस्तीपुर पहुंच, जहां स्टेशन पर मौजूद विभूतिपुर थाने की पुलिस ने दोनों को वहां से थाने ले गई। इसके बाद बाबा विभूतिपुर मंदिर में राजस्व कर्मचारी का पकड़ौआ विवाह करा दिया गया। राजस्व कर्मचारी के पिता का आरोप है कि उन लोगों को पुलिस ने सूचना तक नहीं दी। परिजनों ने सोची समझी साजिश के तहत उनके बेटे की शादी कराने का आरोप लगाया है। पूरे मामले में राजस्व कर्मचारी का बयान नहीं आया है हालांकि, लड़की वालों का कहना है कि लड़के के साथ शादी के लिए कोई जोर जबरदस्ती नहीं की गई है। शादी के बाद लड़की को लड़के के साथ भेज दिया गया है।

आंगनबाड़ी सेविका की पुत्र ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर बढ़ाया सम्मान

निज संवाददाता। **खोदावंदपुर/ बेगूसराय**

प्रतिभा किसी भी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती, वह विपरित परिस्थितियों के बीच भी अपना रास्ता स्वयं ढूंढ लेती है. यह साबित कर दिखाया है बेगूसराय जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड खोदावन्दपुर क्षेत्र के फफौत पंचायत अंतर्गत चकवा गांव निवासी आंगनबाड़ी सेविका चंदा देवी के पुत्र आदित्य कुमार रंजन ने, उसने वर्ग छह के लिए आयोजित होने वाली नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 में सफल होकर गांव ही नहीं बल्कि पूरे प्रखंड क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है. पिता राजीव कुमार रंजन घर पर ही एक छोटी सी दुकान चलाते हैं. लिहाजा घर की माली हालत बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती. विपरीत परिस्थितियों से

जूझते हुए मिली इस सफलता से आस-पास के सभी लोग काफी खुश हैं. आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा एवं माता-पिता के साथ मार्गदर्शक डी बी पब्लिक स्कूल खोदावंदपुर के निदेशक जयशंकर कुमार को दिया है. वह बड़ा होकर आईएएस बनना चाहता है.

टीवी मरीज को स्वरोजगार के लिये दी गयी सिलाई मशीन

निज संवाददाता। **छौड़ाही बेगुसराय**

टीवी मरीजों की विशेष देखभाल हेतु सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं उन्हें गोद लेकर पौष्टिक आहार व अन्य प्रकार का सहयोग कर रही है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को एपीएचसी परिसर में चक्का वार्ड संख्या 1 निवासी टीवी मरीज ज्योति कुमारी को अहन संस्था के सहयोग से जीविकोपार्जन के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध करायी गयी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, अहन संस्था के राजकुमार, शिवम कुमार, फार्मासिस्ट मुकेश कुमार सिन्हा, एलटी सुधीर ठाकुर, एसटीएस परमहंस कुमार ने मरीज को सिलाई मशीन भेंट की।

छौड़ाही हाट बंद होने से आदेश से जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोग हुये नाराज, हाट पर निर्भर व्यापारी तथा आमलोगों की बढ़ेगी परेशानी

निज संवाददाता। **छौड़ाही बेगुसराय**

राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय छौड़ाही मटिहानी के खेल मैदान में गुरुवार व रविवार को लगने वाले हाट की बंदी से स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। गौरतलब है कि एसडीएम मंझौल के निर्देश का हवाला देते हुये सीओ ने सोमवार को अगले आदेश तक हाट के बंद रखने की आम सूचना जारी की थी। इस प्रकरण में विद्यालय के खेल मैदान में हाट लगाने की बात सामने आयी है। जिसकी शिकायत पूर्व में एक स्थानीय ग्रामीण ने जिला स्तर के अधिकारी से लेकर सीएम के जनता तक की थी। इधर

प्रखंड प्रमुख सतीश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संजय पासवान, जदयू नेता रामनरेश आजाद, रामबहादुर सुमन, अनिल कुमार, अहमद मंसूरी आदि लोगों ने विरोध जताते हुये कहा कि इलाके के करीब पांच पंचायतों के व्यापारी व आमलोग हाट पर निर्भर हैं। तकरीबन दो दशक से व्यापारी अपनी रोजी रोटी तो आमलोग हाट से साग, सब्जी, फल आदि सामग्री की खरीदारी कर जीवन बसर करते आ रहे हैं। खासकर हाट के बंद होने पर रमजान के पाक महीने में रोजेदारों को भी परेशानी उठानी पड़ेगी। जिसको देखते हुये सबों ने एकसुर में जनहित के लिये हाट बंदी के आदेश को निरस्त करने की मांग अधिकारियों से की। उधर विरोधाभास की सूचना पर सोमवार की संध्या मंझौल एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ स्वयं विद्यालय परिसर पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के जनहित की बाते सुनकर विद्यालय प्रबंधन व स्थानीय लोगों को अपना पक्ष रखने के लिये अनुमंडल कार्यालय बुलाया। इस संदर्भ में सीओ चन्द्रप्रकाश पांडेय ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय कुछ लोग गये हैं। वहां से अभी तक किसी प्रकार की सूचना नहीं मिली है। सूचना अथवा किसी का प्रकार का आदेश मिलने के पश्चात ही इसकी जानकारी दिया जा सकता है।

विचार-मंथन

संपादकीय

विपक्षी गठबंधन में रार

महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर लंबी बातचीत के बाद भी किसी नतीजे पर पहुंचे बगैर जिस तरह से शिवसेना (बीटी) ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी ने बातचीत समाप्त करते हुए अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी, वह विपक्षी दलों के एकजुटता प्रयासों पर सख्त टिप्पणी है। इस तरह के एकतरफा फैसले बताते हैं कि विपक्षी दलों ने देशव्यापी गठबंधन इंडिया. की घोषणा भले कर दी हो, उनमें आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाने का कोई कारगर मैकेनिज्म डिवेलप नहीं हो पाया है। इससे वोटरों के एक हिस्से के मन में बैठे इस संदेह को भी ताकत मिलती है कि जब ये दल चुनाव से पहले कोई तालमेल नहीं बना पा रहे तो बहुमत मिलने के बाद पांच साल सरकार कैसे चलाएंगे। हालांकि चाहे बात मुंबई की हो या सांगली की, दोनों जगह शिवसेना (बीटी) के इस कदम से कांग्रेस ही प्रभावित हो रही दिखती है। सांगली पारंपरिक तौर पर कांग्रेस की सीट रही है। वहां आजादी के बाद से 2014 तक कांग्रेस ही जीतती रही है। वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वसंत दादा पाटिल की सीट रही है। इस बार उनके पोते विशाल पाटिल को कांग्रेस का टिकट दिए जाने की चर्चा थी। मुंबई कांग्रेस की मौजूदा अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम दोनों इस स्थिति से नाराज बताए जाते हैं। निरुपम ने तो अल्टिमेटम देते हुए यहां तक कह दिया है कि अगर पार्टी नेतृत्व इस मसले पर कोई स्टैंड नहीं लेता तो उनके सभी विकल्प खुले हैं। कांग्रेस के लिए यह कठिन स्थिति इसलिए भी है कि इससे कार्यकर्ताओं में यह संदेश जा सकता है कि पार्टी अपनी जमीन बचाने को लेकर गंभीर नहीं है। लेकिन ज्यादा सीटों पर लड़ने के बजाय विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या बढ़ाने के घोषित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देखें तो कांग्रेस नेतृत्व का कथित नरम रुख असंगत नहीं लगता। मुंबई की ये सीटें पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में पार्टी हार चुकी है। दूसरी तरफ शिवसेना (बीटी) के सामने पिछले चुनाव में अविभाजित पार्टी की जीती तमाम सीटें बचाने की चुनौती है। संभवतः यही वजह है कि कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर कड़ा बयान जारी नहीं किया है।

कैसा होगा यूपी का सियासी आसमान

(प्रणय विक्रम सिंह)

लोक सभा चुनावों की घोषणा ने उत्तर प्रदेश के सियासी तापमान को एकाएक बढ़ा दिया है। यहां की हर गली, हर कूचा, हर चौराहा, हर चौपाल राजनीतिक गुफ्तगू से आबाद है। पूरा देश सबसे अधिक लोक सभा सीटों वाले यूपी की तरफ निहार रहा है। सबके जेहन में एक ही सवाल है कि दिल्ली का रास्ता बनाने वाला उत्तर प्रदेश किसको अपना साथी बनाएगा? अंत्योदय बनाम परिवारोदय, दंगा बनाम चंगा, एक जनपद-एक उत्पाद बनाम एक जनपद-एक माफिया, जाति बनाम जागृति, अपराधीकरण बनाम आधुनिकीकरण, विकास बनाम विनाश, संतुष्टिकरण बनाम तुष्टिकरण और लोक-कल्याण बनाम अपना-कल्याण की इस जंग में आखिर अवध का मन, पूर्वांचल की आशा, बुंदेलखण्ड की अपेक्षा और पश्चिमांचल की अभिलाषा किस सियासी जमात को अपना हमकदम बनाएगी? कोई 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' की पतवार के सहारे अपनी सियासी नैया पार कराने की तैयारी में है, तो कोई स्वंयभू 'बहुजन मिशन' के कोरस में खुद को पुनः स्थापित करने की फिराक में है। फैसला जनता को करना है। तो आइए समझते हैं कि आखिर जनता किन मुद्दों के आधार पर अपने मत का निर्णय करती है। सामान्यतः आमजन आस्था, अस्मिता, आजीविका और अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सुविधा, सुरक्षा, संभावना को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दल अथवा अपने नुमाइंदे का चुनाव करता है। कभी-कभी ये सभी बिंदु जातीय गोलबंदी के किले में कैद होकर 'प्रभावहीन' भी हो जाते हैं। अतः चुनाव के समय का वातावरण भी मत निर्माण में महत्वपूर्ण कारक सिद्ध होता है। जनता-जनार्दन की इन सभी मानकों और कसौटियों पर डबल इंजन सरकार अन्य दलों से काफी आगे है। सात वर्ष पूर्व का बीमारू राज्य आज योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में देश का ग्रोथ इंजन बन गया है और यह वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। अभी हाल ही में संपन्न हुई ग्राउंड ब्रेकिंग

> *क्या प्रदेश के करोड़ों लोगों को पोषित कर रही डबल इंजन सरकार की लोक कल्याणकारी और निर्माणकारी योजनाओं से कांशीराम के बहुजन उत्थान मिशन को आकार नहीं मिल रहा है? आजीविका, आसरा, अस्मिता, आस्था और अर्थव्यवस्था के संरक्षण और संवर्धन की गारंटी बने योगी के उत्तर प्रदेश में क्या जय प्रकाश नारायण की 'संपूर्ण क्रांति' का दर्शन साकार नहीं हो रहा है।*

सेरेमनी 4.0 (जीबीसी) में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतरा है। अगर अबतक हुए सभी चार जीबीसी की बात करें तो ये आंकड़ा तकरीबन 16 लाख करोड़ रुपए पहुंचता है। ये 'निवेश राशि' देश और दुनिया में राज्य के प्रति बदले परसेप्शन की गवाही है। दीगर है, किसी भी स्थान पर निवेशक तभी आते हैं जब वहां सुरक्षा, सुविधा और समृद्धि की संभावना होती है। उत्तर प्रदेश में हुआ भारी निवेश द्योतक है कि यहां सभी कुछ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। उद्योगों के लगने से लाखों रोजगारों का सृजन हुआ है। अकेले जीबीसी 4.0 से 34 लाख से अधिक रोजगार के अवसर निर्मित हो रहे हैं। यही नहीं बीते सात साल में सात लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है और निजी सेक्टर तथा स्वरोजगार के माध्यम से एक करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ है। यही कारण है कि 2016-17 में प्रदेश की जीएसडीपी 12.75 लाख करोड़ रुपए थी, जबकि साल 2024-25 की जीएसडीपी 25 लाख करोड़ रुपए हो चुकी है। योगी सरकार की गति, शक्ति और सुमति के कारण प्रगति पथ पर तीव्रता से गतिशील यूपी का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद मजबूत और विश्व स्तरीय हो रहा है। 06 क्रियाशील और 07 निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे, 15 क्रियाशील एयरपोर्ट उसकी एक बानगी है। 1947 से लेकर 2017 तक महज 12 मेडिकल कॉलेज से काम चलाने वाले 'बीमारू' राज्य में 35 सरकारी मेडिकल कॉलेज, 31 निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज और दो एम्स 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में हुए कायाकल्प की कहानी हर गांव और मोहल्ले में सुनी जा सकती है। दंगा प्रदेश के नाम से कुख्यात राज्य में पिछले सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ। हां, 194 से अधिक अपराधी जरूर ढेर हो गए। इतना ही नहीं कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये 24,743 से अधिक अपराधियों को सजा भी दिलायी गई। अपराधियों की 124 अरब, 4 करोड़ 18 लाख, 52 हजार रुपए से अधिक की अवैधानिक चल-अचल संपत्तियां जब्त हुईं। यही कारण है सुरक्षा और सुविधा के बढ़ते ग्राफ के कारण यूपी में विगत एक साल में 44 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जो अबतक का रिकॉर्ड है। अब बात आस्था की। अयोध्या में बने नव्य-भव्य-दिव्य राम मंदिर की गूंज से हर घर राममय है। आलम तो ये है कि कभी कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम को काल्पनिक बताने वाले सियासी दल आज 'प्रभु राम तो सबके हैं' का बयान देकर खुद को भी रामभक्त साबित करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। ये परिवर्तन उनके मन में आस्था के नव-प्रज्ज्वलित दीपक के कारण नहीं बल्कि राम मंदिर निर्माण के कारण बहुसंख्यक समाज के मन में बीजेपी के प्रति उपजे समर्थन और सम्मान के भाव के चलते हुआ है। विपक्ष समझ चुका है कि राम कण-कण के साथ जन-जन के मन में भी विराजमान हैं। जब मन में राम बैठे हों तो 'मत' की 'गति' स्वतः समझी जा सकती है। डबल इंजन सरकार की कुछ योजनाओं ने समाज को सीधे प्राणवायु प्रदान की है। ऐसा परिवर्तन लाई हैं कि पीढ़ियों की हसरतें पूरी हो गईं हैं। 05 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड, 55 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क पक्का आवास, 15 करोड़ों लोगों को हर माह भरपूर मुफ्त अनाज, हर तीसरे महीने 03 करोड़ से अधिक किसानों को सम्मान निधि की सौगात, 10 करोड़ से अधिक लोगों को लाभान्वित करते 03 करोड़ परिवारों को निःशुल्क इज्जत घर, 1.75 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन जैसे अनेक लाभों से आच्छादित करोड़ों नागरिक स्वयं में एक वर्ग बन गए हैं। इसे 'लाभार्थी वर्ग' कहते हैं। छद्म सामाजिक न्याय के रंग से रंगे जातीय किले अब अभेद्य नहीं रहे। 'लाभार्थी वर्ग' की शक्तिशाली बारूद से इनकी दीवारें हिलने लगी हैं। प्रदेश के करोड़ों वंचित, दलित, निर्धन समुदायों में व्याप्त यह 'लाभार्थी वर्ग' प्रत्येक लोक सभा क्षेत्र में बहुसंख्यक है। हर गांव, हर मोहल्ले, हर गली में यह वर्ग निवास करता है। ये करोड़ों लाभार्थी जन सभी राजनीतिक दर्शनों की नुमाइंदगी करते हैं। यद्यपि विपक्ष इससे इंकार करता है। अतः सवाल उठता है कि उत्तर प्रदेश की ये अथाह लाभार्थी मानव संपदा क्या उस श्रेणी के अंतर्गत नहीं आती जिसके उत्थान के लिए लोहिया ने सप्त क्रांति का आह्वान किया था।

यूट्यूब पर शोहरत बटोरने के लिए नियम तोड़ रहे लोग

जबसे मोबाइल फोन संवाद से अधिक मनोरंजन का बड़ा उपकरण बनता गया और यूट्यूब जैसे मंचों पर हर किसी को अपनी रचनात्मक गतिविधियां परोसने की सुविधा प्राप्त हुई है, तबसे दुनिया भर में लाखों-लाख लोग बिना कुछ सोचे-समझे केवल शोहरत बटोरने या कुछ कमाई करने के लोभ में अनावश्यक सामग्री परोसने लगे हैं। हालांकि यूट्यूब जैसे मंचों ने लोगों को बिना कोई शुल्क लिए गीत-संगीत, नृत्य-नाट्य आदि की प्रस्तुतियां परोसने की सुविधा उपलब्ध कराई है, तो इसका यह अर्थ नहीं कि सामग्री को लेकर उनका कोई नियम-कायदा नहीं है। मगर बहुत सारे लोग उन नियम-कायदों का ध्यान नहीं रखते और अक्सर अश्लील मानी जाने या दूसरों को आहत करने, जानबूझ कर किसी को अपमानित करने वाली सामग्री डालते रहते हैं। हालांकि नियम-कायदों के उल्लंघन पर यूट्यूब का तंत्र खुद ऐसी सामग्री की छंटाई कर देता है, फिर भी लोग बाज नहीं आते। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यूट्यूब ने दिसंबर के बाद के तीन महीनों में दुनिया भर में नब्बे लाख ऐसे वीडियो हटाए, जो उसके नियम-कायदों का उल्लंघन करते थे। उनमें सबसे अधिक भारत से परोसे गए वीडियो थे। ऐसे वीडियो की संख्या बाईस लाख से ऊपर थी। दरअसल, मोबाइल के रूप में लोगों को एक ऐसा उपकरण हाथ लग गया है, जिसके जरिए बहुत आसानी से वीडियो बनाए और संपादित कर प्रसारित किए जा सकते हैं। अनेक अध्ययनों से जाहिर हो चुका है कि भारत बड़ी आबादी वाला देश होने और तेजी से इंटरनेट उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के चलते मनोरंजन के नाम पर न केवल आपत्तिजनक और अविवेकपूर्ण सामग्री का उत्पादन बढ़ा है, बल्कि उनके उपभोक्ता भी बढ़ रहे हैं। मगर कोई भी स्वस्थ समाज और जिम्मेदार तंत्र न तो आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार की इजाजत दे सकता है और न उसके निर्माण को प्रोत्साहन। मगर असल जिम्मेदारी तो यूट्यूब जैसे मंचों का उपयोग करने वाले उपभोक्ता की बनती है कि वे सामग्री निर्माण में विवेक का उपयोग करना सीखें। जब तक इस जिम्मेदारी का बोध पैदा नहीं होता, यूट्यूब जैसे मंच संचालित करने वालों से सतर्कता की अपेक्षा बनी रहेगी।

क्या कारण है कांग्रेस की मंद होती रोशनी के?

(ललित गर्ग)

कांग्रेस के नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी नेतृत्व को हैरान-परेशान होना चाहिए, लेकिन शायद ही ऐसा हो, क्योंकि राहुल गांधी आम तौर पर ऐसे नेताओं को डरपोक या अवसरवादी करार देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। देश की सबसे पुरानी एवं मजबूत कांग्रेस पार्टी बिखर चुकी है, पार्टी के कद्दावर, निष्ठाशील एवं मजबूत जमीनी नेता पार्टी छोड़कर अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं, वह भी तब जब लोकसभा चुनाव सन्निकट है। कांग्रेस नेताओं का यह दलबदल आश्चर्य की बात हैं, पार्टी छोड़ने का जैसा सिलसिला चल रहा है, वह देश के इस सबसे पुराने दल की दयनीय दशा और स्याह भविष्य को ही रेखांकित करता है। हालांकि भाजपा और कुछ अन्य दलों के चंद नेता कांग्रेस की शरण में भी गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में उसके नेताओं के पार्टी छोड़ने की संख्या कहीं अधिक है। प्रश्न है एक लोकतांत्रिक संगठन की यह दुर्दशा एवं रसातल में जाने की स्थितियां क्यों बनी? इसके कारणों की समीक्षा एवं आत्म-मंथन जरूरी है। कांग्रेस पार्टी लगातार न केवल हार रही है, बल्कि टूट एवं बिखर रही है, जनाधार कमजोर हो रहा है, इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने न इसकी समीक्षा की, न विश्लेषण किया। कांग्रेस पर वंशवाद एवं पुत्रमोह का ठप्पा लगा हुआ है। पार्टी में आंतरिक प्रजातंत्र नहीं है। शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेने में अक्षम है। बहुसंख्यकों के कल्याण की कोई नीति नहीं है। तुष्टीकरण नीति भी उसके लिए घातक साबित हो रही है। इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी में सन्नाटा पसरे होने के कारण ही अनेक जिम्मेदार एवं कर्णधार नेता ही पार्टी छोड़कर जा रहे हैं या चले गये हैं। आज का कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व साम्प्रदायिक, असामाजिक, स्वार्थी, चाटुकारी एवं देश-विरोधी तत्वों के साथ इस तरह 'ताना-बाना' हो गया है कि उससे निकलना मुश्किल हो गया है। सांप-छछूंदर की स्थिति है। न निकलते बनता है और न उगलते। कांग्रेस नेतृत्व सत्ता प्राप्ति की खुशफहमी और खोने के खतरे की फोबिया से ग्रस्त है। कांग्रेस के नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी नेतृत्व को हैरान-परेशान होना चाहिए, लेकिन शायद ही ऐसा हो, क्योंकि राहुल गांधी आम तौर पर ऐसे नेताओं को डरपोक या अवसरवादी करार देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। वह और उनके करीबी यह देखने-समझने के लिए तैयार नहीं कि आखिर क्या कारण है कि एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह का भाजपा में जाना इसलिए कांग्रेस के लिए एक बड़ा आघात है, क्योंकि पंजाब उन राज्यों में है, जहां कांग्रेस अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है और भाजपा तीसरे-चौथे नंबर के दल के तौर पर देखी जाती है। बात पंजाब ही नहीं, महाराष्ट्र, हिमाचल एवं अन्य प्रांतों की भी ऐसी ही है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कांग्रेस छोड़ने वालों में कई ऐसे नेता भी हैं, जो गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे, जैसे अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, सुरेश पचौरी। इसके पहले राहुल गांधी की युवा ब्रिगेड के सदस्य कहे जाने वाले अधिकांश नेता भी कांग्रेस से विदा ले चुके हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं में एक बड़ी संख्या उनकी है, जो अपना स्वतंत्र राजनीति वर्चस्व एवं पहचान रखते हैं, वे अपने जनाधार के लिए जाने जाते हैं। गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार नेताओं में बहुत कम ऐसे हैं, जो अपने बलबूते चुनाव जीतने की क्षमता रखते हों। प्रश्न है कि कांग्रेस की यह दशा क्यों बनी? देश की विविधता, स्वरूप और संस्कृति को बांधे रखकर चलने वाले अतीत के कांग्रेसी नेता, जिनकी मूर्तियों और चित्रों के सामने हम अपना सिर झुकाते हैं, पुष्प अर्पित करते हैं- वे अज्ञानी नहीं थे। उन्होंने अपने खून-पसीने से 'भारत-माँ' के चरण पखारे थे। आज उनकी राष्ट्रीय सोच एवं जनकल्याण की भावना को नकारा जा रहा है, उन्हें 'अदूरदर्शी' कहा जा रहा है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5328

		4				6		1
		7	2				8	
		9	3					2
			1					9
6	2	1	5		9	4	7	3
5					4			
4					3	5		
	3				2	8		
1		6				3		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5327

5	8	9	6	1	7	3	4	2
2	4	1	3	5	9	8	6	7
3	7	6	8	4	2	9	5	1
4	9	2	7	6	8	1	3	5
6	3	8	1	2	5	7	9	4
7	1	5	9	3	4	6	2	8
8	2	3	4	9	1	5	7	6
9	5	7	2	8	6	4	1	3
1	6	4	5	7	3	2	8	9

वर्ग पहेली 5328

1		2	3	4		5	■
	■	6			■	7	8
9	10			11	12	■	
■	13		14	■	15	16	■
17	■	18		■	19		
20				■	21		■
	■		■	22	■	23	24
■	25		■	26		■	

संकेत: बाएं से दाएं
1. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
6. इसे अंग्रेजी में शर्ट कहते है (3)
7. कृष्ण पक्ष को यह भी कहते है (2)
9. यह वैजयंती माला की पहली फिल्म थी नायक थे करण दीवान (1951)(3)
11. अर्धविकसित फूल (2)
13. भार से युक्त होना, अतीत होना (3)
15. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
18. स्मरण, स्मृति (2)
19. स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती (3)
20. मंदगति से भ्रमण करना (4)
21. दस्तक करने से होने वाली आवाज (2)
23. नटखल, बैल (2)
25, म्यांमार इस देश का परिवर्तित नाम है (2)
26. मक्का शरीफ की तीर्थ यात्रा यह कहलाती है (2)

ऊपर से नीचे
1. सितारा की तरह एक अरेबियन वाद्य (3)
2. ये भारत के 9वें राष्ट्रपति थे इनका कार्यकाल 25 जुलाई 1992 से 25 जुलाई 1997 तक रहा (8)
3. अल्पता, न्यूनता, कसर (2)
4. प्रक्षालक, प्रक्षालनकर्मी (3)
5. आमोद-प्रमोद के लिए बनाई गई संस्था (2)
8. यह नसीरूद्दीन शाह की अभिनेत्री सास थी (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
10. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
12. ये भारत में उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला है (4)
14. घोर ध्वनि करना, बजाना (3)
16. विचलना, लपकना, लहराना (4)
17. कलाकारों द्वारा रंगमंच, रेडियो, दूरदर्शन आदि पर अभिनय प्रदर्शन करना (2)
22. प्रेम, अनुलाप, इच्छा, अपेक्षा (2)
24. जमा हुआ टुकड़ा (2)

वर्ग पहेली 5327 का हल

आ	बि	दा	सु	ल्ता	न	■	आ
का	ज	ल	■	■	म	ही	प
■	ली	■	■	नौ	क	र	■
स	घ	न	■		ह		त
ह	र	फ	■	ह	ला	ह	ल
म	■	र	सा	त	ल	■	ब
त	ह	त	■	भा	■	आ	गा
■	नु	■	स	गी	ना	■	र

आज का राशिफल

मेष
आज का दिन काफी अनुकूल होगा। फाइनेंस से जुड़े फैसले आज ले लें। आगे के दो तीन दिनों में आपके पास समय की कमी रहेगी। घर में किसी शुभ कार्य की बातचीत हो सकती है। पुराना रुका पैसा आपको फिर से मिल सकता है। शाम के समय शॉपिंग के लिए घरवालों को बाहर ले जाने का प्लान बनेगा।

वृष
आज लाभ का दिन है। आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दोपहर बाद सभी काम बनते नज़र आएंगे। पुराने समय से रुका हुआ पैसा मिल सकता है। बिजनस के मामले में कोई डील करने से पहले जांच पड़ताल कर लें तो आपको सम्मान प्राप्त होगा। शाम का वक्त प्रसन्नता में बीतेगा।

कर्क
आज का दिन सम्मान से भरा होगा। अच्छे लोग आपको प्रेरणा देंगे जिससे आपको खुशी का अहसास होगा। ऑफिस में कुलीग्स आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी मदद के लिए आगे आएंगे। काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे। शाम को परिवार के साथ कहीं जा सकते हैं।

सिंह
आज आर्थिक लाभ होगा। सुबह आप जिन बातों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे, दोपहर में वही आपको खुशी देगी। ऑफिस में अपनी जगह बनाने के लिए सूझबूझ से काम लेना होगा। बुद्धि से जुड़े कामों के नजीते शाम तक मिलने लगेंगे। किसी नई डील को फाइनल करने का काम कुछ समय के लिए टाला जा सकता है।

मिथुन
आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा। आज कुछ जरूरी काम निपटाने में दिन का अधिकांश हिस्सा निकल जाएगा लेकिन एक बार आप अपने कामों को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो अन्त में काफी संतुष्टि मिलेगी।

कन्या
आज का दिन आर्थिक लाभ होगा। आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा। आसपास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा। क्या पता बिजनस के साथ साथ प्यार की डील भी फिक्स हो जाएं। आपके धन में वृद्धि होगी।

तुला
आज मन धार्मिक कार्य में लगेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का मन बना सकते हैं। किसी बौद्धिक काम में आपको कामयाबी मिलेगी। कोई नई डील आपकी शर्तों पर फाइनल हो सकती है। आपके धन में वृद्धि होगी और आज आपसे कोई पैसा उधार मांग सकता है, सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें।

वृश्चिक
आज सम्मान से भरा होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके लिए आज का दिन सफलता से भरा होगा। दिल और दिमाग के संतुलन से सफलता मिलेगी। अकाउंट्स की फाइलों को तैयार रखें। कभी भी जरूरत पड़ सकती है। अपने स्टाफ पर नज़र रखें। अपने अच्छे बिहेवियर से उनका दिल जीतने में कामयाब होंगे।

मकर
आज अपने आइडियाज को अमल में लाने का मौका मिलेगा। पॉलिटिक्स में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी खास शख्स के कारण शाम के समय थोड़ी जेब ढीली हो सकती है लेकिन हर बार पैसे का फायदा नुकसान देखने की बजाए रिश्तों की मजबूरी को देखना ज्यादा फायदेमंद होता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार सफल होंगे।

कुंभ
आज का दिन काफी भागदौड़ वाला होगा और आज आपको अधिक काम करना पड़ेगा। उसका फायदा जरूर मिलेगा। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत नहीं है। आपके संबंध बेहतर होंगे और आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार का सपॉर्ट मिलेगा।

धनु
आज आज कारोबार में लाभ होगा और आपको हर प्रकार का सपॉर्ट मिलेगा। ऑफिस में ज्यादा मेहनत करनी पड़े तो घरवालों की ओर से परेशान होने की जरूरत नहीं है। वे आपको पूरी मदद करेंगे। प्रमोशन की बात आगे बढ़ सकती है। घर के छोटे सदस्यों को समय देना बहुत जरूरी हो जाएगा। आपको उनकी कुछ आर्थिक मदद भी करनी पड़ सकती है।

मीन
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपकी कारोबार में मनचाहा लाभ होगा। उसके जरिए थोड़ा बहुत पैसा भी कमाने के चांस हैं। पैसे की समस्या आएगी लेकिन आप सभी कार्य आसानी से पूर्ण कर लेंगे। कोई दोस्त अगर उधार मांगे तो उसे अपनी स्थिति साफ तौर पर बता दें और पैसे न दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

संक्षिप्त समाचार

चार जून का इंतजार, दिल्ली से रांची लौटीं कल्पना सोरेन

रांची, एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन दो दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद वापस लौट आई हैं। सोमवार को उन्होंने एयरपोर्ट पर कहा कि यह उनका पहला कदम रामलीला मैदान में था। देश के प्रमुख नेताओं के साथ मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की मौजूदगी में गठबंधन को मजबूती देने का मौका मिला।उन्होंने कहा कि चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम की उन्हें प्रतीक्षा है, जिस तरह से हेमंत सोरेन ने चार साल से मुख्यमंत्री के तौर पर काम किया, वह जगजाहिर है। जनता खुद जवाब देगी। उनके साथ भेदभाव किया गया। चुनाव से पहले उनकी गिरफ्तारी की गई। सारी बातों को रखने का मौका मिला।कल्पना सोरेन ने कहा कि महिलाओं और आदिवासियों की बातों को रखने का मिला है। इसके लिए वह खुद को सौभाग्यशाली समझती हैं। चार जून को पता चलेगा कि बदलाव किस तरह हुआ है। गांडेय उपचुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तो ऐसी कोई बात नहीं हुई है।

सीपीएम भी अलग, राजमहल से गोपीन सोरेन उम्मीदवार घोषित

रांची, एजेंसी। झारखंड में सीपीआई के बाद सीपीएम ने भी इंडी गठबंधन से इतर अपनी अलग राह पकड़ ली है। राजमहल लोकसभा क्षेत्र से गोपीन सोरेन को प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने सोमवार को कहा कि गोपीन सोरेन उनके अधिकृत प्रत्याशी हैं। केंद्रीय कमेटी ने भी सहमति दे दी है। पार्टी राजमहल में पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। यह पूछने पर कि जब इंडी गठबंधन में माकपा भी है, तब वह कैसे प्रत्याशी उतार रही है।प्रकाश ने कहा- झारखंड में आंशिक रूप से गठबंधन हुआ है। राजमहल पर हमारा दावा है। हमने पूरी तैयारी भी की है। हमारे सेंट्रल लीडरों का भी यहां लगातार दौरा होता रहा है। बावजूद इसके हम राजमहल सीट पर समझौता कर सकते थे, पर दोनों बड़े दलों झामुमो और कांग्रेस ने बात ही नहीं की। पार्टी की राष्ट्रीय मान्यता के लिए चुनाव लड़ना जरूरी है। इंडी गठबंधन में तय हुआ था कि सीट शेयरिंग का काम प्रदेश स्तर पर होगा। बिहार, तमिलनाडु समेत दूसरे स्टेट में भी सीट शेयरिंग राज्य स्तर पर हुआ है। पर, झारखंड में ऐसा नहीं हुआ।

डीवीसी के गोधर में खराबी से दूसरे दिन भी बिजली संकट

धनबाद, एजेंसी। आंधी-बारिश के बाद जिले में दूसरे दिन सोमवार को भी बिजली संकट कायम रहा। इससे लोग परेशान हैं। डीवीसी के गोधर टू सर्किट की बिजली समस्या अब तक दूर नहीं हुई है। इससे बैंक मोड़, मटकुरिया, करकेंद, वासेपुर सहित आसपास क्षेत्र में समस्या बनी हुई है। इससे लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बिजली विभाग ने वैकल्पिक तौर पर भूली सब स्टेशन से बिजली कनेक्शन जोड़कर आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। सहायक अभियंता सुजीत कुमार का कहना है कि आंधी-पानी आने से डीवीसी की गोधर टू सर्किट की बिजली की समस्या अब दूर नहीं हुई है। डीवीसी की लोडशेडिंग होने से रोटेशन पर बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे परेशानी और अधिक बढ़ जा रही है। बता दें कि शनिवार की रात आंधी-बारिश में बिजली विभाग के कई पोल, तार टूट गए थे। इससे जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली संकट गहरा गया था। सुबह से लेकर देर रात तक बिजली का आना-जाना लगा हुआ है। खराबी को दूर कर पर्याप्त बिजली आपूर्ति करने में विभाग हांफ रहा है। एक दिन की आंधी-बारिश ने बिजली विभाग की पोल खोलकर रख दी है। गोविंदपुर डिविजन के कार्यपालक अभियंता मुकुल कुमार का कहना है कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां पोल टूटे थे। रिपेयरिंग कर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है। सोमवार को हवा आने पर थोड़ी समस्या फिर समस्या हुई। उसे देर रात दूर कर दी जाएगी।

झारखंड के प्राइवेट स्कूलों में गरीब बच्चों का नहीं हो रहा एडमिशन

रांची, एजेंसी। शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब तपके के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत तक सीट आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन राजधानी रांची के स्कूलों में बीते पांच साल में निर्धारित कुल सीटों का 50 प्रतिशत तक भी नहीं भर पाया है। इसमें निजी स्कूलों की मनमानी के साथ बड़ा कारण अभिभावकों में जागरुकता की भी कमी है। बड़ी संख्या में अभिभावक आवेदन करते समय किलोमीटर के नियम का पालन नहीं करते हैं, इससे उनका आवेदन स्कूलों की ओर से रद्द कर दिया जाता है।

अधिनियम के नियमानुसार, एक किलोमीटर, तीन किलोमीटर और छह किलोमीटर की सीमा में मौजूद निजी स्कूलों के लिए आवेदन किया जाता है। पिछली बार कम नामांकन के कारण इस बार निर्धारित अधिकतम दूरी में एक किलोमीटर का इजाफा किया गया था, बावजूद इसके अभिभावक एक-दो किलोमीटर की दूरी वाले स्कूल को छोड़कर पांच-छह किलोमीटर की दूरी वाले स्कूलों में आवेदन कर देते हैं। इसका बड़ा कारण कई बार बड़े स्कूलों में दाखिला कराने की मंशा भी होती है।

स्कूलों द्वारा प्रारंभिक कक्षाओं के आधार पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को लोअर किंडरगार्डन (एल केजी), किंडरगार्डन (केजी), नर्सरी और प्री-नर्सरी स्तरों पर प्रवेश दिया जाता है। 2018-19 में लगभग 1200 सीटों में से 380 (30.3 प्रतिशत) और 2022-23 में 1300 से अधिक सीटों के एवज में 636 (49.28 प्रतिशत) ही नामांकन हुए हैं। प्रति वर्ष लगभग 1200 से 1300 सीटें स्कूलों के बढ़ने और घटने के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए नामांकन का डाटा इकट्ठा करने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों को कई नोटिस भेजे हैं, पर स्कूलों ने इन नोटिसों का जवाब नहीं दिया है। नतीजतन, जिला शिक्षा विभाग ने नामांकन प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है।

जेईपी रांची के पदाधिकारी प्रताप सिंह ने कहा कि निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के नामांकन के लिए जागरुकता की कमी है। अभिभावकों में दस्तावेज को लेकर गंभीरता की कमी होती है। बहुत आवेदन ऐसे भी मिलते हैं, जिसमें आय प्रमाणपत्र व अन्य दस्तावेज सही नहीं पाए जाते हैं।

नामांकन के लिए नियम

आरटीइ के तहत स्कूलों में नामांकन के लिए वैसे अभिभावक जिनकी वार्षिक आय 72 हजार रुपए से कम है, वे अपने बच्चे के एडमिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निशक्त एवं अनाथ बच्चे भी आवेदन कर सकेंगे।

एक किमी, तीन किमीऔर छह किमी की सीमा में मौजूद निजी स्कूलों के लिए आवेदन किया जा सकता है, यह एक-दो किमी बढ़ाया जा सकता है।नामांकन के लिए माता-पिता को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा रोजगार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल और निवास प्रमाण आदि दस्तावेज देते होते हैं।

45 स्कूलों के लिए मात्र 305 आवेदन सही

सत्र 2024-25 के लिए भी जिला शिक्षा विभाग को मिले आवेदन की तुलना में काफी कम आवेदन दाखिले के लिए योग्य पाए गए हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची की ओर से मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र के लिए रांची जिले के 101 निजी स्कूलों में गरीब तबके के छात्रों के लिए 1089 सीटें आवंटित की गई हैं। इसके लिए लगभग 3000 आवेदन जिला शिक्षा कार्यालय को मिले थे, जिनमें से पहले चरण के लिए 45 स्कूलों के लिए मात्र 305 आवेदन ही सही पाए गए, जिनके नामांकन के लिए स्कूलों को सूची भेज दी गई है

आरटीई के मानक का पालन अक्षरशः करने का प्रयास होता है। कई बार दस्तावेज सही नहीं होते। बड़े स्कूलों में दाखिले के लिए भी नजदीक के स्कूल को अभिभावक नरजअंदाज करते हैं। ऐसे में स्कूलों की ओर से विभाग को जानकारी भेज दी जाती है।

-डॉ राम सिंह, प्राचार्य, *डीपीएस रांची*

झारखंड में घटा नोटा का क्रेज, पिछले लोकसभा चुनाव में बदला आंकड़ा

रांची, एजेंसी। झारखंड के मतदाताओं में चुनाव लड़ने वाले किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करने के मामले में रूझान घटा है। वर्ष 2014 के चुनाव में 1.49 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प चुना था। जबकि 2019 को लोकसभा चुनाव में इसमें गिरावट आयी 1.27 फीसदी मतदाताओं ने ही नोटा का इस्तेमाल किया।

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2013 में नोटा के विकल्प को अनिवार्य किया था। इसके बाद 2014 के चुनाव में पहली बार मतदातओं को यह विकल्प दिया गया। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में राज्य की चौदह में से पांच सीटें ऐसी थीं, जहां दो फीसदी से अधिक वोट नोटा को पड़े थे। जबकि 2019 के चुनाव में ऐसी सीटों की संख्या घटकर तीन रह गई।

2014 के चुनाव में खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा, राजमहल तथा दुमका में दो फीसदी से अधिक वोट नोटा को पड़े थे। जबकि 2019 में खूंटी, सिंहभूम तथा कोडरमा में दो फीसदी से अधिक वोट नोटा को पड़े। हालांकि खूंटी और सिंहभूम में भी नोटा को वोट देनेवाले मतदाताओं की संख्या कम हुई। 2014 के चुनाव में दोनों सीटों पर क्रमश 3.34 तथा 3.52 फीसदी वोट इस विकल्प को पड़े थे। वर्ष 2019 में दोनों सीटों पर महज क्रमश 2.55 तथा 2.76 फीसदी वोट ही इसे पड़े।

11 सीटों पर घट गए नोटा को वोट

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की चौदह सीटों में से 11 सीटों पर वर्ष 2014 चुनाव की अपेक्षा नोटा के वोट घट गए। सिर्फ तीन सीटें ऐसी थी जहां नोटा के वोट बढ़े थे। इनमें चतरा, गिरिडीह तथा गोड्डा शामिल हैं। पलामू, लोहरदगा, रांची, खूंटी, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, जमशेदपुर, सिंहभूम, राजमहल तथा दुमका में नोटा के वोट घटे थे।

आंधीके बाद एक और आफत, झारखंड में हीट वेव का अलर्ट; 12 जिलों में चलेगी लू

रांची , एजेंसी। झारखंड के दक्षिणी-पूर्वी भाग के जिलों में आगामी चार और पांच अप्रैल को हीट वेव (लू) का अलर्ट जारी किया गया है। ऐसा पहली बार होगा, जब राज्य के 12 जिले एकसाथ हीट वेव की चपेट में रह सकते हैं। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के अन्य हिस्सों में दो से तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद दो दिन अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रांची की बात करें तो सोमवार को रांची में अधिकतम 35.4 और न्यूनतम 20.8 डिग्री सेल्सियस तापमान था। पांच अप्रैल तक अधिकतम 37 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। राज्य के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 40 पार भी जा सकता है।

मौसम विभाग ने बीते 24 घंटों (रविवार और सोमवार) के मौसम के बारे में बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों में गर्जन, आंधी और ओलावृष्टि के साथ-साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सर्वाधिक 19.3 मिमी बारिश गढ़वा के नगर ऊंटारी में हुई। वहीं तापमान के मामले में गोड्डा सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज में दर्ज किया गया।

यदि पिछले माह के आंकड़ों पर गौर करें तो फरवरी 2024 में सबसे अधिक गर्मी 30.1 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज की गई थी।

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवानगी 27 जून सेःरिम्स में तीर्थ यात्रियों की स्वास्थ्य जांच करेंगी 8 डॉक्टरों की टीम

रांची, एजेंसी। श्री अमरनाथ यात्रा 27 जून से 17 अगस्त तक चलेगी। इस बार यात्रा सिर्फ 45 दिनों की होगी। झारखंड समेत दूसरे राज्यों से भी अच्छी संख्या में श्रद्धालु यात्रा के लिए जाते हैं। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। श्रद्धालु 17 अप्रैल से ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों ही प्रक्रिया के तहत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यात्रा के लिए इस साल भी स्वास्थ्य सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य जांच से लेकर सर्टिफिकेट निर्गत करने के लिए रिम्स प्रबंधन ने आठ सदस्यीय चिकित्सकों की टीम का गठन किया है। उक्त टीम के डॉक्टर्स यात्रियों की मेडिकल हिस्ट्री लेने के साथ-साथ सभी तरह की जांच रिपोर्ट देखकर सर्टिफिकेट निर्गत करेंगे।

तीर्थ यात्रियों की उम्र 13 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सांस या फेफड़ों की बीमारी, रक्त विकार,दिल की बीमारी, जोड़ दर्द, शुगर, बीपी, अस्थमा, मिर्गी, स्ट्रोक, माउंटेन सिकनेस आदि की जानकारी डॉक्टरों से साझा करनी होगी।

रिम्स प्रबंधन ई-ऑफिस की शुरुआत के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में अब प्रबंधन हर पेमेंट, बिल आदि का ब्योरा ऑनलाइन रखेगा और ऑनलाइन ही मॉनिटरिंग भी करेगा। रिम्स प्रबंधन अकाउंट्स और बिल मैनेजमेंट के लिए मोबाइल एप्लिकेशन तैयार करा रहा है। इसके लिए टेंडर निकाला है। इस मोबाइल एप में ही सभी हिसाब की मॉनिटरिंग होगी। मोबाइल एप्लिकेशन तैयार कराने का टेंडर वैल्यू 60 लाख है।

पड़ोसी राज्यों की दिग्गज पार्टियां नहीं साध सकी झारखंड, 4 चुनावों में गिरा ग्राफ

रांची , एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में भाजपा, कांग्रेस, झामुमो और आजसू के अलावा कई राजनीतिक पार्टियां भी भाग्य आजमाते रही हैं। इनमें वैसी पार्टियां शामिल हैं जो झारखंड के पड़ोसी राज्यों में या तो सत्ता में हैं या लंबे समय तक सत्ता में रही हैं।

इन दिग्गज पार्टियों में बिहार से राजद, जदयू व लोजपा, पश्चिम बंगाल की टीएमसी, दिल्ली और पंजाब की आम आदमी पार्टी सहित उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी, महाराष्ट्र की शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। इनमें राजद को छोड़ दें तो शेष दलों की स्थिति झारखंड में बेहतर नहीं रही है। झारखंड के सियासी जानकार राजद को छोड़ बाकी दलों को वोटकटवा के रूप में देखते हैं।

राज्य गठन के बाद हुए चार संसदीय चुनावों में ये सभी पार्टियां मैदान में उतरते रहीं। 2004 के चुनाव में सभी पार्टियों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। पर उसके बाद के 2009, 2014 और 2019 के संसदीय चुनाव में इनका वोट शेयर गिरता ही चला गया। किसी भी चुनाव में इन दलों के प्रत्याशी एक भी सीट नहीं जीत सके।

पड़ोसी राज्यों की इन दिग्गज पार्टियों का कुल वोट शेयर 15 सालों में आधा हो गया। 2004 में यह वोट प्रतिशत करीब 10.9 था, जो साल 2009 में करीब 11 हो गया। साल 2014 में इनका कुल वोट शेयर 7.1 और साल 2019 में करीब 4.7 तक पहुंच गया। यह प्रतिशत राष्ट्रीय पार्टियां भाजपा, कांग्रेस या प्रदेश की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी झारखंड मुक्ति मा को अकेले मिले वोट प्रतिशत से भी काफी कम रहा।

2004 के चुनाव में पड़ोसी राज्यों की पार्टियों में केवल राजद का ही प्रदर्शन अच्छा रहा था। तब राजद राज्य की दो सीटों पलामू और चतरा पर चुनाव लड़ा था। दोनों सीटों पर पार्टी चुनाव जीती। इसके अलावा बीएसपी ने 14, जदयू ने 5, सपा ने 10, लोजपा ने 9, शिवसेना ने 3 सीटों पर प्रत्याशी उतारे। सभी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

2009 के चुनाव में सभी पार्टियों ने अलग-अलग कुल 34 सीटों पर प्रत्याशी उतारा था। इसमें राजद 6, बीएसपी 14, जदयू 2, लोजपा 3, सपा 6, टीएमसी 2 और शिवसेना ने एक सीट पर प्रत्याशी दिया। हालांकि सभी पार्टियों को करारी हार का सामना करना पड़ा था।

इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप : बिना डॉक्टर के नर्स ने किया ऑपरेशन, प्रसूता की मौत, सिविल सर्जन ने 72 घंटे में रिपोर्ट मांगी

गोड्डा, एजेंसी। सदर अस्पताल, गोड्डा में डॉक्टरों के नहीं रहने पर नर्स ने लेबर रूम में प्रसूता का छोटा ऑपरेशन कर नवजात को तो गर्भ से निकाल लिया, लेकिन प्रसूता प्रतिमा कुमारी (22) की जान चली गई। घटना रविवार देर रात की है। सोमवार की सुबह प्रसूता के परिजनों ने अस्पताल में इलाज में लापरवाही बरतने पर जम कर हंगामा किया। हंगामा इतना बढ़ गया कि पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा।

प्रतिमा का मायका पथरगामा थाना क्षेत्र के चिलौना गांव में है। जबकि ससुराल भागलपुर जिले के पाठकडीह गांव में है। पति का नाम कैलाश साह है। मामले को लेकर तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। रविवार की सुबह परिजनों ने प्रतिमा को सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। मालूम हो कि सदर अस्पताल में महिला विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। जनरल फिजिशियन डॉ. राजेंद्र भगत ने प्रसूता की बीपी आदि की जांच कर ड्यूटी में तैनात नर्स को सामान्य प्रसव कराने का निर्देश दिया था।

रोस्टर चार्ट के अनुसार रविवार को वहां तीन शिफ्टों में क्रमशः नीलम, हेमा, व अंजू, रंजीता और सोनी की ड्यूटी थी। महिला के प्रसव के दौरान ऑन ड्यूटी उक्त नर्सों ने ही छोटा ऑपरेशन कर नवजात को बाहर निकाला। पर, प्रसूता का रक्तस्राव नहीं रुका और उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान पांच हजार रु. भी मांगी थी। प्रतिमा के अत्यधिक रक्तस्राव की जानकारी भी उन्हें नहीं दी गई। ऑपरेशन के दौरान जननांग (प्राइवेट पार्ट) की गलत नस कटने से प्रतिमा की मौत हुई है। मौत के बाद रात्रि सेवा में मौजूद डॉ. प्रशांत मिश्रा को बुलाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।गोड्डा के सिविल सर्जन डॉ. अनंद कुमार झा ने बताया कि प्रसूता की मौत के मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इसमें डॉ. मोहन पासवान, डॉ. रमेश कुमार और प्रीतम दत्ता शामिल हैं। जांच कमेटी को 72 घंटे में रिपोर्ट देनी है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रसव वार्ड में ऑपरेशन केस में संबंधित नर्स को डीएस के माध्यम से बाहर से डॉक्टर बुलाने की व्यवस्था है।

रांची में सनसनीखेज वारदात, डोरंडा कॉलेज के छात्र की चाकू घोंपकर हत्या

रांची, एजेंसी। रांची के मांडर थाने की झिंझरी पंचायत के सकरपदा गांव में रविवार की रात 18 वर्षीय छात्र सलमान अंसारी की चाकू गोंदकर हत्या कर दी गई। सलमान रांची के डोरंडा कॉलेज में इंटर में पढ़ता था। वह मूल रूप से सकरपदा गांव का ही रहनेवाला था। अपराधी के हमले में उसका चाचा घायल हो गया। पुलिस को दिए बयान में उसके चाचा समीउल्लाह अंसारी ने बताया कि सलमान अपने घर से थोड़ी दूर खेत में बने टेंपररी घर में सो रहा था। रात करीब एक बजे सलमान ने समीउल्लाह को फोन कर कहा कि कोई उसके रूम में घुसा है, जल्दी आइए। इसके बाद चाचा तुरंत सलमान के पास पहुंचा। फिर दोनों ने घर के अगल-बगल आवाज लगाई कि कोई है क्या तभी झाड़ी से एक युवक निकला और दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। समीउल्लाह के सीने में एक चाकू का एक वार लगा, जबकि सलमान के सीने में तीन वार किए गए। घायल सलमान की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अपराधी वहां से भाग निकला। मांडर थाने में अज्ञात अपराधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

अपराधी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा डीएसपी : खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी ने कहा कि पुलिस की पूरी टीम मामले की जांच कर रही है। जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है, वह जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

राज्य खाद्य निगम का 350 क्विंटल चावल गायब

साहिबगंज, एजेंसी। साहिबगंज में राशन कार्डधारकों के बीच बंटने के लिए आया 350 क्विंटल अनाज गायब हो गया है। यह अनाज दो ट्रक पर गत 13 मार्च को एफसीआइ के महादेवगंज स्थित गोदाम से झरना कालोनी स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम के लिए चला था, लेकिन आज तक वह गोदाम में नहीं पहुंचा है। सहायक गोदाम प्रबंधक ललित कुमार ने मामले से वरीय अधिकारियों के साथ साथ जिरवाबाड़ी थाने की पुलिस को अवगत कराया है।

इसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में अहम तथ्य यह भी है कि ट्रक मालिक ने गोदाम प्रबंधक एजीएम की रिसीविंग दिखाई है लेकिन एजीएम का कहना है कि ट्रक मालिक ने कुछ देर में ट्रक पहुंच जाने की बात कहकर उसका हस्ताक्षर करा लिया लेकिन अनाज आज तक नहीं पहुंचा है। एजीएम ललित कुमार के अनुसार, 13 मार्च को एफसीआइ के महादेवगंज स्थित गोदाम के उठाव प्रभारी चंदन गुप्ता ने वाट्सएप पर मैसेज भेजा जिसमें कहा कि ट्रक संख्या जेएच 04 डी 3627 व डब्लूबी 57 बी 9094 से 707 बोरा में कुल 350 क्विंटल राष्ट्रीय खाद सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) का अनाज जा रहा है। इसके कुछ देर बाद ट्रक मालिक आजाद यादव पहुंचा और बताया कि ट्रक जाम में फंस गया है।

कुछ देर में आ जाएगा। इसलिए चालान रिसीव कर लीजिए। एजीएम का कहना है कि विश्वास में उसने उस पर साइन कर दिया, लेकिन उस दिन अनाज नहीं आया। अगले दिन ट्रक मालिक को कॉल करने पर वह आज कल करता रहा। इसके बाद उसने 30 मार्च को विभागीय अधिकारियों के साथ साथ जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस को भी सूचना दी।

सूचना मिलने के बाद 30 मार्च की शाम करीब तीन बजे पुलिस ने गोदाम पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहां अनाज लोडिंग अनलोडिंग करने वाले मजदूरों से बात की तो उनलोगों ने अनाज आने की बात से इंकार किया। गोदाम की वेबसाइट पर भी ब्योरा दर्ज नहीं है।

इसके बाद पुलिस ने एजीएम व ट्रक मालिक को थाना बुलाया। बताया जाता है कि इस दौरान ट्रक मालिक नहीं पहुंचा। 12 लाख से अधिक का चावल का अनुमान लगाया गया है। गायब 350 क्विंटल चावल करीब 12.25 लाख रुपये कीमत का है। यह चावल मार्केट में 35 रुपये किलो की दर से मिलता है।साहिबगंज ही नहीं पूरे राज्य में गरीबों के लिए आने वाले अनाज की हेराफेरी करने वाला बड़ा रैकेट सक्रिय है। जिले में पहले भी इस तरह का मामला सामने आ चुका है। कई बार मामला भी दर्ज हुआ लेकिन बाद में सब रफा दफा हो गया।

रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में बरहड़वा में स्थानीय लोगों ने अनाज लदे करीब दर्जनभर ट्रकों को रोक लिया था तब तत्कालीन खाद्य आपूर्ति मंत्री सरयू राय को भी आना पड़ा था। पतना में कोरोना काल में एक करोड़ रुपये से अधिक के अनाज के गोलमाल की बात सामने आयी थी। वहां के तत्कालीन एजीएम को तत्कालीन डीएसओ जयदीप तिग्गा को एक करोड़ रुपये का डिमांड भेजा था।

दुनिया पर मंडरा रहा तबाही का खतरा, आर्कटिक में खत्म हो जाएगी बर्फ

दुनिया में अक्सर कई डराने वाले अध्ययन सामने आते रहते हैं। अब वैज्ञानिकों ने एक वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन के बाद बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 साल के अंदर आर्कटिक में बर्फ खत्म हो जाएगी। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर में यह अध्ययन किया गया है। इसमें कहा गया है कि गर्मियों के मौसम में भी बर्फ नजर आती है, लेकिन आने वाले कुछ सालों में बर्फ खत्म हो जाएगी। नेचर रिव्यू अर्थ एंड एनवायरमेंट जर्नल में यह अध्ययन प्रकाशित किया गया है। अध्ययन के मुताबिक, जल्द ही आर्कटिक से बर्फ गायब हो जाएगी और यह 10 सालों के अंदर ही होगा। अध्ययन में कहा गया है कि जिस हिसाब से तापमान में वृद्धि हो रही है, वह खतरनाक है। यह नहीं है कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करने से ऐसी स्थिति उतपन्न नहीं होगी। वैज्ञानिकों ने हर तरह की स्थितियों की जांच की है, जिसके बाद उन्होंने दावा किया कि 10 साल में बर्फ का पिघलना तय है।

उनका कहना है कि इस सदी के मध्य तक आर्कटिक के समुद्र में सितंबर महीने में बर्फ नजर नहीं आएगी। सदी के अंत तक यह कई महीनों तक यह नजारा नहीं दिखेगा। अगर कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन अभी की तरह अधिक हुआ, तो उस स्थिति में भी धरती के उत्तरी क्षेत्र में सर्दियों में भी कम बर्फ नजर आएगी। इसका मतलब यह नहीं है कि बर्फ एकदम नहीं बचेगी। वैज्ञानिक भाषा में अगर आर्कटिक में 10 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ रहती है, तो उसे बिना बर्फ का आर्कटिक कहा जाता है। 1980 में इस क्षेत्र में सबसे कम बर्फ देखी गई थी। हाल के सालों में आर्कटिक में सितंबर के महीने में सबसे कम बर्फ 33 लाख वर्ग किलोमीटर दर्ज की गई थी।

वैज्ञानिक एलेक्जेंड्रा जान ने यह अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान, इतिहास और उत्सर्जन के हिसाब से कंप्यूटर मॉडल्स बनाए। इसके बाद उस आधार पर भविष्य में बर्फ की मात्रा का विश्लेषण किया गया। जानकारी मिली कि प्रतिवर्ष अगर 1 वर्ग किलोमीटर बर्फ पिघलती है तो अधिकतम 18 साल में आर्कटिक की बर्फ गर्मियों में समाप्त हो जाएगी। अगर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन इसी दर से होता रहा है, तो कम से कम 10 साल में ही यह नजारा दिख सकता है। यानी 2030 के दशक में आर्कटिक इलाके में सितंबर के महीने में बर्फ नजर नहीं आएगी। आर्कटिक के जानवरों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा। आर्कटिक सागर गर्म होने पर इलाके में वह मछलियां पहुंच जाएंगी, जो वहां पर नहीं रहतीं। इससे स्थानीय ईकोसिस्टम पर नई प्रजातियां पहुंच जाएगा। इसका असर कितना होगा, यह पता करना बहुत मुश्किल है। लहरों के तेज टक्कर से मिट्टी का कटना होगा और इससे तटीय इलाका कट-कटकर समंदर में गिरेगा।

दुनिया की सबसे गर्म जगहें

भारत समेत दुनिया के कई देश इन दिनों गर्मी का सामना कर रहे हैं। भारत के कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। इसकी वजह से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इसी कड़ी में आज हम आपको दुनिया की पांच ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जहां इतनी भयानक गर्मी पड़ती है कि लोगों की जान भी जा सकती है। यह जगहें इतनी गर्म होती हैं कि यहां पर 10 मिनट में इंसान बीमार पड़ सकता है या कुछ घंटे में ही उसकी मौत हो सकती है।

सहारा रेगिस्तान, अफ्रीका

दुनिया की सबसे गर्म जगहों में अफ्रीका का सहारा रेगिस्तान भी शामिल है। इस जगह का औसत तापमान 35 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। पूरे साल यहां 100 मिलिमीटर से भी कम बारिश होती है, जो न के बराबर है। सहारा रेगिस्तान में अधिकतम तापमान 58 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जबकि सतह का तापमान 76 डिग्री सेल्यिस रिकॉर्ड किया गया है। सहरा दुनिया का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान है।

डेथ वैली, कैलिफोर्निया

कैलिफोर्निया की डेथ वैली दुनिया की सबसे अधिक गर्म जगहों में से एक है। 10 जुलाई 1913 में यहां पर अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड बना था। उस समय डेथ वैली के फरनेस क्रीक नामक स्थान पर अधिकतम तापमान 56.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। फिलहाल यहां पर 37 से 40 डिग्री के बीच तापमान दर्ज किया जाता है। यहां पर गर्मी की कई वजहें हैं जिनमें सूरज की गर्मी, घाटी में गर्म हवाओं का बाहर नहीं जा पाना और फंसकर घूमता रहना है। इसके साथ ही आसपास रेगिस्तान मौजूद हैं, जहां से गर्म हवाएं आती हैं। यहां के जलीय स्रोतों से ह्यूमिडिटी निकलती है, जिनकी वजहों से डेथ वैली में जानलेवा गर्मी पड़ती है।

फ्लेमिंग माउंटेन, चीन



चीन का फ्लेमिंग माउंटेन टकलामाकेन रेगिस्तान के उत्तरी इलाके में स्थित है। शिनजियांग प्रांत के तियान शान में स्थित लाल सैंडस्टोन्स की पहाड़ियों को फ्लेमिंग माउंटेंस या हुओयान माउंटेंस भी कहा जाता है। इस पहाड़ की लंबाई 100 किलोमीटर और चौड़ाई 5 से 10 किलोमीटर है। इस जगह गर्मी के दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। बताया जाता है कि साल 2008 में इस इलाके में 66.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड पहुंच था, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

ल अजीजिया, लीबिया

लीबिया के उत्तर-पश्चिम इलाके में स्थित जाफरा जिले में अजीजिया एक छोटा सा कस्बा है। इस इलाके में बहुत अधिक गर्मी पड़ती है। आमतौर पर यहां का उच्चतम तापमान 35 से 40 के बीच रहता है, लेकिन 13 सितंबर 1922 में 58 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था। लेकिन बाद में विश्व मौसम संगठन ने साल 2012 में इसको गलत बताया था, क्योंकि उस समय तापमान मापने की सुविधा इस इलाके में नहीं थी। हालांकि इस इलाके में गर्मी बहुत अधिक पड़ती है।

सोनोरन रेगिस्तान, अमेरिका

अमेरिका से उत्तरी मेक्सिको तक यह रेगिस्तान फैला है, जहां पर जानलेवा गर्मी पड़ती है। इसके साथ ही यहां कैक्टस के पौधे हैं जो बेहद खतरनाक हैं। यह रेगिस्तान एरिजोना प्रांत में स्थित है जहां कुछ दुर्लभ जगुआर देखने मिलते हैं। यहां का औसत तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जाता है।

इग्लैंड के इन दो गांवों में सबसे अधिक जीती हैं महिलाएं, जानिए क्या है इसके पीछे की वजह

दुनिया में कई अनोखी चीजें हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताएंगे, जिसके बारे में जानकर आपको यकीन नहीं होगा। हर किसी की चाहत होती है कि वह ज्यादा समय तक जिंदा रहे, लेकिन इस भागदौड़ भरी जिंदगी में कई वजहों से लोगों का यह सपना अधूरा रह जाता है। दुनिया में एक ऐसा गांव है जहां पर रहने वालों लोगों की उम्र अधिक होती है। यह पूरी तरह सच है। आईए जानते हैं इस अनोखी जगह के बारे में और इसके पीछे रहस्य क्या है...

हम इंग्लैंड के एक गांव की बात कर रहे हैं। यहां पर डेटलिंग और थर्नहैम केंट गावों में रहने वाले लोग अप्रत्याशित रूप से ज्यादा उम्र तक जीवित रहते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन दोनों गांवों की महिलाओं की औसत उम्र 95 साल है। यहां पर पुरुष के मुकाबले महिलाएं ज्यादा दिन जीवित रहती हैं। अगर पूरे ब्रिटेन की करें, तो यहां पर लोगों की औसत आयु 83 साल है।

इंग्लैंड के इन दोनों गांवों में महिलाएं की उम्र 12 साल अधिक होती है, तो यहां पर पुरुष कम से कम 86 वर्ष तक जीते हैं। जानकर यकीन नहीं हो रहा होगा, लेकिन इंग्लैंड के इस गांव के लोग सबसे ज्यादा समय तक जिंदा रहते हैं। इस गांव में पब्स और वर्कप्लेस पर स्मोकिंग करने पर रोक है। गांव के लोग इतने जागरुक हैं कि देशभर में यह प्रतिबंध लगाने के सात साल पहले ही यहां पर पब्स और वर्कप्लेस पर स्मोकिंग करना बैन हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेटलिंग गांव नॉर्थ डाउन्स के टीलों के पास मौजूद है। जहां पर करीब 800 लोगों की आबादी रहती है। इस गांव के कई लोगों का नाम ब्रिटेन के सबसे बुजुर्ग लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया है। इस गांव की महिलाओं की औसत उम्र 95 साल है, तो वहीं ब्रिटेन में लोगों की औसत उम्र सिर्फ 83 साल है। बताया जाता है कि इस गांव के लोग अपने स्वास्थ को लेकर काफी जागरुक हैं। अपने स्वास्थ्य का बेहतर तरीके से ध्यान रखते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस गांव में ही 8 डॉक्टर हैं। इसकी वजह से लोगों को आसानी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाती हैं। गांव में प्राकृतिक जलाशय है जिससे यहां के लोगों को पानी मिलता है। इसके चलते यहां पर साफ पानी की भी कोई समस्या नहीं है।

अमेरिका के पास हैं एलियंस और यूएफओ? पेंटागन ने किया बड़ा खुलासा

एलियन को लेकर अक्सर चर्चा होती है। दुनिया में कई ऐसे हैं जो एलियन और यूएफओ देखने के दावा करते हैं। अब इस बीच अमेरिका ने एलियन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका गुप्त रूप से एलियन टेक्नोलॉजी या एलियन जीवों को जनता से नहीं छिपा रहा है। पेंटागन ने ऑल डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस की तरफ से जांच के बाद निष्कर्षों को जारी किया। ऑल डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस की स्थापना साल 2022 में की गई थी। इसका उद्देश्य विषम, अज्ञात स्थान, हवाई और जलमग्न खतरों के बारे में पता लगाने और उन्हें कम करना है। पेंटागन की तरफ से पहले भी एलियन जीवन से जुड़ी रिपोर्ट जारी की जाती रही है। अमेरिका पर काफी लंबे समय से एलियन की जानकारी छिपाने के आरोप लगते हैं। आइए जानते हैं कि इस रिपोर्ट में अमेरिका ने क्या कहा है?

पेंटागन ने एलियन पर किया बड़ा खुलासा

पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में कहा एक कहानी बताई जाती है कि अमेरिका की सरकार ने कई एलियन एयरक्राफ्ट और अलौकिक जीवन के अवशेष की खोज की है। 1940 के दशक से इन कहानियों की शुरुआत हुई है। इसमें कहा जाता है कि अमेरिका ने जानकारियों को लोगों और कांग्रेस से छिपाकर रखा है। इस पर रिवर्स इंजीनियरिंग कर रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि टेलीविजन प्रोग्राम, किताबों, फिल्मों, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर मौजूद सामग्री लोगों में इनसे जुड़ी मान्यताओं को मजबूत किया है।

क्या अमेरिका के पास हैं एलियन?

जांचकर्ताओं को अमेरिका के सभी जरूरी संवेदनशील प्रोग्राम तक जाने की इजाजत दी थी। उनके द्वारा 1945 के बाद से सभी आधिकारिक सरकारी जांच प्रयासों की समीझा की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके कि अमेरिकी सरकार की जांच यूएफओ देखने या एलियन से संबंधित है। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने बताया कि जांचकर्ताओं को इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि आसमान में कोई अज्ञात चीजे मिली हों।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 1950 और 60 के दशक में यूएफओ देखने से जुड़ी रिपोर्ट में बढ़ोत्तरी हुई है। इसकी वजह नई नई टेक्नोलॉजी का विकास हो सकता है। दरअसल, इस दौरान जासूसी विमानों और अंतरिक्ष तकनीक को टेस्ट किया जा रहा था, जिसमें ऊंचाई वाले गुब्बारे शामिल थे। इनमें से एक 1947 में न्यू मैक्सिको के पास हादसे का शिकार हुआ। इसने यूएफओ की अटकलों को बढ़ावा मिला, लेकिन रिपोर्ट में डेटा की कमी और वीडियो फुटेज की खराब गुणवत्ता की भी बात कही गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

हिमाचल के तीनों निर्दलीय विधायक इस्तीफे के लिए खटखटाएंगे हाईकोर्ट का दरवाजा, फंसा पेच?

शिमला, एजेंसी।
हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफा स्वीकार किए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का रुख करेंगे। हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा, देहरा से होशियार सिंह और नालागढ़ से केएल ठाकुर इस्तीफा मंजूर नहीं होने पर मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। तीनों निर्दलीय विधायक 10 दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं। चूंकि स्पीकर ने अभी तक तीनों निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है, इसलिए तीनों अपना इस्तीफा मंजूर कराने के लिए हाईकोर्ट से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाएंगे। बीते 22 मार्च को तीनों ने इस्तीफा दिया था। बाद में तीनों विधायकों ने स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर के अपने इस्तीफों को स्वीकार किए जाने का व्यक्तिगत अनुरोध किया था। इसके बाद वे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भी मिले थे। अगले दिन तीनों 23 मार्च को तीनों निर्दलीय विधायक दिल्ली जाकर भाजपा में शामिल हो गए थे। निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने सोमवार को बताया कि इस्तीफा मंजूर नहीं होने पर मंगलवार को प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

बता दें कि तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र को लेकर सुक्खू सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों जगत सिंह नेगी एवं रोहित ठाकुर ने स्पीकर को शिकायत दी है। इस शिकायत में कहा गया है कि पांच साल के लिए चुन कर आए विधायक 15 माह में त्यागपत्र दे रहे हैं। लगता है कि इन पर कोई दबाव है। इस पर स्पीकर ने निर्दलीय विधायकों को नोटिस भेज कर उनसे 10 अप्रैल को अपना पक्ष रखने को कहा है। ऐसे में त्यागपत्र मंजूर नहीं होने से तीनों विधायक असमंजस में हैं।

वहीं इस मामले सूबे के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गेंद विधानसभा अध्यक्ष के पाले में डालते हुए उन्हें ही इसके लिए अधिकृत माना है। राज्यपाल का कहना है कि यह विधानसभा स्पीकर का अधिकार क्षेत्र है और इस मामले में वह हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं। इस्तीफा मंजूर न होने पर तीनों निर्दलीय विधायक दो दिन पहले विधानसभा परिसर में धरना देकर अपना विरोध जाहिर कर चुके हैं। निर्दलीय विधायकों का आरोप है कि स्पीकर सरकार के दवाब में काम कर रहे हैं।

तीनों निर्दलीय विधायकों ने स्पष्ट किया है कि इन्होंने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से अपने इस्तीफे दिए हैं और स्पीकर को ये तत्काल मंजूर कर लेने चाहिए। दरअसल, 27 फरवरी को हिमाचल की एकमात्र राज्यसभा सीट पर चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इससे पहले निर्दलीय विधायक राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे थे। वहीं शिमला पुलिस द्वारा प्रदेश सरकार गिराने का षड्यंत्र रचने और लेन-देन के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और कांग्रेस के बागी व गगरेट के अयोग्य करार दिए गए विधायक चैतन्य शर्मा के पिता व सेवानिवृत्त आईएएस राकेश शर्मा की अग्रिम जमानत 26 अप्रैल तक बढ़ गई है। सोमवार को हाईकोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। हालांकि हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देते वक्त स्पष्ट किया कि जब पुलिस राकेश शर्मा और आशीष शर्मा को जांच के लिए बुलाएगी तो उन्हें जांच में शामिल होना होगा। बीते 12 मार्च को हाईकोर्ट ने आरोपित बनाए गए इन दोनों को सशर्त अग्रिम जमानत दी थी। दरअसल एफआईआर में नामजद होने के बाद पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए इन्हें हिरासत में लिया जाना था। इससे बचने के लिए दोनों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। हाईकोर्ट ने दोनों को जांच में सहयोग देने के निर्देश दिए हैं। दोनों आरोपित बीते शनिवार को बालूगंज पुलिस स्टेशन में पेश हुए थे। इस दौरान पुलिस की एसआईटी ने दोनों से लगभग तीन घंटे तक पूछताछ की थी।

सचिन पायलट चाहते थे किरोड़ी लाल के भाई को मिले कांग्रेस का टिकट

दौसा , एजेंसी।
राजस्थान में दौसा लोकसभा सीट के टिकट को लेकर पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा- मुरारी लाल मीणा दौसा संसदीय सीट से चुनाव लड़ने से मना करते रहे, लेकिन हमने पहले ही उनका नाम प्रस्तावित कर भेज दिया था। बाद में सचिन पायलट ने भाजपा नेता और कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा के भाई जगमोहन मीणा का नाम भी सुझाया, लेकिन किसी कारण से उनकी कांग्रेस में ज्वाइनिंग रुक गई और मुरारी का ही नाम फाइनल हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जगमोहन को भी टिकट मिलता तो हमें कोई दिक्कत नहीं थी।

कांग्रेस कार्यकर्ता तो हाथ के निशान को देखकर काम करता है। लालसोट में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए परसादी ले यह खुलासा किया। प्रचार के दौरान लालसोट में एक सभा में पूर्व मंत्री परसादी लाल ने कहा कि हम सभी की इच्छा थी कि मुरारीलाल मीणा दौसा से लोकसभा चुनाव लड़ें। इसलिए सबने मिलकर 18 जनवरी को ही मुरारीलाल का नाम प्रस्तावित कर दिया था। उन्होंने कहा कि मुरारीलाल चुनाव लड़ने के लिए मना करते रहे, लेकिन हम सबने उनसे कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ना ही पड़ेगा।

किरोड़ीलाल के भाई को भी मिल सकता था टिकट: परसादी ने कहा कि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा के भाई जगमोहन को भी कांग्रेस से टिकट मिल सकता था। जब हाईकमान ने मुरारीलाल का नाम रोका तो, सचिन पायलट ने कहा- हम कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीना के भाई जगमोहन को भी टिकट दे सकते है। इस बारे में हमसे पूछा भी गया था। हमें भी इससे कोई ऐतराज नहीं था। लोकसभा क्षेत्र से पार्टी जिसे भी कांग्रेस का टिकट देती, हम उसी को वोट देते। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने खूब काम किए। सभी जगह विकास के काम हुए। हर गांव ने जो मांगा वो दिया। उसके बाद भी परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही और जिले की पांच में से 4 विधानसभा सीट हम हार गए। इसके लिए सभी को अपने विश्लेषण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मेडिकल का चिरंजीवी 1 अप्रैल से बंद हो जाएगा। फिर लोग दवाई भी खरीदेंगे, पैसे भी देंगे। उन्होंने कहा पूरे हिंदुस्तान में राजस्थान पहला प्रदेश था, जहां फ्री दवाई दी तो अशोक गहलोत ने दी थी। साथ ही 25 लाख का इलाज फ्री दिया था।

दिल्ली की मशहूर कचौड़ी की दुकान में जा घुसी तेज रफ्तार मर्सिडीज, चपेट में आए 5 लोग

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के सिविल लाइंस में एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार मशहूर कचौड़ी की दुकान में जा घुसी। इस दौरान कार की स्पीड इतनी तेज थी कि वहां मौजूद कुछ लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया जो काफी भयावह है। तेज रफ्तार मर्सिडीज अचानक कचोड़ी की दुकान में घुस गई और एक दीवार से टकरा गई। इस दौरान दुकान के अंदर मौजूद कर्मचारियों के साथ-साथ कुछ और लोग भी इसकी चपेट में आ गए। इसके बाद अन्य लोग तुरंत घायलों के बचाव के लिए दौड़े और गाड़ी को पीछे करवाकर घायलों को बाहर निकाला। इस घटना में पांच लोगों के घायल होने की खबर में है जिसमें महिलाएं भी शामिल है।

घटना 31 मार्च को सिविल लाइंस में फतेह चंद कचौड़ी वाले की बताई जा रही है जहां सफेद रंग की मर्सिडीज कार अचानक दुकान के अंदर घुस गई। इस दौरान दुकान के अंदर मौदूद लोगों के साथ आस पास कचोड़ी खा रहे लोग बी इसकी चपेट में आ गए। वहीं कार के ड्राइवर की पहचान 36 साल के पराग मैनी के तौर पर हुई है दो नोएडा सेक्टर 76 का रहने वाला बताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि पीएस सिविल लाइंस में मामला दर्ज किया गया है और कार के ड्राइवर पराग मैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और गाड़ी भी जब्त कर ली गई है। शुरुआती जांच के मुताबिक ड्राइवर शराब के नशे में नहीं था।

केजरीवाल नहीं दो मंत्रियों को रिपोर्ट करता था विजय नायर, सीएम ने ईडी को पूछताछ में बताया; भड़की आप

नई दिल्ली, एजेंसी।
कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि कथित शराब घोटाले का मुख्य आरोपी विजय नायर दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। यह बात ईडी को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बताई है। ईडी ने अदालत में अपने हिरासत आवेदन में कहा कि जब केजरीवाल के साथ मामले के मुख्य आरोपी विजय नायर की बातचीत और रिपोर्टिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। ईडी ने दावा किया है कि केजरीवाल को विजय नायर के व्हाट्सऐप चैट दिखाए गए हैं। चैट दिखाने पर केजरीवाल चुप्पी साध गए थे। यह पहली बार है कि दिल्ली सरकार में मंत्री दोनों नेताओं का नाम ईडी ने अदालत में लिया है। हालांकि, नायर ने पहले भी मुख्यमंत्री को रिपोर्ट ना करने की बात ईडी को अपने बयान में कही है। ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल किसी भी सवाल का सही जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्हें गोवा के हवाला फर्म से जब्त किए गए दस्तावेजों सीडीआर और कॉल रिकार्ड किए गए दस्तावेज दिखाए गए। उन्हें गोवा में आप के चुनाव अभियान पर काम करने वाले गवाहों के कई बयान भी दिखाए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने ईडी की ओर से दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम लिए जाने को लेकर निशाना साधा है। आप नेता जस्मीन शाह ने कहा कि ईडी ने जो जानकारी दी है वह कोर्ट के पास पहले से ही है। उन्होंने कहा कि जो मामला बीते डेढ़ साल से ईडी की जानकारी में था, उस मामले में आप नेताओं का अब नाम लेने का क्या मकसद है। वह सिर्फ आप नेताओं को जेल में डालना चाहते है। विजय नायर की ओर से दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों के नाम लेने के सवाल पर शाह ने कहा कि तथा कथित शराब मामले में जब विजय नायर को हिरासत में लिया गया था, उसी समय उन्होंने कहा था कि मैं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिपोर्ट नहीं करता। मैं आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता हूं। जो बयान पिछले डेढ़ साल से लिखित रूप में ईडी के पास था, उसको ईडी को आज कोर्ट में उठाने की जरूरत क्या थी।

पति को बिना वजह सेक्स से वंचित रखना और नपुंसक कहना क्रूरता, दिल्ली हाईकोर्ट ने तलाक को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की तलाक याचिका को मंजूर करते हुए कहा कि पत्नी द्वारा बिना वजह पति को दांपत्य सुख से वंचित रखना क्रूरता है। पत्नी एक दशक तक पति से अलग रहने की वजह बताने में असफल रही है। उसके दहेज प्रताड़ना के आरोप भी साबित नहीं हुए हैं। कानून की नजर में यह पति के साथ मानसिक प्रताड़ना है।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने पति को सार्वजनिक तौर पर नपुंसक कहने को भी क्रूरता माना है। बेंच ने कहा कि इस दंपती की मेडिकल रिपोर्ट से स्पष्ट है कि दोनों यौन संबंध बनाने में सक्षम हैं। यहां मुद्दा वैवाहिक संबंधों से बच्चे का जन्म ना होने को लेकर है। यदि किसी वजह से पत्नी गर्भधारण नहीं कर पा रही है तो इसे नपुंसकता नहीं कहा जा सकता। इस तरह पति को बदनाम करना उसके मानसिक स्वास्थ्य से खिलवाड़ है, जोकि क्रूरता की श्रेणी में आता है।

सुनवाई की दौरान बेंच ने पाया कि दंपती ने दो बार विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) इलाज कराया, लेकिन यह असफल रहा। बेंच ने कहा कि यह दंपती शादी के बाद महज दो साल तीन महीने साथ रहा। इस बीच दो बार आईवीएफ की प्रक्रिया से गुजरा। इससे साफ है कि दंपती जल्द बच्चा चाहते थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इनमें से कोई एक बच्चे के जन्म के लिए सक्षम नहीं था। डॉक्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ कमियां थीं, लेकिन इसमें पति की नपुंसकता जैसी कोई बात नहीं थी।

दंपती की शादी 3 जुलाई 2011 को हुई थी। दो साल तीन महीने साथ रहने के बाद पत्नी 16 अक्टूबर 2013 को ससुराल छोड़कर मायके चली गई थी। इसके बाद वह कभी लौटकर नहीं आई। बेंच ने माना कि पत्नी के पास पति से अलग रहने की कोई ठोस वजह नहीं थी। पत्नी के इस व्यवहार के कारण पति को दस साल तक दांपत्य सुख से वंचित रहना पड़ा। हालांकि, फैमिली कोर्ट ने वर्ष 2021 में पति की तलाक याचिका को खारिज कर दिया था। अब हाईकोर्ट की खंडपीठ ने फैमिली कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए पति की याचिका को मंजूर कर लिया है।

पत्नी ने वर्ष 2014 में पति और ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि, इससे पहले ही उसका पति फैमिली कोर्ट में तलाक याचिका दायर कर चुका था। बेंच ने माना कि दहेज का मुकदमा तलाक याचिका का काउंटर अटैक था, क्योंकि पत्नी ने हाईकोर्ट में अपने बयानों में माना कि दो बार आईवीएफ प्रक्रिया का सारा खर्च पति ने उठाया, जोकि करीब तीन लाख रुपये था।

केजरीवाल ने गीता और रामायण पहले पढ़ी होती तो शायद यह नौबत ही नहीं आती : अनिल विज

चंडीगढ़, एजेंसी।
हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी विधायक अनिल विज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि केजरीवाल ने यदि पवित्र ग्रंथ गीता व रामायण पहले पढ़ी होती तो शायद यह नौबत ही नहीं आती। विज ने कहा कि जिस तरह किसी न किसी का कोई आराध्य होता है, इसी तरह केजरीवाल के दिमाग में भी प्रधानमंत्री है और जेल में भी केजरीवाल प्रधानमंत्री बनने की ख्वाहिश छोड़ना नहीं चाहते।

गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल ने गीता, रामायण के अलावा प्रधानमंत्री तय करने की किताब की मांग की है। दिल्ली में हुई इंडी गठबंधन की रैली पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि जो बात इन्होने रैली के जरिये कही है यह बात अगर उनमें दम है तो अपने वकील के जरिए कोर्ट में कहे। उन्होंने कहा कि यह वो लोग है जो दोनों मुख्यमंत्रियों की पत्नियों को आगे करके भावनात्मक रूप से वोटों को प्रभावित करना चाहते है।

वहीं, कांग्रेस को दोबारा इन्कमटैक्स का दूसरा नोटिस मिलने पर विज ने कहा कि अगर कोई समय से रिटर्न नहीं भरेगा तो नोटिस आएगा। इनका बड़ा काम है तो बड़ी राशि का नोटिस आएगा जिसका छोटा काम है उसे छोटे नोटिस दिए जाते हैं। इसमें हाय तौबा करने की क्या जरूरत है।

उधर, हरियाणा में कांग्रेस द्वारा अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं करने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रत्याशी कहां है, यह तो चंद लोगों के बनाए हुए धड़े है और यह एक साथ बैठ नहीं सकते।

रेस्लर खली ने पूर्व मंत्री अनिल विज से मुलाकात की: वहीं, आज पूर्व मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर रेसलर ग्रेट खली ने मुलाक़ात की और उन्हें करनाल आने का न्यौता दिया। पत्रकारों से बात करते हुए ग्रेट खली ने बताया कि अनिल विज से उनके पारिवारिक रिश्ते है इसलिए उनसे मिलने आया हूं। साथ ही शनिवार को वे एक शो करवाते है उसमे भी पूर्व मंत्री अनिल विज को आने का न्यौता दिया है।

7 महीने में शादी के लिए 10 बार बेची गई किशोरी, जबरन देह व्यापार भी कराया; लड़की ने पुलिस को सुनाई आपबीती

नई दिल्ली, एजेंसी। सेक्स रैकेट चलाने में लिप्त गिरोह ने 17 साल की किशोरी को सात माह में शादी के लिए दस बार बेच दिया। इस दौरान किशोरी से जबरन देह व्यापार भी कराया गया। किसी तरह से किशोरी इनके चंगुल से छूट कर पुलिस तक पहुंची तब इस मामले का खुलासा हुआ। दिल्ली की शालीमार बाग थाना पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो, देह व्यापार, कराने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पीड़ित किशोरी की काउंसलिंग कराई जा रही है।

जांच से जुड़े पुलिस अधिकारी ने बताया कि 21 मार्च को पीड़िता ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दी थी। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। उसने बीते साल अप्रैल में विकास (परिवर्तित नाम) नाम के युवक से शादी की और मुकुंदपुर रहने के लिए आ गई, लेकिन विकास ने उसे धोखा दे दिया। जुलाई में बेरोजगार विकास उसे शालीमार बाग में रूबी आंटी के घर लाकर रहने लगा। इस बीच वह गर्भवती हो गई और विकास उसे छोड़कर चला गया। रूबी के बेटे साहिल ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे उसका गर्भपात हो गया।

संक्षिप्त समाचार

कुत्तों की 23 नस्लों पर प्रतिबंध के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केन्द्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर केन्द्र से रुख पूछा जिसमें आरोप लगाया गया है कि 23 नस्लों के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध मनमाना और संविधान का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने केन्द्र सरकार से एक पेशेवर कुत्ता प्रजनक डॉक्टर द्वारा दायर याचिका पर जवाब देने को कहा। याचिका में दावा किया गया कि यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया कि जिन नस्लों को प्रतिबंधित किया गया है वह नस्लें क्रूर थीं। मालूम हो कि पालतू कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच 12 मार्च को केन्द्र ने राज्यों को पिटबुल टेरियर्स, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर और मास्टिफ्स सहित क्रूर कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को जारी निर्देश लोगों को पालतू जानवरों के रूप में 23 नस्लों के कुत्तों को रखने से रोकते हैं। याचिका में कहा गया है कि परामर्श प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों को शामिल किए बिना निर्णय लिया गया। यह कुत्ते प्रशिक्षण के पेशे में शामिल व्यक्तियों के साथ भेदभाव करता है। याचिकाकर्ता नंबर 1 और याचिकाकर्ता नंबर 2 दोनों ही लागू अधिसूचना से सीधे प्रभावित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, क्योंकि यह उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ता आजीविका को खतरे में डालता है। याचिका में आगे कहा गया कि यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया है कि प्रतिबंधित नस्लें क्रूर थीं। उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि ऐसा कोई डेटा नहीं है जो इंगित करता हो कि इन कुत्तों ने ही आतंक फैलाया है, जिसके लिए उन पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। इसलिए 23 कुत्तों की नस्लों पर मनमाना और पूर्ण प्रतिबंध भारत के संविधान का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया है कि परामर्श प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों को शामिल किए बिना निर्णय लिया गया।

त्रिची-चेन्नई राजमार्ग पर बस और लॉरी की टक्कर, हादसे में 2 की मौत और 10 से अधिक घायल

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। त्रिची-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक बस और लॉरी की टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दस से अधिक लोग घायल हो गए। त्रिची सिटी पुलिस के मुताबिक, घायलों को इलाज के लिए त्रिची सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

मंगलुरु में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी, चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस; रिक्शा चालकों ने किया था आयोजन

मंगलुरु। चुनाव आयोग ने मंगलुरु के पास मुडुपी ग्राम पंचायत में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी करने के मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने इसके लिए मुख्य आयोजक को नोटिस भेजा है। 30 मार्च को इसका आयोजन राजमार्ग पर किया गया था। इसके चलते राजमार्ग लगभग चार घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। इससे राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आयोग ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए इसके मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को नोटिस भेजा है। इस कार्यक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान लिया। इस आयोजन को सांप्रदायिक सद्भाव की दिशा में एक साहसिक कदम बताया गया। दावा किया गया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। भेजे गए नोटिस में मुख्य आयोजक सिद्दीकी से यह बताने को कहा गया है कि तय किए गए मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं अशोक गहलोत; राजस्थान में कांग्रेस पर खूब बरसे अमित शाह

जयपुर, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि राजस्थान में कांग्रेस नेता अशोक गहलोत का एक ही लक्ष्य है कि अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना हैं। अमित शाह ने सोमवार को कहा कि इसी तरह सोनिया गांधी राहुल गांधी को, लालू प्रसाद, उद्धव ठाकरे एवं स्टालिन अपने बेटे को तथा ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे में ये नेता भारत के युवा की क्या सोचेंगे? युवा के बारे में तो पीएम मोदी और भाजपा सोचती है।
अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता लोकतंत्र को बचाने की बात कर रहे हैं लेकिन 12 लाख करोड़ के घोटाले करोगे तो जेल भी जाना पड़ेगा। साल 2014 के चुनाव के समय से ही भाजपा ने कहा था कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह जेल की सलाखों के पीछे जाएगा।

टेनिस : सुमित नागल ने हासिल की करियर की सर्वोच्च रैंकिंग

लंदन, एजेंसी। नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी। वह इस प्रतियोगिता में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे।

शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। नागल की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 97 थी। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी। वह इस प्रतियोगिता में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैंपियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले। इस दौरान हालांकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बंगलूरू चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा। नागल मौजूदा समय में मोरक्को के मराकेश में एक एटीपी 250 स्तर की प्रतियोगिता 'ग्रैंड प्रिक्स हसन दो' की तैयारी कर रहे हैं, जहां वह शुरुआती दौर में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से भिड़ेंगे।

रियान पराग की बल्लेबाजी देख पूर्व ऑलराउंडर बोले...

जल्द ही भारत के लिए खेल सकते हैं रियान पराग

मुंबई, एजेंसी। 2024 में इस समय टॉप स्कोरर राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग हैं। वे तीन मैचों में दो अर्धशतकों के साथ 181 रन बना चुके हैं। इतने ही रन विराट कोहली के भी हैं, लेकिन रियान पराग और उनके औसत और स्ट्राइक रेट में जमीन-आसमान का अंतर है। यहां तक कि जब रियान पराग ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 गेंदों में 54 रनों की नाबाद पारी खेली तो उन्होंने पहली 33 गेंदों में 30 रन बनाए थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रियान पराग किस तरह से प्रहार करते हैं।

पराग की इसी पारी को देखते हुए पूर्व ऑलराउंडर यूसुफ पठान ने भविष्यवाणी की है कि वे जल्द टीम इंडिया के लिए खेल सकते हैं। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर यूसुफ पठान ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रियान पराग की तूफानी अर्धशतकीय पारी को देखने के बाद एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, रियान पराग 2.0 को लगातार दो मैचों में अर्धशतक जड़ने के लिए बहुत-बहुत बधाई।

राजस्थान रॉयल्स को भी उसका समर्थन करने के लिए साधुवाद। ऐसा लगता है कि वह जल्द ही भारत के लिए खेल सकते हैं! यूसुफ पठान ने एक हैशटैग भी इस्तेमाल किया और लिखा है कि वे फ्यूचर स्टार हैं। रियान पराग को लंबे समय तक राजस्थान रॉयल्स ने बैक किया और अब उनको नंबर चार की जिम्मेदारी दी, जिस नंबर पर वे रन बना रहे हैं।

रियान पराग आईपीएल 2024 से पहले 50 से ज्यादा मैच इस लीग में खेल चुके थे, लेकिन 2019 में डेब्यू करने के बाद से ही वे 5 से 8वें नंबर तक खेले। उस दौरान उन्होंने सिर्फ 2 अर्धशतक जड़े, जबकि आईपीएल 2024 के तीन मैचों में वे दो अर्धशतक जड़ चुके हैं। पराग को इस सीजन नंबर चार पर भेजा जा रहा है, जिसका ऐलान कप्तान संजू सैमसन ने टीम के पहले ही मैच में कर दिया था कि रियान पराग नंबर चार पर खेलने वाले हैं।

उनका स्ट्राइक रेट भी आईपीएल करियर में 130 के आसपास था, लेकिन इस सीजन में उनका स्ट्राइक रेट 160 से ज्यादा का है। पराग को जून में श्रीलंका के दौरे पर टीम में जगह मिल सकती है।



हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई की हैट्रिक हार

मुंबई, एजेंसी। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के हार की हैट्रिक हो गई है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई को राजस्थान रॉयल्स ने 6 विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस की बैटिंग पूरी तरह फेल रहे और टीम पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तीन विकेट खोकर राजस्थान ने 16वें ओवर में मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

राजस्थान की यह सीजन में तीसरी जीत है और टीम टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। 10 टीमों में सिर्फ मुंबई इंडियंस का ही अब तक खाता नहीं खुला है।

राजस्थान के गेंदबाजों का दबदबा

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 11 जबकि बोल्ट ने 22 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया।

रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे।

ट्रेंट बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (0) और नमन धीर (0) को पवेलियन भेजा।

मुंबई को पहले ओवर के बाद ही नमन की जगह डेवाल्ड ब्रेविस (0) को इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतारना पड़ा लेकिन वह बोल्ट के दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर बर्गर को कैच दे बैठे। इशान ने बर्गर पर चौका जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे जिससे स्कोर चार विकेट पर 20 रन हो गया।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हुई भारतीय हॉकी टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार रात को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना हो गई है।

पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 6 अप्रैल से शुरू होगी, जिसके बाद 7, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होंगे, जिसमें प्रशंसकों को हॉकी प्रतिभा का रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया का दौरा भारतीय टीम के लिए अपनी तैयारियों का आकलन करने, अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और मैदान पर हर पल को यादगार बनाने के लिए तैयार है।

एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण के दौरान आखिरी बार अपनी ताकत दिखाने के बाद, हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने असाधारण कौशल और शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही भुवनेश्वर में चार में से तीन मैचों में जीत हासिल की और राउरकेला में अजेय क्रम बनाए रखा। इससे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उनकी ताकत का प्रदर्शन हुआ, जिससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला में उनके प्रदर्शन से काफी उम्मीदें जगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, जैसा कि हम ऑस्ट्रेलिया के इस महत्वपूर्ण दौरे पर जा रहे हैं, हम दृढ़ संकल्प और उत्साह से भरे हुए हैं। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के लिए हमारी ताकत और क्षेत्रों का आकलन करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रस्तुत करती है।

हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने और हर पल को महत्वपूर्ण बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस बीच, उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, यह दौरा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम ऑस्ट्रेलिया में मजबूत टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं।

हम अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। हमारा ध्यान मजबूत प्रदर्शन करने और अपने देश को गौरवान्वित करने पर है। भारत 6 अप्रैल को सीरीज के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

1 करोड़ है इनामी राशि

चंडीगढ़ ओपन 2024 गोल्फ टूर्नामेंट का होगा आयोजन

चंडीगढ़, एजेंसी। एक करोड़ की इनामी राशि वाला चंडीगढ़ ओपन 2024 गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में 3 - 6 अप्रैल तक खेला जाएगा।

दो अप्रैल को प्रो-एम इवेंट किया जाएगा। जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 3 अप्रैल से होगा। इसमें गगनजीत भुल्लर,एसएसपी चौरसिया,ओम प्रकाश चौहान,मनु गंडास,राहिल गंगजी,राशिद खान,वीर अहलावत,अभिनव लौहान,युवराज सिंह संधू, छिक्कारनगप्पा और करनदीप कोच्चर आदि अपना दम खम दिखाएंगे विदेशी गोल्फर्स में श्रीलंका के एन थंगाराजा और के प्रबागरन,बंग्लादेश के जमाल हुसैन और बबल हुसैन, एंडोरा के केविन स्टीव रिगेल,अमेरिका के वरुण चोपड़ा सहित पीजीटीआई क्वालिफाइंग स्कूल विजेता चिली के मितियास डोमिनगुऐज, नेपाल के सुभाष तमांग, ईटली के मिशेल ओरटोलानी और चेक गणराज्य के स्टीपन हिस्सा लेंगे। वहीं अमेच्योर में हरजय मिल्खा सिंह के साथ दो अन्य एमेच्योर खिलाड़ी अयान गुप्ता और राम सिंह मान चंडीगढ़ से हैं वह भी खेलेंगे। इस बारे में सोमवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन सोमवार को चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में किया गया।

इस मौके पर पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी, चंडीगढ़ गोल्फ कल्ब के अध्यक्ष रविबीर सिंह, जीव मिल्खा सिंह, पेशेवर गोल्फर गगनजीत सिंह भुल्लर और अभिनव लोहान शामिल रहे। दोनों इकट्ठा खेलेंगे - चंडीगढ़ ओपन 2024 गोल्फ टूर्नामेंट में शहर के रहने वाले गोल्फर जीव मिल्खा सिंह और उनके बेटे हरजय मिल्खा सिंह एक साथ खेलेंगे। जीव मिल्खा सिंह प्रोफेशनल केटागेरी औ उनका बेटा हरजय मिल्खा सिंह अमेच्योर केटागेरी में खेलेगा। टूर्नामेंट संबंधी प्रेस क्राफ्रेंस का अयोजन सोमवार को चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में किया गया। इस मौके पर जीव ने कहा कि बेटे के साथ खेलना हर पिता का सपना होता है।

मुझ इस दिन का कबसे इंतजार था। मेरे बेटे ने भी इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए काफी मेहनत की है जोकि उसके काम आने वाली है। जीव ने कहा बेटे के दादा दादी जहां भी होंगे उसको खेलते देख उनके चेहरे पर भी मुस्कान होगी। बेटे ने यूएस किड्स में बेहतर प्रदर्शन किया। जहां मैं उसका कैडी भी बना था।

18 महीनों के अंदर भारत डेब्यू... मयंक यादव पर हुई बड़ी भविष्यवाणी!

नईदिल्ली, एजेंसी। मयंक यादव ने इस आईपीएल में अब तक अपनी गेंदबाजी से सभी का दिल जीता है. उन्होंने 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ विस्फोटक डेब्यू किया. उन्होंने आईपीएल के इस सीजन की सबसे तेज गेंद 155.8 किमी/घंटा फेंकने का कारनामा भी किया.

अब इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को लगता है कि 21 साल के मयंक यादव क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में धमाल मचाने की क्षमता रखते हैं. स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि मयंक यादव जल्द ही भारतीय टीम में डेब्यू कर सकते हैं. ब्रॉड ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस बॉक्स पर बात करते हुए कहा, वह एक ऐसे गेंदबाज की तरह दिखते हैं जो तीनों फॉर्मेट खेल सकते हैं. सबसे पहले, भारत ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच खेलने जा रहा है. क्या वह वहां प्रदर्शन करने के लिए तैयार दिखते हैं?

बिल्कुल, ऐसा लगता है कि उसकी कलाई की पोजिशन अच्छी है. मुझे यकीन है कि वह लाल गेंद को भी स्विंग करा सकता है.

उन्होंने आगे कहा, उन्हें नेचुरल तरीके से डेवेलोप होने दें और अच्छा प्रदर्शन करते रहें. लेकिन मुझे लगता है कि हम उन्हें अगले 18 महीनों में भारत के लिए डेब्यू करते देखेंगे.

जसप्रीत बुमराह को मानते हैं आदर्श

आईपीएल वेबसाइट से बात करते हुए मयंक यादव ने कहा, ÷यह मेरा तीसरा सीजन है और मुझे अपने पहले सीजन में मौका नहीं मिला था. पिछले सीजन में मैं चोटिल हो गया था. गति मेरी स्वाभाविक चीज है. मेरा ध्यान हमेशा निरंतरता पर था.

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता महिला एथलीट से छेड़छाड़

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता महिला वेट लिफ्टर स्वाति सिंह से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. मामला लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र का है. महिला वेट लिफ्टर ने जब छेड़छाड़ का विरोध किया तो आरोपी युवक ने उनके साथ मारपीट की धारदार हथियार से उनपर हमला भी कर दिया. इससे महिला एथलीट गंभीर रूप से घायल हो गई. पुलिस ने मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में हाल ही में हुई एक घटना में, वेट लिफ्टर स्वाति सिंह और भाला फेंक खिलाड़ी शिवपाल सिंह बुरी तरह से घायल हो गए.

वोज्नियाकी, अनिसिमोवा जीतीं, वॉलिनेट्स ने 2024 का सबसे लंबा मैच जीता

चार्ल्सटन (अमेरिका), एजेंसी। पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया। वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फाइनल में से तीसरे में पहुंची थी।

वोज्नियाकी, जो 2019 में लोकंट्री में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में उपविजेता रही थीं, 2023 के मध्य में खेल में लौटने से पहले 2020 की शुरुआत में टेनिस से दूर हो गई थीं। दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही, कलिनिना टूर-स्तर पर चौथी सबसे लम्बी जीत 5-7, 7-5, 6-4 से हासिल करने में सफल रही। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा दूसरे दौर में वोज्नियाकी से जुड़ गईं। पूर्व चार्ल्सटन सेमीफाइनलिस्टों के बीच हुए मुकाबले में अनिसिमोवा ने सोमवार को फ्रांस की एलिजे कॉर्नेट को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-0 से हराया। अनिसिमोवा अब दूसरे दौर में अपनी साथी अमेरिकी और नंबर 1 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी। बाद में शाम को, 22 वर्षीय अमेरिकी क्वालीफायर केटी वॉलिनेट्स ने नीदरलैंड की 54वीं रैंकिंग वाली अरांटेक्सा रस को 6-2, 6-7(6-8), 7-6(8-6) से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। यह 3 घंटे और 43 मिनट की अवधि के साथ सीज़न का नया सबसे लंबा डब्ल्यूटीए टूर मैच था। यह मैच इस साल के पिछले सबसे लंबे मैच की तुलना में एक मिनट अधिक समय तक चला, जब अबू धाबी के दूसरे दौर में मैग्डा लिनेट पर बीट्रिज़ हद्दाद माइया ने 3 घंटे और 42 मिनट में जीत दर्ज की थी।

वोलिनेट्स अब दूसरे दौर में हमवतन एम्मा नवारो से भिड़ेंगी, जो 10वीं वरीयता प्राप्त हैं। घरेलू उम्मीद शेल्बी रोजर्स ने साथी अमेरिकी क्लेयर लियू पर 6-1, 6-1 की निर्णायक जीत के साथ रात के सत्र की शुरुआत की। अन्य विजेताओं में सोमवार को एकल में मैग्डा लिनेट और डारिया सैविले शामिल थे, जबकि मैडिसन कीज़ और टेलर टाउनसेंड ने युगल में नंबर 3 वरीयता प्राप्त मियू काटो और एल्डिला सुत्जियादी पर 6-1, 2-6, 10-7 से जीत हासिल की।

संक्षिप्त समाचार

महिला कॉलेज में वर्ल्ड अवेयरनेस डे पर गोष्ठी

आरा। महंत महादेवानंद महिला कॉलेज में वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे पर मनोविज्ञान विभाग में दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पोस्टर मेकिंग कंपटीशन भी हुआ। पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। काफी सुंदर और अर्थपूर्ण पोस्टर बनाएं जो पूर्णता ऑटिज्म पर आधारित थे। पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में समिधा और खुशी ने प्रथम स्थान, सुनिधि शालिनी एवं मनीषा ने द्वितीय स्थान और वसुंधरा और कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुप्रिया झा थीं। स्वागत विभागाध्यक्ष डॉक्टर सादिया हबीब, समापन डॉक्टर कंचन कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर फातिमा ने किया। मौके पर डॉक्टर सुप्रिया झा, डॉक्टर राजबाला, डॉक्टर रजनी नर्सरिया और डॉक्टर अमरेश कुमार सहित अन्य शामिल थे। कार्यक्रम के आयोजन में खुशबू और राधेश्याम का सहयोग भी रहा।

पार्थ का नासा की तरफ से संचालित परीक्षा में दूसरा स्थान

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी मुनमुन के भतीजे पार्थ ने नासा की तरफ से संचालित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। मुनमुन ने बताया कि नासा की तरफ से नासा पब्लिक एजुकेशन एंड आउट रीच प्रोग्राम में पार्थ ने ग्लोबल स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कई चरणों में संचालित परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर यह उपलब्धि उसे प्राप्त हुई। उनके पिता डॉ विनय कुमार बिहार सरकार में मेडिकल अफसर हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में देश-विदेश के कई अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

छात्रों का बीएससी नर्सिंग कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आरा। वर्मा कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल साइंसेज, अनाईठ, आरा, भोजपुर के छात्रों ने बीएससी नर्सिंग कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बीएससी नर्सिंग सेशन 2022-2026 के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गौरव कुमार 10 सीजीपीए, सुधा कुमारी 9.5 सीजीपीए एवं पीयूष कुमार सिं 9 सीजीपीए प्राप्त कर टॉप थ्री में जगह बना लिया। कॉलेज के चेयरमैन डीके सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने हर छात्र, छात्राओं को उत्साहित करते हुए कहा कि आप ऐसे ही मेहनत करते रहे तो एकदिल सफलता आपके कदमों में होगी और ऐसे ही आप अपने संस्थान तथा अपने मां और पिता का नाम देश विदेश में रौशन करते रहे। अच्छे मार्गदर्शक की जरूरत होती है जो हमारे शिक्षण संस्थान में शिक्षकों के रूप में मिले और हमें इस मुकाम तक पहुंचाया।

बालू लेकर निकल रहा था ट्रक, नहर किनारे पलटा, अनबैलेंस हो गया था वाहन

बक्सर। बक्सर के अकालुपुर गांव के पास नहर के रास्ते पर एक बालू से ओवरलोड ट्रक पलट गया। हालांकि कोई हताहत की सूचना नहीं है। रास्ते से गुजर रहे लोग इस एक्सीडेंट में बाल बाल बच गए। इस रास्ते वाहनों के परिचालन पर रोक के बावजूद अवैध बालू का कारोबार करने वाले इस रास्ते का उपयोग कर रहे हैं, जिसके कारण आए दिन पतली और ओवरलोड ट्रकों के परिचालन से सड़क जर्जर हो गई है। घटना डुमरांव थाना क्षेत्र के अकालुपुर गांव के पास डुमरांव राजवाहा मार्ग का है। रोक के बावजूद नहर के रास्ते ट्रक तथा अन्य भारी वाहनों का परिचालन धड़ल्ले से हो रहा है। ये ट्रक नासिरीगंज से बालू लोड कर के आ रहा था। इसी दौरान डुमरांव में नो इंट्री से बचने के लिए वह खलवा इनार के पास से ही डुमरांव राजवाहा मार्ग से बड़का ढकाईच निकलना चाहा, लेकिन जैसे ही वह अकालुपुर गांव के पास बनी पुलिया के पास पहुंचा कि अनियंत्रित हो पलट गया। बता दें कि पूर्व में इस पथ पर नोनियाडेरा के पास ट्रक की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई थी। नहर के रास्ते ट्रक के परिचालन पर रोक लगाई गई थी। दोनों राजवाहा मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए कई जगहों पर बैरियर भी लगाया गया था। बावजूद ट्रक चालक इसे ताक पर रख इस पथ से ट्रकों का परिचालन करते है।इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

ब्रमहपुर प्रखंड के क्षेत्रों में 5 घंटे कटेगी लाइट, गेहूं कटाई तक प्रतिदिन रहेगी समस्या, आग लगने से बचने के कर रहे उपाय

बक्सर। बक्सर के ब्रह्मपुर प्रखंड के ग्रामीणों क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। यह सिलसिला तब तक चलेगा जब तक कि क्षेत्र में खेत में खड़ी गेंहू की फसलों को काट कर किसान अपने घर नहीं ले जाते। किसानों की गेहूं की फसल पूरी तरह से पक कर तैयार हो चुकी है। गेहूं कटाई का सीजन शुरू हो चुका है। इसके चलते बिजली कम्पनी ने दिन में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है। ताकि गेहूं की फसल में होने वाली आगजनी की घटनाएं रोकी जा सके। कड़ी धूप के साथ क्षेत्र में तेजी से गरम हवा चल रही है। क्षेत्र में कई खेत ऐसे हैं, जिनके ऊपर से बिजली के हाईटेंशन तार गुजर रहे हैं। ये तार बहुत ढीले हैं। तेज हवा चलने से तार आपस में टकराते रहते हैं। इनके टकराने से चिंगारी उत्पन्न होती है। कई बार किसी पक्षी के तार से टकराने व तार पर बैठने से भी चिंगारी उत्पन्न हो सकती है। जिससे इनके नीचे खड़ी फसल में आग लगने की संभावना बनी रहती है। इस स्थिति को देखते हुए ही बिजली कम्पनी ने यह व्यवस्था की है। अब सुबह 10बजे से शाम 3 बजे तक बिजली आपूर्ति गांवों के लिए बाधित रहेगी। साथ ही खेतों के लिए भी दिन के समय में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।, उसके भी समय में परिवर्तन किया गया है। कृषि के लिए बिजली अब शाम छह बजे से लेकर रात 2 बजे तक दी जाएगी। बिजली कंपनी रघुनाथपुर के कनीय अभियंता दयाशंकर राम ने बताया कि गेहूं की फसल खेतों में पक कर तैयार हो चुकी है। जिसकी कटाई भी शुरू हो गई है। हर साल गेहूं की फसल में आगजनी की घटनाएं देखने को मिलती हैं, जिससे किसानों की मेहनत कुछ ही समय में राख हो सकती है। इसी कारण बिजली कम्पनी जब तक कटाई का सीजन चलेगा तब तक दिन में बिजली बंद करने का निर्णय किया है।जबकि शहरी क्षेत्र में बिजली सुचारू रूप से चलेगी।



बिना नंबर प्लेट-रजिस्ट्रेशन की गाड़ियां शोरूम से बाहर नहीं निकलेंगी

बक्सर में भी चल रहा अभियान, सड़कों पर वाहन दौड़ते दिखे तो होगी कड़ी कार्रवाई

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता का पालन कराने को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को परिवहन सचिव के निर्देश को लेकर अब जिले में शो रूम के बाहर बिना रजिस्ट्रेशन और बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां बाहर दौड़ती नजर आई तो करवाई की जाएगी। राज्य में लगे आचार संहिता और कानून व्यवस्था का पालन के मद्देनजर बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर सख्ती बरतने को लेकर जिलों के जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को इसके पालन को ले निर्देश दिया गया है। इसकी जानकारी जन सूचना पदाधिकारी ने देते हुए बताया कि अपराधी भी बिना नंबर की गाड़ियों का उपयोग करते हैं। बिना नंबर की गाड़ी शो रूम से निकलने पर संबंधित कंपनी के डीलर पर जुर्माना लगाया जायेगा। साथ ही संबंधित डीलर का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की भी करवाई हो सकती है। वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की जवाबदेही संबंधित कंपनी और डीलर की है। साथ ही बताया गया कि परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कार्रवाई के लिए सभी जिला परिवहन पदाधिकारी और एमवीआई को निर्देश दिया है। बिना निबंधन और बिना एचएसआरपी लगाए वाहन शो रूम से निकालने पर संबंधित वाहन मालिक पर भी कार्रवाई होगी। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सड़कों पर बिना नंबर की चलने वाली गाड़ियों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा एवं वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। मोटर अधिनियम 2019 की धारा 41 की उपधारा 6 में प्रावधान है कि जिस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया गया है तो डीलर वह वाहन स्वामी को तब तक नहीं दे सकता है, जब तक उस पर हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट और नंबर नहीं हो। ऐसा नहीं होने पर डीलर पर 192 बी के तहत जुर्माना लगेगा। वहीं धारा 192 के तहत वाहन मालिक पर कार्रवाई की जाएगी।

5 अप्रैल से होगी पार्ट थर्ड की परीक्षा

निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह विवि ने लिया निर्णय

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2021-24 की परीक्षा का की तिथि घोषित कर दिया है। पार्ट थर्ड की परीक्षा 5 अप्रैल से शुरू होगी। वैसे कॉलेज जिनका जिला प्रशासन द्वारा चुनाव को लेकर अधिग्रहण किया गया है। उस कॉलेज में पार्ट थर्ड की परीक्षा नहीं होगी। उन्हें केंद्र की लिस्ट से हटाने का निर्णय लिया गया है। उनकी जगह पर दूसरे कॉलेज को पार्ट थर्ड परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। इधर, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर अनवर इमाम ने बताया कि पांच कॉलेजों के विद्यार्थियों का केंद्र बदल दिया गया है। अब परीक्षार्थी अपने परिवर्तित केंद्र पर ही परीक्षा देंगे। बता दे की एचडी जैन कॉलेज के कला, विज्ञान और बीबीए के विद्यार्थियों का केंद्र महाराजा कॉलेज से हटाकर डॉ अरविंद टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज, दुलारपुर को बनाया गया है। वहीं धरीक्षण शांति मीरा डिग्री कॉलेज कुलड़िया के विद्यार्थियों का केंद्र सिद्धनाथ डिग्री कॉलेज कुलहड़िया अल हफीज से बदलकर आरएसएम डिग्री कॉलेज, संतपुर धनुपरा, बीएसएस कॉलेज बचरी पीरो का केंद्र एमजी कॉलेज लहराबाद से बदलकर माता मंझारो अजब दयाल सिंह कॉलेज, जगदीशपुर एसएसएम कॉलेज पनवारी का केंद्र बीएसएस कॉलेज, बचरी से हटाकर एमजी कॉलेज लहराहाबाद और एमजी कॉलेज लहराबाद का केंद्र बीएसएस कॉलेज से हटाकर एसएसएम कॉलेज, पनवारी को बनाया गया है।

रामपुर में 13 बीघा गेहूँ की फसल जलकर राख

निज संवाददाता। बक्सर

अग्निशमन और ग्रामीणों की मदद से पाया गया काबू, 7 किसानों का नुकसान

बक्सर के रामपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को गेहूँ की फसल में आग लग गई। इससे गांव के 7 किसानों के 13 बीघा में मौजूद फसल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल सका है।घटना के बाद अग्निशमन की दो छोटी वाहनों और आसपास के किसानों की मदद से एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। रामपुर गांव के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सूर्य प्रताप ने बताया कि आग लगने से मुटूर पाल का तीन बीघा, सूरज सिंह का तीन बीघा, विक्रमा राजभर का एक बीघा, सुरेश सिंह का ढाई बीघा, शशिकांत सिंह का एक बीघा, कन्हैया सिंह का दो बीघा और शिव मुनि सिंह का दो बीघा में लगी फसल जल गई। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सूचना पर दो अग्निशमन की गाड़ियों को भेजा गया था।फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इसके अलावा कारण का पता लगाया जा रहा है।

साइकिल सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत, मोहनिया स्टेट हाइवे जाम होने से बचा

पुलिस ने लोगों को समझा कर करा लिया शांत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के तिवाय गांव में ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना राजपुर थाना क्षेत्र स्थित बक्सर मोहनिया स्टेट हाइवे की है।

घटना से आक्रोशित ग्रामीण मुख्य सड़क को जाम करने वाले थे, लेकिन सूचना पर बिना देर किए पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज उनको शांत करा दिया। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के मुआवजे की मांग की है। राजपुर थाना प्रभारी ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा मिलेगा। मृत युवक गांव के ही ईंट भट्टा पर मजदूरी करता था। राजपुर थाना क्षेत्र के तिवाय गांव निवासी उमेश बैठा का 18 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार घर से साइकिल लेकर रामपुर की तरफ जाने के लिए निकला था। मंगलवार की सुबह गांव से जैसे ही बक्सर मोहनिया स्टेट हाइवे पर पहुंचा वैसे ही तिवाय गांव स्थित चिमनी के पास तेज रफ्तार में आ रही डम्फर (ट्रक) ने जोरदार टक्कर मार दी। युवक उछलते हुए सड़क पर दूर जा गिरा और उसकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार होने में सफल रहे। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक चालक की गिरफ्तारी और मृत युवक के परिजनों को मुआवजा की मांग करने लगे। राजपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया गया है।

आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, 1 की मौत, अनियंत्रित होकर सवारी से भारी ऑटो पलटी

निज संवाददाता। आरा

दंपती समेत 4 घायल, मुआवजे की मांग की

आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर जिले के सहार थाना क्षेत्र के ननौर गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास सोमवार की शाम अनियंत्रित होकर सवारी से भरी ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दंपती और ऑटो चालक समेत चार लोग घायल हो गए। इसके बाद घायलों का इलाज सहार रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं, घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के रामसाढ़ गांव निवासी त्रिलोकी राम का बेटा बृज कुमार राम(40) है। वह पेशे से मजदूर था। जबकि घायलों में उसी गांव के निवासी सुनील कुमार, उसकी पत्नी नीतू देवी, बैजनाथ यादव और ऑटो चालक शामिल है। वहीं, दूसरी ओर घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण और परिजनों का आक्रोश भड़क उठा। इसके बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा ननौर गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास मुआवजे की मांग को लेकर शव को सड़क के बीचों-बीच रख सड़क जाम कर दिया गया।

करीब 2 घंटे तक उनके द्वारा सड़क जाम रखा गया। इसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। आवागमन पूरी तरह ठप रहा। उधर, सड़क जाम और घटना की सूचना पाकर सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को समझा बुझाकर जाम को हटवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया है। इधर, मृतक के छोटे भाई मुन्ना राम ने बताया कि वह अपने परिवार के लोग सुनील कुमार, उसकी पत्नी नीतू देवी, बैजनाथ यादव के साथ अरवल जिला के अरवल गांव अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी दौरान ननौर गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास उनकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें उनके बड़े भाई बृज कुमार राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनके परिवार के सुनील कुमार, उसकी पत्नी नीतू देवी, बैजनाथ यादव और ऑटो चालक घायल हो गया। जिनका इलाज शाहपुर रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उन्हें मिली।

सूचना पाकर फौरन परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और दो बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी उषा देवी और 2 बेटा गोपाल और प्रिंस है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी उषा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सोन नदी मे डूबने से यूपी निवासी युवक की मौत

उत्तर प्रदेश से बालू लोड करने आया था आरा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के बालू घाट स्थित सोन नदी में सोमवार को डूबने से यूपी निवासी एक ट्रक खलासी मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के कुबेर स्थान खाना क्षेत्र के अंधार बाड़ी गांव निवासी मो.मुस्तकीम अंसारी बेटा मो.इरफान (17) अंसारी है। वह ट्रक खलासी था एवं इसके साथ ही वह नौवीं कक्षा में पढ़ता भी था। इधर, मृतक के साथ रहे ट्रक ड्राइवर सूरज सिंह ने बताया कि वह अपने गांव से ट्रक पर बालू लोड करने के लिए निकाला था। जब वह चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव स्थित बालू घाट पर बालू लोड कर रहा था। तभी वह साथी ट्रक चालकों के साथ बालू घाट स्थित सोन नदी किनारे नहाने चला गया। जहां नहाने के दौरान वह डूब गया। इसके बाद वह मौजूद लोगों द्वारा उसे पानी से बाहर निकाला गया। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां हलीमा खातून और दो भाई इरशाद आलम, इजहार आलम एवं एक बहन शबाना खातून है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां हलीमा खातून एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भोजपुर में करंट की चपेट में आई महिला, मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के डिहरी गांव में सोमवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से कपड़ा धो रही एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर परिवार वालों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। मृत महिला संदेश थाना क्षेत्र के डिहरी गांव निवासी जितेंद्र यादव की पत्नी कमलावती देवी(32) है। इधर, मृत महिला के पति जितेंद्र यादव ने बताया कि घर के बच्चे पढ़ने गए थे। मैं अपने काम से बाहर गया था। घर की महिलाएं अपना-अपना काम कर रही थी। इसी बीच मेरी पत्नी कमलावती देवी आंगन में कपड़ा धो रही थी। तभी हैंडपंप में लगा अर्थिंग की चपेट में महिला आ गई और बुरी तरह झुलस गई। घटना के तुरंत बाद ही मेरी मां ने पत्नी को आंगन में छटपटाता हुआ देखा तो चीखने चिल्लाने लगी। हल्ला सुनकर घर के लोग जब अर्थिंग से उसे हटा रहे थे, तभी दो-तीन लोग उसी अर्थिंग के चपेट में आ गए। काफी मशक्कत के बाद तार को तोड़ा गया और आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस गांव लेकर चले गए हैं। मृत महिला की तीन बेटी अंजन कुमारी, खुशबू कुमारी और सुगंधा कुमारी है। इस घटना के बाद घर में चीत्कार मच गया।

फाइनेंसकर्मी मुकेश हत्याकांड मामला: पिता ने चार के खिलाफ कराया केस दर्ज, लाइनर के मदद से दिया गया वारदात को अंजाम

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र सारंगपुर स्टेट बोरिंग के समीप रविवार के देर शाम हुए फाइनेंस कमी मुकेश की हत्या के मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। इसे लेकर मृतक के पिता शंकर सिंह ने कर के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है। पूर्व दुश्मनी को लेकर हत्या की आशंका जताया है। प्राथमिक के बाद एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। गठित टीम अपराधी तक पहुंचाने के लिए सीसीटीवी फुटेज के अलावा तकनीकी सूत्र एवं वैज्ञानिक अनुसंधान की मदद ले रही है। हत्या को लेकर पटना से आई एफ एस एल की टीम ने घटनास्थल से मिट्टी समेत खून का नमूना समेत महत्वपूर्ण साक्ष जब्त किए हैं। मृतक के मोबाइल का खंगाला जा रहा है। इधर,एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में या बात सामने आ रही है कि मुकेश की हत्या प्लानिंग के तहत हुई है। इस हत्या के पीछे लाइनर की अहम भूमिका है। मुकेश अलग-अलग समय पर ऑफिस से निकलकर घर जाता था।हत्या के दिन मुकेश अपने समय से काफी लेट था, इसी बीच लाइनर ने इसका एग्जैक्ट लोकेशन हत्यारों को बताते रहा है। लाइनर की भी तलाश की जा रही है। मृत युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेल डुमरा गांव निवासी शंकर सिंह के 23 वर्ष से पुत्र मुकेश कुमार सिंह है। अपराधी तीन की संख्या में थे जो सफेद रंग की अपाचे बाइक से थे। चेहरे पर नकाब लगाए थे। घटना स्थल से एक मोबाइल में मिला है। मुकेश सिंह आरा शहर के कटरा स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम करते थे। रविवार की शाम ऑफिस बंद होने के बाद बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे कि सहारनपुर स्टेट बोरिंग के समीप तीन-चार की संख्या में रहे अपराधियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया था और फरार हो गए थे। इधर पिता ने बताया था कि 1 साल पहले सैदपुर समेत अलग-अलग गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। एसपी ने कहा है कि जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उसे कड़ी सजा दिलाने काम करेंगे ।